राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

वर्ष : 11 | अंक : 284 | पटना, सोमवार, 26 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

आधुनिक और तेज रेलवे

मोदी सरकार की गारंटी



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ₹41 हजार करोड़ की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण

बिहार में

33 स्टेशनों का पुनर्विकास

- बरौनी
- सिवान
- मुंगेर (मोंगहिर)
- थावे
- सबौर
- अररिया कोर्ट
- शिवनारायणपुर
- दौरम मधेपुरा
- डेहरी ऑन सोन
- गुरारू
- काढ़ागोला रोड
- चौसा
- लहेरियासराय
- बांका
- सिमरी बख्तियारपुर
- सुपौल
- नवादा
- रक्सौल
- मोतीपुर
- लक्खीसराय जं
- मशरख
- रफी गंज
- मैरवा
- पीरो
- बिक्रमगंज
- लाभा
- जनकपुर रोड
- चकिया
- नबी नगर रोड
- घोड़ासहन
- सालमारी
- एकमा
- शाहपुर पटोरी

- सिटी सेंटर के रूप में पुनर्विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बहु-स्तरीय पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन क्षेत्र सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेंगे

एवं

72 रोड ओवर ब्रिज / अंडरपास का निर्माण

- सड़क एवं रेल यातायात का बाधा रहित आवागमन
- स्थानीय निवासियों को रेल लाइन के दोनो तरफ आने जाने की सुरक्षित व सुगम सुविधा
- यातायात समय में आएगी कमी

नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के द्वारा

26 फरवरी, 2024 | प्रातः 11:00 बजे से

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

रावसाहेब पाटिल दानवे
केन्द्रीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री

दर्शना जरदोश
केन्द्रीय रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

संक्षिप्त खबरें

शब ए बरात पर की इबादत

पटना सिटीःशबे बरात पर रविवार की सायं मजारों, कब्रिस्तान पर लोगों ने अपने बिछड़े पुरखों की इबादत की। सोमवार को अकीदतमंद रोजा रखेंगे। दरगाह बाबुल हवायच चमडोरिया के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी की देखरेख इबादत किया गया। खानकाहे वारगाहे इश्क तकियाशरीफ, मितन घाट में सज्जादानशीं सैयद शाह आमिर शाहिद, मालसलामी के नुरुद्दीनगंज स्थित खानकाहे फैयाजिया के गद्दीनशीं सैयद शाह गुलाम हुसैन फैयाजी की देखरेख में धार्मिक आयोजन हुआ। इस दौरान तकरीर भी हुई। खानकाहे मुनएमिया, मितन घाट दरगाह शरीफ के सज्जादानशीं सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी कहते हैं कि इस्लामी दर्शन में क्षमा मांगने की रात शबे बरात अर्थात बराहत यानी की नजात व मोक्ष प्राप्ति की रात है। गुलजारबाग, पातो की बाग, दादर मंडी, कुम्हरार, धुनकी मोड़, अगमकुआं, सुल्तानगंज, दरगाह, लोदीकटरा, खाजेकलां, बटाऊकुआं, सिमली, आलमगंज के साथ दर्जनों स्थान पर स्थित कब्रिस्तान व मजारों के साथ खानकाहों में जुटे अकीदतमंदों ने इबादत कर दुआ मांगी। कपड़े व फूलों के चादर मजार पर चढ़ाए मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाने के बाद फातिहा किया और अकीदत की। शबे बरात को लेकर मस्जिदों में अशोजित जलसा फजाइल में मौलाना की तकरीर भी हुई। इस दौरान आतिशबाजी का दौर भी जारी रहा वहीं अधिकांश मस्जिदों खान का बा इमामबाड़ा में अल्लाहताला की इबादत की गई।

धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि नरहरी सोनार की जयंती

हाजीपुर। रामायण के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी के गुरु एवं स्वर्णकार परिवार के जनक संत शिरोमणि नरहरी सोनार जी महाराज की जयंती बहुत ही धूमधाम से हाजीपुर स्थित स्वर्णकार कार्यालय पर मनाया गया जिसमें हाजीपुर शहर के स्वर्णकारों ने विधिवत पूजा पाठ कर पुष्प अर्पण कर भगवान संत शिरोमणि नरहरि जी महाराज का पूजन किया इस पूजन उत्सव में स्वर्णकार समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री कृष्ण भगवान सोनी हाजीपुर नगर अध्यक्ष श्री श्याम प्रसाद सोनी श्री रवि रंजन जी श्री गुड्डू जी श्री मनोज कुमार शाह जी श्री कैलाश कुमार सोनी जी श्री अजीत कुमार सोनी जी तथा बहुत संख्या में स्वर्णकार ने उपस्थिति दर्ज की पूजन के बाद स्वर्णकारों ने एक छोटी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बाबा नरहरी महाराज जी के पद चिन्ह पर चलने के सभी ने एकमत से निर्णय लिया साथ साथ स्वर्णकार एकजुट रहने का संकल्प एवं वर्तमान परिस्थिति में स्वर्णकारों के साथ हो रही लूटपाट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं के लिए एकजुट होकर विरोध करने का संकल्प किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री मनोज कुमार गुप्ता ने की एवं संचालन श्री राजीव रंजन जी ने की।

भारतीय सूढ़ी उत्थान संगठन पटना बिहार का बैठक आयोजित

पटना। भारतीय सूढ़ी उत्थान संगठन पटना बिहार विनोद शौण्डिक अध्यक्ष के आवास पर बैठक किया गया जिसके मुख्य उद्देश्य सूढ़ी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में लाने हेतु लोगो ने कहा कि समय रहते हमारे समाज के निचले वर्गों लाभ नहीं मिलने के कारण लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरक्षण नहीं होने के कारण एक एक विद्यार्थी ही सम्मान रहता है अपार मेहनत करने के बाद जब असफलता हाथ लगती है तो दिल पर क्या बीतता है, इस बैठक में आए हुए लोग महासचिव दिलीप कुमार, डॉ अविनाश प्रसाद, महेंद्र, राजेश कुमार, राजा गुप्ता, मिथलेश, प्रमोद कुमार, नवीन, राकेश, सुनील कुमार, दीपक शौण्डिक, रवि शंकर इत्यादि लोग इस बैठक में मौजूद थे।

टुनटुन यादव ने शब-ए-बरात पर किया चादरपोशी

फतुहा। शहर के दरियापुर कटैया घाट स्थित पीर वतन शाह बाबा के मजार पर शब-ए-बारात के अवसर पर फतुहा नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव एवं उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव ने चादरपोशी किया। वहीं मौके मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने इबादत कर शहर में अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। वहीं मौके पर शब-ए-बारात का तबर्रुक भी वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवी सुधीर कुमार, जामा मस्जिद रसूलपुर के इमाम मौलाना अफजल हुसैन नूरी, मो0 अमजद रजा, मो0 सरफराज, मो0 खुर्शीद, मो0 फारूक, मो0 फिरोज, अरशद रहमान, मो0अमन हुसैन, मो0 फिरदोश, इमरान, इरफान, शहजाद, अफरोज, मो0 फैयाज अहमद, सोनू, शारदा देवी, संजीत कुमार, छोटू यादव, श्रवण, रिजवान, वली अहमद, मुमताज, मो. राजू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

रंगदारी के लिए शीशा कारोबारी पर फायरिंग, बाल-बाल बचा, 4 खोखा बरामद

खाजेकलां थाना के कंघैया टोला का मामला सीसीटीवी में कैद, तकनीकी सेल पहुंच किया जांच

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के कंघैया टोला के होला साहेब के फाटक मुहल्ला में रविवार को पैदल दो की संख्या में रहे अपराधियों ने शीशा कारोबारी मो चांद पर फायरिंग किया। गोलीबारी की घटना उस समय हुई, जब कारोबारी कारखाना के बाहर कुर्सी पर बैठ धूप सेंक रहा था। उस समय कारखाना में दो कारीगर काम कर रहे थे। इसी बीच पहले एक अपराधी कारोबारी के बगल से गुजरते आगे उत्तर की ओर बढ़ा। सुदर्शन पथ से दूसरा अपराधी पैदल ही धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। इसके बाद वह अचानक से रुक गया। कारोबारी मो चांद के शक हुआ। जैसे ही वह तेज कदम बढ़ाते हुए उसकी ओर आने लगा, तब चांद खड़ा हो गया। इसी पर मास्क लगाए वह अपराधी पिस्तौल निकाल कर गाली देते हुए रुकने को कहा और गोली चलाना शुरू कर दिया। इस दौरान शीशा कारोबारी मो चांद तेजी से रोड पार करते हुए कारखाना के अंदर घुस गया। उसने बताया कि करीब पांच-छह राउंड गोली चलने की आवाज सुनाई दी। अंदर आने के साथ ही उसने अपने दो कारीगरों के साथ शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों बदमाश दौड़ते हुए सुदर्शन पथ की ओर भाग निकले। गोली की आवाज और हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुट गए। सभी सुदर्शन पथ की ओर दौड़ कर दोनों अपराधी को खदेड़े, तब तक दोनों भाग चुके थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर एएसपी शरथ आरएस व थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना अन्य पुलिस पदाधिकारियों व बल के साथ मौके पर पहुंचे। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि चांद और अभिषेक नामक अपराधियों के द्वारा जनवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह से ही लगातार मोबाइल पर कॉल, व्हाट्सएप कॉल व चैटिंग से रंगदारी की मांग कर रहा था। पहले उसने 20 लाख की मांग रखी। जब उसने इतनी राशि देने से इनकार किया, तब 10 लाख पर आ गया। उसने कहा कि तुमको हमारी शक्ति का एहसास नहीं है, सोनू उर्फ बैगनवा की हत्या उसने ही किया था। कारोबारी का कहना है कि चांद संभवतः फुलवारी का रहने वाला है, जबकि अभिषेक के मामा पक्की गोरैया में रहता है। अभिषेक भी उसी के आसपास रहता है। उसी का दो आदमी रविवार को पूर्वाह्न करीब 10.30 से 11 के बीच गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। इसमें वह बाल-बाल बच गया। दरअसल कारोबारी को दोनों अपराधियों ने दो तरफ से घेर रखा था।

एक उत्तर की ओर उसके कारखाने से आगे की ओर बढ़ गया था, जबकि दूसरा सुदर्शन पथ की ओर से आया। यदि कारोबारी उत्तर की ओर भागता, तो उधर खड़े अपराधी उसे गोली मारता। यह तो उसने विवेक से काम लिया और सीधे कारखाने में दौड़ गया। उसने बताया कि वह अपने कारीगरों को कह रखा था कि यदि कोई भी घटना उसके साथ होती है, तो शोर मचाना और रविवार को घटना होने पर ऐसा ही किया भी गया। एएसपी कहा कि शीशा कारोबारी से जब रंगदारी की मांग की जा रही थी और नहीं देने पर उसे धमकी दी जा रही थी। मगर उनके द्वारा कभी भी पुलिस को सूचना नहीं दी गई। गोलीबारी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। मो चांद ने बताया कि करीब छह माह पूर्व उसके कारखाने में ताला तोड़ चोरी का प्रयास भी किया गया था। हालांकि तब चोरों ने नकद राशि कुछ नहीं मिलने के कारण कोई सामान चोरी नहीं कर पाया था। उस समय भी थाना को सूचित नहीं किया गया था। इसी के बाद लोगों की सलाह पर उसने सीसीटीवी लगाया था, जो अपराधियों के द्वारा गोलीबारी किए जाने पर पूरी घटना उसमें कैद हो गई है। लोगों ने बताया कि शीशा कारोबारी जमीन की खरीद-बिक्री करने वालों के साथ मिलकर यह भी जमीन की दलाली का काम करता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित व्यापारी की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। इस आधार पर पुलिस टीम मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखा भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर पुलिस की टीम गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोगों की मानें तो अन्य लोगों से भी रंगदारी की मांग की गई है। एएसपी की पहल पर तकनीकी सेल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान शीशा कारोबारी के मोबाइल पर जिस दो नंबर से रंगदारी की मांग और धमकी दी जा रही थी। उसे ट्रेस कर जांच करने पर दोनों नंबर फेक पाया गया।

अधिवक्ता वर्ग का देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने में बड़ा योगदान : सम्राट

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को आयोजित अधिवक्ता समागम में कहा कि अधिवक्ता वर्ग का देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने में बड़ा योगदान दिया है। उस समय अधिकांश नेता वकील और बैरिस्टर थे, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपनी भूमिका निभाई और संविधान निर्माण में भी योगदान दिया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अधिवक्ता समागम में आए अधिवक्ताओं और लोगों को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा शुरू से अधिवक्ताओं का सम्मान करती है और उनके मान, सम्मान, सुरक्षा पर विचार करती है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि पहले हम लड़ रहे थे, लेकिन आज सत्ता में हैं, लेकिन अभी सपना पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीच में कुछ दिनों के लिए चोर दरवाजे से कुछ लोग सत्ता में आ गए थे लेकिन आपकी ताकत है जो उन्हे हटना पड़ा। भाजपा में कल कौन किस जगह बैठेगा कोई नहीं जानता, जबकि राजद में जब सीएम बनाने का मौका आया तो लालू जी ने अपनी पत्नी को सीएम बनाया। इसके बाद एक पुत्र को उप मुख्यमंत्री और एक पुत्र को मंत्री और बेटी को सांसद बनाया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सत्ता के संघर्ष में हमे पार्टी को भी सींचना है। भाजपा को कमिटमेंट वाली पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि हमलोग समझौता करते हैं लेकिन कमिटमेंट भी पूरा करते है। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं को भरोसा देते हुए कहा कि सभी कार्यों पर विचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विंध्याचल राय ने किया। कार्यक्रम में मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व मंत्री नितिन नवीन, जिवेश मिश्रा बिहार स्टेट बार कॉउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन के न्यायिक मामले के प्रमुख एस डी संजय, पटना हाई कोर्ट में भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल, प्रकोष्ठ के प्रभारी अवधेश कुमार पांडेय, शम्भू प्रसाद, हरेंद्र प्रसाद सिंह, तारकेश्वर ठाकुर समेत अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

बाबा भोलेनाथ ने बरात का न्योता भक्तों को बांटा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति की ओर से आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शोभायात्रा के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया। समिति के सदस्यों के साथ भोलेनाथ अपने बारात का न्योता बांट रहे हैं। भगवान शिव की झांकी के साथ जनसंपर्क टोलियों ने मारुफगंज, पूरब दरवाजा, मंसूरगंज, मालसलामी, हरिमंदिर गली, झाऊगंज, बाड़े की गली, चौक आदि मोहल्ले के घर-घर जाकर शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। लोग बाबा भोले के हाथ से आमंत्रण पा खुश दिखे। अलग-अलग टोलियों का नेतृत्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साह, महामंत्री जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष लल्लू शर्मा, राजेश चंद्रवंशी, दिलीप चौधरी, हरेंद्र यादव, टिंकू राउत, मनोज वर्मा, शंभू प्रसाद, संयोजक राजेश साह, मुकेश अग्रहरि, उदय कुमार, नैयर इकबाल, सूरज शाह, धीरेंद्र सिंह, राजेश यादव, शाह कमल कृष्णा आदि सक्रिय थे। संयोजक राजेश साह ने बताया कि सिमली स्थित प्राचीन शिव मंदिर से यह शोभायात्रा निकल कर अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग होते हुए गायघाट श्री गौरी शंकर मंदिर तक जाएगी। इसमें भगवान शिव, माता पार्वती एवं राधे कृष्णा पर आधारित पौराणिक झांकियों की प्रस्तुति होगी। इधर रामनवमी पर मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के 46वां शोभायात्रा की तैयारी को रविवार को मच्छरहट्टा स्थित कार्यालय में राजेश कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई। संचालन मुरारी राय ने किया। इसमें अध्यक्ष के रूप राजेश कुमार चंद्रवंशी चुने गए। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण बनारस के डमरू दल और कानपुर की झांकी विशेष आकर्षण होगा। स्थानीय कलाकार को झांकी के रूप में अपनी कला के प्रदर्शन करने के लिए आह्वान किया गया। इस बार सभी पदाधिकारी जनता के बीच छोटी टोली बना कर शोभायात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र देने को पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौंपा। बैठक में चुन्नू चंद्रवंशी, विनय कुमार बिट्टू, बाबू भाई, प्रो अरुण कुमार, श्रवण चंद्रवंशी, सुजीत कुशवाहा, संतोष कुमार चौरसिया, अजय यादव, संतोष कुमार सोनू, शंकर मेहता, विनीत कुशवाहा, गिरजा प्रसाद, मुन्ना सरकार, दीपक शर्मा, पप्पू कुमार मेहता, विजय राज, अजय कुमार मेहता, शंकर कुमार कसेरा, केदार राय, अजय कुमार, पुरषोत्तम यादव, भरत प्रसाद चंद्रवंशी, अजय कुमार, कैलाश कुमार, सतेंद्र कुमार, अजय कुमार साह, प्रमोद कुमार राज, मनीष कुमार सिंह आदि शामिल हुए।

पूर्व सांसद आरके सिन्हा के साझेपन की उड़ान में शामिल हुए सैंकड़ो चित्रांश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर दीवान मुहल्ला चित्रगुप्त घाट में फरवरी महीने का संगत-पंगत डॉ रवीन्द्र किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इसमें चित्रगुप्त भगवान की आरती और वंदना के बाद संगत-पंगत प्रारंभ हुआ। इसके बाद बालीबुड संगीतकार श्रृष्टि सिन्हा और मनीषा श्रीवास्तव द्वारा संगीत का कार्यक्रम भी पेश किया गया। लोगों के द्वारा संगत पंगत के उद्देश्यों पर भी चर्चा हुई। मंदिर निर्माण एवं दैनिक समर्पण के विषय पर विचार रखा गया और कुछ लोगों ने दैनिक समर्पण की राशि भी जमा किया। डॉ रवीन्द्र किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में संगत-पंगत का आयोजन श्री अरविंद कुमार सिन्हा के संयोजकत्व में और सुनील सिन्हा के संचालन में हुआ। राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती रत्ना सिन्हा ने संगत-पंगत के उद्देश्य, दिए गए सहयोग राशि का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष डॉ सिन्हा ने श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर और संगत पंगत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बिहार बार काउन्सिल के सदस्य के रूप में चुने जाने पर पटना उच्च न्यायलय के वरीय अधिवक्ता योगेश चन्द्र वर्मा और जीतेन्द्र नारायण सिन्हा, एनएमसीएच के मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ अजय कुमार सिन्हा और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ रितेश को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में डॉ एनपी नारायण, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, प्रो डीएन सिन्हा, मंदिर के प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा, शालिनी सिन्हा, उप मुख्य श्रमायुक्त अनिल कुमार सिन्हा, विपिन श्रीवास्तव, विंध्याचल, नवीन सिन्हा, अधिवक्ता संजय सिन्हा, सुशील सिन्हा, मनोज कुमार मनोज, धर्मेन्द्र प्रसाद मुन्ना, सतीश राजू, मनीष किशोर, चंद्रभानु आदि उपस्थित थे।

चौधरी टोला मठ के बोरिंग का मोटर जला, पानी का संकट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुलतानगंज थाना क्षेत्र के वार्ड 51 में चौधरी टोला मठ पर उच्च क्षमता प्रवाह वाली बोरिंग का मोटर शनिवार दोपहर में अचानक जल गया। इससे पेय जलापूर्ति ठप हो गई। इस कारण चौधरी टोला, आजाद लेन, गंगा विहार कॉलोनी, बीएनआर रोड, टेकारी रोड एवं खानमिर्जा मोहल्ले में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। वार्ड पार्षद बैजू लाल दास ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व ही स्टार्टर एवं मोटर जलने के कारण नया मोटर लगाया गया था। लेकिन पुनः मोटर शनिवार को जल जाने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। खासकर रविवार की छुट्टी एवं शबे बारात पर्व होने के कारण मोहल्ले के घरों में पानी की विशेष खपत होती है। पानी नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मोहल्ले के चौधरी टोला के बुद्धिजीवियों का कहना है कि वार्ड 51 के टेकारी रोड, खानमिर्जा अखाड़ा पर, अंबेडकर कॉलोनी में अवस्थित बोरिंग की उपेक्षा, चौधरी टोला मठ का बोरिंग हमेशा खराब होता है। इस कारण देखभाल एवं रखरखाव की कमी रहती है। मोटर जलने की सूचना तत्काल जल पर्षद के अभियंतागण को सूचना दी गई है।

जनविश्वास रैली की सफलता व भागीदारी को लिया गया संकल्प

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महागठबंधन द्वारा प्रस्तावित तीन मार्च को पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली की तैयारी को वृहद बैठक स्थानीय मानस पथ में बलराम चौधरी के वार्ड कार्यालय में हुई। वहीं एक अन्य बैठक कआजईबआग में हुई। मानस पथ की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ साथी परवेज अहमद और संचालन पूर्व पार्षद सह राजद नेता बलराम चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राजद नेता मोहम्मद जावेद ने किया। बैठक में पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी, पटना महानगर राजद के अध्यक्ष महताब आलम, सीपीआई के सचिव मंडल सदस्य रामबाबू कुमार, किसान नेता रवींद्रनाथ राय, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष शशि रंजन, राजद नेता प्रदीप मेहता, रजनीश कुमार राय, जावेद जी, उमेश पंडित, पूर्व पार्षद शिव मेहता, पटना महानगर युवा राजद के महासचिव अजीत कुशवाहा, माले नेता राम नारायण सिंह, सीपीआई नेता देवरतन प्रसाद, शंभू शरण प्रसाद, संतोष मेहता, कांग्रेस नेता अबरार अहमद रजा, माले के सचिव अनय मेहता, सीपीएम नेता आमोद, पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी, राजद नेता राजेश्वर राय, शारीफ अहमद रंगरेज, सुजीत कसेरा, अभय जायसवाल, गुलाम सरवर आजाद, डॉ इकबाल अहमद, मुन्ना जायसवाल, मो रिजवान, शेषनाथ मेहता आदि उपस्थित थे। बैठक में तीन मार्च को बड़ी संख्या में गांधी मैदान पहुंचने का संकल्प लिया गया। साथ ही 28 फरवरी नेता तेजस्वी यादव का जनविश्वास यात्रा, जो दीदारगंज चेक पोस्ट पर पहुंच रही है, उस संकल्प यात्रा में भी बड़ी संख्या में उपस्थित होने का संकल्प लिया गया। दूसरी ओर पटना महानगर के वार्ड संख्या 58 में बैठक काजीबाग चैलीटाल में वार्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता और संगीता यादव के संचालन में हुई। इसमें भी तीन मार्च को होने वाले लोकतंत्र बचाओ- संविधान बचाओ जन विश्वास महारैली की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। महारैली में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी ने महिलाओं को आमंत्रण दिया। बैठक में महानगर अध्यक्ष महताब आलम, पूर्व वार्ड पार्षद प्रदीप मेहता, सलमान अख्तर, अरुण सोनकर, मुन्नी खातून, हेमंती देवी, मंजू देवी, रुबी शर्मा, गुंजा देवी, फूला देवी, मूर्ति देवी, प्रतिमा कुमारी, किरण देवी, उमा देवी, उर्मिला देवी, शकुंतला देवी, सरोज लहरी ,राधा देवी, रामबाबू पाल, मुन्ना खान, रंजीत गुप्ता, राजेश रजक, दीपक रजक, छोटू राम, बिट्टू चौधरी, अनय मेहता, सीताराम मेहता उपस्थित थे।

बाजार समिति-रामपुर संप हाउस के बीच रोड निर्माण को हस्ताक्षर अभियान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामपुर संप हाउस से मुसल्लहपुर बाजार समिति के बीच लगभग दो किलोमीटर जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण को लेकर पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह लोगों के घर-घर जाकर कराया गया। ज्ञातव्य है कि नगर निगम और नमामि गंगे द्वारा भूगर्भ नाला निर्माण के समय से ही यह सड़क जर्जर हो गई। इसे अब देखने वाला कोई नहीं है। इस पर को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है। इसका अभिशाप यहां के बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं, व्यापारीगण, छात्रों और यहां रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है। सड़क खराब होने से बड़े दुकानदारों के साथ ही रोज कमाने वाले ठेला दुकानदारों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। अभियान की कॉपी के साथ सोमवार को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और पथ निर्माण के अधीक्षण अभियंता को आवेदन के द्वारा इस सड़क निर्माण की मांग रखी जाएगी, ताकि त्रस्त जनता को राहत मिल सके। हस्ताक्षर अभियान में समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार, उपाध्यक्ष अंजनी कुमार, सचिव रमेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अमरेंद्र मेहता, अनिल सिंह चौहान, विजेंद्र महतो, रंजीत कुमार यादव व नवीन कुमार मेहता उपस्थित थे।

हाजीपुर में तेजश्वी के स्वागत में समर्थकों की भीड़, जगह -जगह किया गया स्वागत

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर ।बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बिहार में रोजगार पुरुष के नाम से जाने जाने वाले माननीय तेजस्वी प्रसाद यादव जी का हाजीपुर विधानसभा के रोड शो में उमरा जन सैलाब ।गंडक पुल रोड, रामाशीष चौक, डिग्गी, यादव द्वार चौक, हरिहरपुर चौक ,शुभई सेंदुआरी चौक, पर हजारों की भीड़ ने अपने नेता का रोड शो के दौरान हौसला अफजाई किया ।रामाशीष चौक पर देव कुमार चौरसिया, डॉ मुकेश रोशन के नेतृत्व में, यादव द्वार पर रवि कुमार चौरसिया, निशांत कुमार उर्फ निक्कू यादव ,आलोक निरंजन यादव, मुरारी यादव ,किट्टू यादव, जयप्रकाश यादव, विक्रम यादव, हरिहरपुर चौक पर तबरेज आलम सिंधवारी चौक पर कामेश्वर सिंह कुशवाहा ,आदित्य कुशवाहा आदि के नेतृत्व में पिता प्रतिपक्ष का गाजियाबाद के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि बिहार के सभी वर्ग के लोगों को लेकर चलना है और नौकरी और रोजगार की बात को जो 17 साल बदाम 17 महीने में महागठबंधन की सरकार ने करके दिखाया है ,उसे जन-जन तक पहुंचना है। नफरत नफरत फैलाने वाले भाई-भाई को लगाने वाले और सर्वाधिक और जुमलेबाजी करने वाले एनडीए के लोगों से सतर्क रहना है ।बिहार में विकास की गंगा दवाई कमाई सिंचाई सनी की सरकार लाने के लिए अपनी चट्टानी एकता को कायम रखना है और आने वाले चुनाव में पूरे बिहार से भाजपा और इंडिया को उखाड़ फेंकना है ।इस अवसर पर रामाशीष चौक पर पहुंचते हैं उन्होंने सर्वप्रथम हाजीपुर के पूर्व प्रत्याशी श्री देव कुमार चौरसिया को अपने युवा क्रांति रथ में बैठाया और बस के छत पर चढ़कर लोगों का अभिवादन किया और संबोधित किया। श्री यादव के स्वागत में गंडक पुल रोड हाजीपुर से लेकर महुआ और उससे आगे तक हर जगह पर त्वरण द्वारा बैनर पोस्टर और गाजे बाजे के साथ स्वागत इसके साथ कार्यकर्ता गगनचुंबी नारे लगाकर अपने नेता का हौसला बढ़ा रहे थे।

तेजस्वी के जन विश्वास यात्रा के दौरान महुआ में उमड़ पड़ा लोगों का जन शैलाब

प्रात :किरण संवाददाता

महुआ। बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा कई दिनों से चलाए जा रहे जन विश्वास यात्रा के दौरान महुआ में नेताओं और कार्यकताओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस यात्रा के दौरान महुआ में 5 किलोमीटर तक पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं की भारी भीड़ से पूरा बाजार अस्त व्यस्त हो चुका था। हर तरफ तेज तेजस्वी जिंदाबाद लालू यादव जिंदाबाद के नारे ही सुनाई दे रहे थे। इस जन विश्वास यात्रा रथ को देखने के लिए महुआ प्रखंड के साथ-साथ वैशाली जिले की विभिन्न प्रखंडों से भी नेताओं कार्यकताओं और आम लोगों की फिर वैशाली विद्यालय महुआ के नजदीक करीब 8 बजे से ही जमा हो चुकी थी। तयशुदा कार्यक्रम के दौरान निर्धारित समय से करीब चार घंटे देर से पहुंचने के बाद भी नेताओं और कार्यकताओं के भीर अपने गंतव्य स्थल पर डटी रही। ज्यों ही करीब दीन के दो बजे के आसपास नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने जन विश्वास यात्रा रथ के साथ महुआ पहुंचे की हर कोई उनके स्वागत के लिए बेताब हो उठा ।वैशाली विद्यालय महुआ के पास महुआ प्रखंड क्षेत्र के बिशनपुर हीराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के मुखिया सह वैशाली जिला मुखिया संघ के सचिव संजीत कुमार के द्वारा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के स्वागत की पुरजोर तैयारी की गई थी। उनके नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता फूल माला के साथ उक्त स्थल पर डटे थे। ज्यों ही जन विश्वास यात्रा रथ वैशाली विद्यालय महुआ के सभी पहुंची कार्यकताओं ने जन विश्वास रथ यात्रा पर फूलों की वर्षा कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस जन विश्वास यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप ने भी हाथ हिला हिला कर अपने नेता और कार्यकताओं का अभिवादन किया। काफी देर हो जाने के कारण जन विश्वास यात्रा बिना रुके धीरे-धीरे अपने निर्धारित स्थल की ओर आगे बढ़ता चला गया। इस जन विश्वास यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप यादव, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम, पूर्व मंत्री आलोक मेहता, महुआ के विधायक मुकेश रौशन आदि भी उनके साथ चल रहे थे। इस जन विश्वास यात्रा के दौरान कार्यकताओं के द्वारा मृदंग, सिंहां,बैंड बाजे, डीजे के साथ हजारों कार्यकर्ता निर्धारित स्थल पर घंटो जमे रहे ।जन विश्वास यात्रा के महुआ पहुंचने पर हर तरफ तेज तेजस्वी जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर उपस्थित बिशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के मुखिया सह वैशाली जिला मुख्य संघ के सचिव सह राजद नेता संजीत कुमार आदित्य कुमार मिश्रा उर्फ बंटी मिश्रा, नटवर यादव,प्रदीप यादव, युवा राजद के विपिन कुमार, सतीश कुमार यादव, रामा शंकर यादव,मनीष कुमार,शत्रुघन यादव ,राजद प्रखंड अध्यक्ष नसीम रब्बानी प्रदीप यादव, कांग्रेस के महुआ प्रखंड अध्यक्ष झड़ी रॉय, अशोक जायसवाल, विश्वनाथ विप्लवि,सफदर इशाद , उत्कर्ष कुमार उर्फ बच्चा बाबू , छात्र नेता प्रकाश कुमार , किशुनदेव राम,राजद के वरिष्ठ नेता बलिंदर दास, संजय यादव,पूर्व मुखिया विनोद राय,युवा राजद के रोशन कुमार यादव,शंभू चौधरी,राजेश कुमार, देव प्रसाद यादव आदि ने बताया कि हम सबों के लोकप्रिय नेता और बिहार सरकार के पूर्व पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा आगामी 3 मार्च को पटना में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है।

ग्रामीण चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग में समायोजन तक संघर्ष जारी : डॉ सुबोध

प्रात :किरण संवाददाता

जनजीवक कल्याण संघम परिवार ऑल इंडिया आरएमपी ग्रामीण चिकित्सक संगठन के द्वारा प्रशिक्षण सह राष्ट्रीय महाअधिवेशन, सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीण चिकित्सक संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुबोध कुमार सिंह के आह्वान पर बिहार के सभी जिलाध्यक्ष अपने जिला एवं प्रखंड टीम के साथियों के साथ मंगल तालाब रामदेव महतो सभागार भवन में पहुंचे थे। डॉ सुबोध ने कहा कि जब तक सरकार सभी ग्रामीण चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग में समायोजित नहीं करती है, तब तक संघर्ष जारी रखेंगे। स्वास्थ्य विभाग में नियोजन करवा कर ही चैन से बैठेंगे। संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ विनोद अवस्थी ने किया। बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्यंजय कुमार सिंह, आईजीआईएमएस के हेड न्यूरो सर्जन डॉ समरेंद्र कुमार सिंह, नेत्र रोग के डॉ सुनील कुमार सिंह, बुद्धा कैंसर संस्थान के हेड डॉ अरविंद कुमार, ह्रदय रोग डॉ संतोष पाण्डेय सहित संगठन के पटना जिला महानगर अध्यक्ष डॉ रविशंकर कुमार, डॉ विजय पाण्डेय, एडवोकेट डॉ विभाष चौधरी, डॉ नरेश कुमार, डॉ मनोज कुमार चौधरी, धीरेन्द्र मंडल, डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ रघुवंश सिंह, डॉ अनिता कुमारी, डॉ अमीर अली, डॉ मो असलम, डॉ लालू यादव, डॉ अविनाश चौधरी, डॉ सतेन्द्र राय, डॉ महेंद्र प्रसाद आदि आरएमपी ग्रामीण चिकित्सक मौजूद थे। मिलन में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी विजय कुमार सिन्हा और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को भी भाग लेना था मगर यह सब नहीं पहुंचे। इस पर संघ के अध्यक्ष ने मंच से ही वर्तमान सरकार के खिलाफ आक्रोश का इजहार किया।

प्रत्येक छात्र पढ़ाई के साथ सभ्यता, संस्कृति व अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढे: सांसद

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः संस्कार वैली स्कूल परसा, पटना के परिसर में वार्षिकोत्सव महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कार उत्सव -24 का आयोजन दीप प्रज्ज्वलित कर उदघाटन कर्ता -सांसद रामकृपाल यादव, विशिष्ट अतिथि - वरुण सिंह प्रदेश अध्यक्ष कला , सांस्कृतिक प्रकोष्ट भाजपा, गरिमामई उपस्थिति - श्री मिथिलेश कुमार संस्थापक, अध्यक्ष - दीपक प्रकाश, निर्देशक - ओम प्रकाश, वाइस प्रिंसिपल सुजाता कुमारी ने किया ।अतिथियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में इस अच्छे विधालय की स्थापना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं समाज में बदलाव लाने के लिए उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना व स्वागत गान के साथ हुई।

राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 केरल के राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों की सूची राज्य सरकार ...

आप ने केजरीवाल और आतिशी की पैठ वाली सीटें अपने पास ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 284 | पटना, सोमवार, 26 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

देश तीसरी बार एनडीए को दे रहा आशीर्वाद अबकी बार 400 पार का विश्वास : मोदी

पीएम ने राजकोट, रायबरेली, बठिंडा, कल्याणी और मंगलागिरी में एम्स का किया उद्घाटन

प्रात : किरण

राजकोट/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट में विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार को दिल्ली के बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश तीसरी बार एनडीए सरकार को आशीर्वाद दे रहा है और पूरा देश अबकी बार 400 पार का विश्वास दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक समय देश के सारे प्रमुख कार्यक्रम दिल्ली में ही होकर रह जाते थे। आज देश के शहरों में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होना एक नई परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने भारत सरकार को दिल्ली से बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गुजरात के राजकोट, पंजाब के बठिंडा, उत्तर प्रदेश के रायबरेली, पश्चिम बंगाल के कल्याणी और आंध्र प्रदेश के मंगलागिरी में पांच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का वर्चुअली उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि विकासशील भारत तेज गति से काम कर रहा है और विकास कार्यों को पूरा कर रहा है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को विकसित होते देख रहे हैं।

मोदी ने कहा कि भारत ने कोरोना को हराया, इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होती है। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि बीते 10 वर्षों में भारत का हेल्थकेयर सिस्टम पूरी तरह बदल गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी राजनीतिक यात्रा को याद कर कहा कि उनकी चुनावी यात्रा की शुरूआत में राजकोट की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उन्हें प्यार और आशीर्वाद दे रहा है जिसमें यश का हकदार राजकोट भी है। 22 साल पहले 24 फरवरी को ही राजकोट ने पहली बार उन्हें अपना एमएलए चुना था और आज 25 फरवरी के दिन पहली बार राजकोट के विधायक के तौर पर विधानसभा में शपथ ली थी।

111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा : पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मन की बात का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे।

इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई और पहली बार मतदान के पात्र युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान की अपील की। निर्वाचन आयोग के एमसीसी दिशानिर्देश सरकारों पर आधिकारिक कार्यक्रमों या सार्वजनिक-वित्त पोषित मंचों का उपयोग किसी ऐसी चीज के लिए करने पर रोक लगाती है जिनसे सत्तारूढ़ पार्टी का प्रचार हो या राजनीतिक लाभ मिले। उन्होंने कहा, देश में लोकसभा चुनाव का माहौल है और जैसा पिछली बार हुआ था, संभावना है कि मार्च के महीने में आचार-संहिता भी लग जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा

● तीन महीने नहीं होगा मन की बात का प्रसारण

कि यह मन की बात की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को सरकार की परछाई से भी दूर रखा गया है। उन्होंने कहा, मन की बात में देश की सामूहिक शक्ति की बात होती है, देश की उपलब्धि की बात होती है। यह एक तरह से जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा तैयार होने वाला कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, लेकिन फिर भी राजनीतिक मयार्दा का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव के इन दिनों में अब अगले तीन महीने मन की बात का प्रसारण नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन महीने बाद इस कार्यक्रम की 111वीं कड़ी का प्रसारण होगा। उन्होंने कहा, अगली बार मन की बात की शुरूआत 111 के शुभ अंक से हो तो इससे अच्छा भला क्या होगा। मोदी ने कहा कि इस लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रसारण भले ही तीन महीने के लिए रुक रहा है, लेकिन देश की उपलब्धियां नहीं रुकेंगी।

कैमूर सड़क हादसा : तीन वाहनों की टक्कर में 9 लोगों की मौत

प्रात : किरण

कैमूर/पटना। कैमूर में जोरदार सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 9 लोगों की दर्दनाक मौत की खबर है। वहीं कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को निकट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो कार ने पहले बाइक में टक्कर मारी और फिर खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसे में कार सवार आठ और एक बाइक सवार की मौत हुई है। घटना कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के देवकली गांव के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो सासाराम की तरफ से वाराणसी की ओर जा रही थी। स्कॉर्पियो जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंची, ड्राइवर का गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रहा। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनकंट्रोल होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चली गई, जहां सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई। टक्कर लगते ही स्कॉर्पियो पलट गई। इस पूरे हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 8 लोगों और बाइक सवार एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। घटना के बाद एनएच-2 पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना एनएचएआई और मोहनियां पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस गाड़ी के अंदर फंसे शव को बाहर निकलवाने और उनके पहचान करने में जुटी हुई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। इसके बाद मौके पर पहुंची मोहनिया थाना की टीम और एनएचएआई की टीम स्कॉर्पियो के अंदर फंसे शव को बाहर निकाला और आगे की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल किसी भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। वहीं यातायात को सामान्य कराने में एनएचएआई और पुलिस की टीम जुटी हुई है।

मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी मंजू सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी धर्मपत्नी एवं समाजसेवी स्वर्गीय मंजू सिंह की जयंती के अवसर पर कंकड़बाग स्थित स्वर्गीय मंजू सिंह स्मृति पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

संक्षिप्त खबरें

मैं विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करके आया हूं : पीएम

देवभूमि द्वारका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वह समुद्र द्वारका के दर्शन से विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करके आये हैं। श्री मोदी ने आज यहां गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं के शुभारंभ अवसर पर कहा, मन करता था, कभी न कभी समुद्र के भीतर जाऊंगा और उस द्वारका नगरी के जो भी अवशेष हैं, उसे छूकर के श्रद्धाभाव से नमन करूंगा। अनेक वर्षों की मेरे वो इच्छा आज पूरी हुई। मैं, मेरा मन बहुत गदगद है, मैं भाव-विभोर हूं। दशकों तक जो सपना संजोया हो और उसे आज उस पवित्र भूमि को स्पर्श कर करके पूरा हुआ हो, आप कल्पना कर सकते हैं मेरे भीतर कितना अभूत आनंद होगा। कई वर्षों से जब मैंने पुरातत्वविदों से यह जाना था तो एक बहुत बड़ी जिज्ञासा थी। 21वीं सदी में भारत के वैभव की तस्वीर भी मेरी आंखों में घूम रही थी और मैं लंबे समय तक अंदर रहा। आज यहां देर से आने की वजह का कारण यह था कि मैं समंदर के अंदर काफी देर रुका रहा। मैं समुद्र द्वारका के उस दर्शन से विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करके आया हूँ।

तृणमूल कांग्रेस कोलकाता में 10 मार्च को करेगी रैली

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाओं के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कथित भेदभाव के विरोध में 10 मार्च को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक विशाल रैली करने की घोषणा की। संदेशखालि मुद्दे पर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों के बढ़ते हमलों के मद्देनजर टीएमसी ने रैली करने का ऐलान किया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि रैली को टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी संबोधित करेंगे। अभिषेक बनर्जी ने एक्स पर कहा कि जन गर्जन सभा शीर्षक वाली रैली बंगाल से बाहरी उत्पीड़कों को बाहर निकालने का संकल्प भी लेगी। उन्होंने भाजपा और उसके राष्ट्रीय नेताओं के परोक्ष संदर्भ में यह टिप्पणी की है, जो विभिन्न मुद्दों पर राज्य का दौरा कर रहे हैं। संदेशखालि में ग्रामीण महिलाओं द्वारा टीएमसी के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए जारी विरोध-प्रदर्शन के बीच टीएमसी का विशाल रैली आयोजित करने का निर्णय आया है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल-अखिलेश एक साथ

प्रात : किरण

आगरा/नई दिल्ली/एजेंसी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में रविवार को आगरा में शामिल हुए। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव पहली बार एक साथ नजर आए हैं। सपा और कांग्रेस के पार्टी कार्यकताओं ने अपनी पार्टी के नेताओं के समर्थन में नारे लगाए। आगरा में रोड शो के दौरान राहुल और अखिलेश ने हाथ हिलाकर भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया। उनके साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी मौजूद थीं। सपा अध्यक्ष ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा, आज किसान सरकार के खिलाफ खड़े हैं। सरकार किसानों की ताकत से डरी हुई है। आने वाले समय में भाजपा हटेगी और इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों को सम्मान देगी

दो मार्च को बिहार दौरे पर आएंगे पीएम मोदी

प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई परियोजनाओं की शुरूआत करने और जनसभाओं को संबोधित करने के लिए दो मार्च को बिहार का दौरा करेंगे। भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में पत्रकारों से बात की, जहां वह भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुनने आए थे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं की शुरूआत के लिए दो मार्च को औरंगाबाद और बेगुसराय जिलों में होंगे। वह जनता को भी संबोधित करेंगे। बिहार में एनडीए के नई सरकार बनाने के बाद मोदी की यह पहली बिहार यात्रा होगी। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री अगले 10 दिन में डिजिटल माध्यम से या भौतिक रूप से बिहार के लिए दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने वाले हैं। भाजपा नेता ने कहा, यह विपक्ष को करारा जवाब है, जो केंद्र सरकार द्वारा बिहार की उपेक्षा किए जाने का रोना रोता है। आज ही प्रधानमंत्री राज्य के लिए करोड़ों रुपये की स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं की डिजिटल माध्यम से शुरूआत करने वाले हैं। चौधरी ने कहा सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी डिजिटल माध्यम से बिहार के लिए 70,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। दो मार्च की अपनी यात्रा के बाद, वह चुनाव तारीखों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले अन्य परियोजनाओं की शुरूआत के लिए एक बार फिर राज्य की यात्रा कर सकते हैं।

जन आंदोलन की शुरूआत है झामुमो का मिलन समारोह : चंपई

रांची। रविवार को मुख्यमंत्री आवास, कांके रोड, रांची में संपन्न हुए झामुमो के मिलन समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों और दलों के लगभग 3 हजार युवा और महिलाओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के समक्ष झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे झामुमो का दामन थामा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया साथ ही मौके पर कहा आंदोलनकारियों की बदौलत हमें यह झारखंड राज्य मिला है। जिस तरीके से हमारे युवा मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन कार्य कर रहे थे। सुदूर गांव में भी हर एक घर तक योजना पहुंचने का काम कर रहे थे। इसी को देखते हुए केंद्र की भाजपा सरकार ने साजिश के तहत उनको जेल भेजने का काम किया है।

दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा

राजस्थान में शुरू हुआ भारत और जापान सेनाओं का संयुक्त अभ्यास धर्म गार्जियन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन का 5वां संस्करण रविवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास हर साल वैकल्पिक रूप से भारत और जापान में आयोजित किया जाता है। दोनों पक्षों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। जापानी दल का प्रतिनिधित्व उनकी 34वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट और भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय श्कक के तहत अर्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर केंद्रित होगा। सामरिक अभ्यास में अस्थायी ऑपरेटिंग बेस की स्थापना, एक इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही (आईएसआर) ग्रिड बनाना, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित करना, एक शत्रुतापूर्ण गांव में कॉर्डन और सर्च ऑपरेशन को अंजाम देना, हेलीबोर्न ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत देश की बढ़ती रक्षा औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक हथियार और उपकरण प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की पूर्वी सेना के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइची का भी एक्सरसाइज धर्म गार्जियन के मौके पर भारत का दौरा करने का कार्यक्रम है। वह 03 मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा करके कॉम्बैट शूटिंग प्रदर्शन, स्पेशल हेलीबोर्न ऑपरेशन (एसएचबीओ) और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल देखेंगे। अभ्यास धर्म गार्जियन दोनों पक्षों को सामरिक संचालन करने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इस अभ्यास से दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन क्षमता और सौहार्द्र विकसित करने में भी मदद मिलेगी। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ने के साथ ही दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।

● विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर भी केंद्रित होगा अभ्यास

संक्षिप्त खबरें

लाभार्थी कार्यशाला का हुआ आयोजन

मुजफ्फरपुर। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा रविवार को ढेमहा पंचायत भवन में लाभार्थी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर मंडल के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में जनहित में चलाएं गए योजना की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में लाभार्थियों से मुलाकात करने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संदेश पहुंचाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में हम कार्यकर्ताओं की आम भूमिका होगी। इसलिए कार्यकर्ता साथी निश्चित समय सीमा के अंदर हर एक लाभार्थी तक पहुंचे एवं आगामी चुनाव में मोदी जी के लिए अधिक से अधिक समर्थन जुटाए। इस अवसर भाजपा नेता हरिमोहन चौधरी शिवबालक राम, मनोज कुमार चौधरी, संजय सहनी, गोविंद साह, विजय गिरी, अजीत झा विशाल कुमार पंकज कुमार हरिशंकर ठाकुर आदि लोगों ने कार्यशाला और संबोधित किया।

दुर्घटना में महिला की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के समीप एनएच 57 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बरुआरी गांव के निवासी कमलेश सदा की 35 वर्षीया पत्नी निर्मला देवी बताया गया है। घटना के बाद करीब आधे घंटे तक एनएच पर यातायात बाधित हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसकेएमसीएच भेजा। इसके बाद एनएच पर गाड़ियों की आवाजाही शुरू हुई। मृतका के पति ने बताया कि वह सुबह में ही मजदूरी करने चला गया था। उसकी पत्नी निर्मला बकरियों के लिए घास लेने गई थी। इसी बीच वापस आने के क्रम में एनएच पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जबतक लोग पहुंचे इतने में महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतका के तीन पुत्र व एक पुत्री है। थाना अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने बताया कि मृतका की पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

विभूतिपुर विधायक अजय कुमार ने बिहार विधान सभा के शून्यकाल में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग उठाते हुए ग्रेड सी एवं ग्रेड डी में समायोजित करने की मांग किया। साथ ही जबतक सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलता तबतक सेविका को पच्चीस हजार और सहायिका को अट्ठारह हजार प्रतिमाह मानदेय देने की मांग किया। जिसपर सरकार की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिला है। बताया गया कि 1 अप्रैल 2021 से आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 5950 व सहायिका का 2975 रुपया प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। 01 अप्रैल 2024 से सेविका का कुल मानदेय 7000 व सहायिका का 4000 रुपया निर्धारित किया गया है।

जन स्वराज पार्टी का जनसंपर्क अभियान शुरू

विभूतिपुर प्रखंड के महम्मदपुर सकड़ा पंचायत में जन स्वराज अभियान के तहत अमिता कुमारी के नेतृत्व में पंचायत अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद यादव की अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर एक सभा हुई। संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शुभम कुमार ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास के उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मौके पर प्रमोद कुमार, मोहम्मद अजीम, विनोद राम, मोहम्मद यूसूफ, गणेश पासवान आदि उपस्थित थे।

आपदा से बचाव हेतु गोष्ठी एवं मॉक ड्रिल कर लोगों को किया जागरूक

विभूतिपुर प्रखंड के आलमपुर कोदरिया पंचायत के एक निजी संस्थान परिसर में आपदा प्रबंधन पर आधारित मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विद्यालय आपदा सलाहकार का क्षमता वृद्धि हेतु प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम जिला रिसोर्स पर्सन आपदा प्रबंधन समस्तीपुर की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें अग्निशमन के द्वारा गोष्ठी एवं मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया गया। टीम में आपदा प्रबंधन के संयोजक विश्वजीत कुमार, रोसड़ा अनुमंडल अग्निशमन प्रभारी पदाधिकारी संजय एवं अग्नि चालक साथ अग्निक त्रिभुवन चौधरी, पंकज कुमार, शशि कुमार, अंकित गुप्ता एवं सुनील कुमार शामिल थे।

एक बार मौका दीजिये मिलकर एक नया बिहार बनाएंगे : तेजस्वी

- कहा-डिप्टी सीएम रहते हुए उन्होंने 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का काम किया
- नाम लिए बगैर समस्तीपुर सांसद पर भी बोला जमकर हमला, कहा- क्षेत्र के लिए कुछ भी नहीं किया काम
- डॉ आंबेडकर व कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर नहीं किया माल्यार्पण
- कोठिया में प्रवेश करते ही तेज प्रताप यादव नाराज होकर लौट गए पटना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव अपने जन विश्वास यात्रा के दूसरे चरण में 25 फरवरी को समस्तीपुर पहुंचे। जहां उन्होंने शहर के पटेल गोलंबर चौराहा पर बस के ऊपर से ही उपस्थित महागठबंधन कार्यकताओं को संबोधित किया। जहां उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल में 20 करोड़ नौकरी-रोजगार देने का नहीं, बल्कि छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 17 महीने डिप्टी सीएम रहते हुए उन्होंने 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का काम किया। खेल नीति बनाकर मेडल जाने वाले खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने लोगों से पटना आने की अपील की। उन्होंने कहा कि तीन मार्च को पटना में रैली का आयोजन किया जा रहा है। जहां सभी लोगों को आना है। वहां पहुंचकर सरकार से हिसाब-किताब लिया जाएगा। रैली से डरकर एक दिन पहले ही नरेंद्र मोदी बिहार पहुंच रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि एक बार मौका दीजिये मिलकर एक नया बिहार बनाएंगे। वहीं मिली जानकारी के अनुसार कोठिया में प्रवेश करते ही तेजस्वी प्रसाद यादव के बड़े भाई तेज प्रताप यादव यात्रा बीच में ही छोड़कर वापस लौट गए। एसडीओ कार्यालय के समीप बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का उनका कार्यक्रम था लेकिन समय के आभाव में वह वहां नहीं रुके। पटेल गोलंबर चौराहा पर 10 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि एक मौका दीजिए, अगर मुख्यमंत्री बनते हैं तो 10 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देंगे। उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने 17 महीने में वादा पूरा किया। जबकि इसी बात के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या करते थे कि सरकारी नौकरी देने के लिए पैसा नहीं है। क्या अपने बाप से पैसा लाकर वेतन बांटेगा। लेकिन उन्होंने उसी मुख्यमंत्री के रीजन में अपने वादे के अनुरूप लोगों को नौकरी दिया। जिसमें उन्होंने हर जाति वर्ग को नौकरी देने का काम किया है। तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ बस में समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब मौजूद थे। वहीं उनके स्वागत में कांग्रेस नेत्री व मेयर अनिता राम, राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, राजद नेता ललन यादव व भारी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे। समस्तीपुर जिला अंतर्गत दोनों लोकसभा क्षेत्रों के एनडीए के सांसदों का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि उन लोगों ने अपने कार्यकाल में के दौरान एक भी कल-कारखाना जिले में नहीं लगाया। डबल इंजन की सरकार में होने के बावजूद भी समस्तीपुर सांसद ने जिले के लिए कुछ भी नहीं किया। न ही पलायन को रोकने में कामयाब हुए समस्तीपुर सांसद और न ही क्षेत्र की गरीबी मिटा पाए। बता दें कि जन विश्वास यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत नेता विरोधी दल तेजस्वी प्रसाद यादव ने हाजीपुर से 25 फरवरी को किया है। इसी के तहत वह रविवार को रोड शो करते हुए हाजीपुर से महुआ, कोठिया, ताजपुर, मुसरीघरारी होते हुए समस्तीपुर पहुंचे। बिहार नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव के जन विश्वास यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात तैनात थे। सदर एसडीओ दिलीप कुमार व मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार के द्वारा खुद इसकी मॉनिटरिंग की जा रही थी।

भूमिहार ब्राह्मण बाहुल्य सीट कल्याणपुर को अनारक्षित करें सरकार: आशुतोष कुमार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच फाउंडेशन के तहत जिला महा सम्मेलन ह्रदय नारायण उच्च विद्यालय बरहेता संकुल के प्रांगन में रविवार को आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता नागेन्द्र प्रसाद देव ने किया। सभा का संचालन रंजन शर्मा ने किया। सभा में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार को चादर माला पाग देकर शिक्षा विद ललन ठाकुर ने सम्मानित किया। साथ ही सभी मचसीन लोगों को पाग चादर माला देकर सम्मानित किया गया।वहीं भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि समस्तीपुर जिले में सबसे बड़ी अवादी भूमिहार ब्राह्मण जाति का क्षेत्र कल्याणपुर हैं। जिसे अनारक्षित करें। वहीं सम्मेलन में संगठन ने छः मुख्य मांग को सरकार के समक्ष ओर समाज के बीच रखा गया। बिहार के पूर्व बिहार के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केसरी डॉक्टर श्री कृष्ण से जी के लिए भारत रत्न की मांग की दूसरी मांग सवण आयोग का पुनर्गठन और संवैधानिक दर्जा देने की बात कही गई।तीसरी मांग गरीब सवर्णों छात्र ईडब्ल्यूएस को उम्र सीमा और परीक्षा शुरू में छूट देने की बात कही गई। चौथी में बिहार के प्रत्येक जिलों में परशुराम छात्रावास की स्थापना गरीब भूमिहार ब्राह्मण छात्रों के लिए किया जाए। चौथी मांग बिहार के प्रत्येक जिलों में परशुराम छात्रावास की स्थापना गरीब भूमिहार ब्राह्मण छात्रों के लिए किया जाय।सहित छ मांग को सम्मेलन में विस्तार से बताया गया। कुमार ने कहा कि समस्तीपुर में हमें खासतौर से राजनीतिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा।है हम कल्याणपुर विधानसभा में जितने की स्थिति में है तो रिजर्व कर दिया गया है। वही सम्मेलन में संजय चौधरी को भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच फाउंडेशन के समस्तीपुर जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। और उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा को बनाया गया। मोके पर विशेश्वर ठाकुर राधे श्याम ठाकुर पिंकेश देव मन्नू देव शंकर देव हरीश देव रागेश कुमार देव गोपाल कृष्ण शर्मा सनातन कुमार बालाजी संजीव कुमार देव जीतेंद्र चौधरी सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नेपाल ले जा रहा कपड़े को जब्त किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल बाह्य सीमा चौकी हरने के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक कामयाबी मिली है। नियमित गश्त डयूटी के दौरान कार्यवाही करते हुए सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार एवं अन्य जवानो के साथ की गयी कार्यवाही में भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 279/8 से 100 मी० भारतीय क्षेत्र की तरफ मोटर साईकिल पर भारत से नेपाल ले जाया जा रहा कपड़े को जब्त किया गया है । तस्कर सशस्त्र सीमा बल के जवानों को देखते ही मोटरसाइकिल और सामान को छोड़कर कर नेपाल की तरफ भागने में सफल रहा।जब्त किए कपड़े एवं मोटरसाईकिल को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क कार्यालय पीपरौन को सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका, पेट्रोलिंग के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है। अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान को जब्त किया जा रहा है ।

कुन्दन कुमार को मिला बिहार आइकन अवार्ड

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जनसंपर्क व स्वतंत्र पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कुंदन कुमार को बिहार आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान पटना में केशव टाइम्स व द भारत नाउ के द्वारा आयोजित भविष्य का बिहार (मीडिया कॉन्क्लेव) सह बिहार आइकन अवार्ड 2024 में वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार एवं अरविंद कुमार के हाथों दिया गया। कुंदन को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र एवं मोमेटों भेंट की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस सम्मान के लिए मैं केशव टाइम्स और द भारत नाउ का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस लायक समझा। सम्मान मिलने से कार्य क्षेत्र में जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। साथ ही यह बेहतर करने के लिए प्रेरित भी करती है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए काम ही पूजा है और इसको में पूरी तन्मयता से करता हूं।बताते चलें कि कुन्दन कुमार को पाटलिपुत्र सम्मान, सरस्वती सम्मान, राष्ट्रीय सम्मान, कल्याण मित्र सम्मान, परिवर्तन मीडिया सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। कुंदन कुमार मूलतः जिले के बंदरा प्रखंड के घोसरामा के रहने वाले हैं। वे विगत 14 वर्षों से जनसम्पर्क के क्षेत्र में कार्यरत हैं और अब तक कई भोजपुरी फिल्मों के लिए जनसंपर्क कर चुके हैं। इसके अलावा कला के अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क के लिए उन्होंने अपनी विशेष पहचान बनाई है। वे कई व्यवसायिक कार्यक्रमों को भी अपने कार्य कौशल से सफल बना चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह, पूर्व मंत्री मुकेश सहनी, पूर्व मंत्री मदन मोहन झा एवं राजद नेत्री ऋतु जायसवाल मौजूद थे।

बैंक लूट की असफल कोशिश मामले का हुआ उद्भेदन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । कांटी में पी०एन०बी० बैंक में लूट की असफल कोशिश एवं गार्ड को गोली भ मारने के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। बीते दिन लगभग 1 बजे अपराहन् में करीब 5 की संख्या में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा बैंक में लूट की घटना कारित करने का प्रयास किया गया था।उस क्रम में बैंक में सुरक्षा हेतु प्रतिनियुक्त गृहरक्षक भोला राय के द्वारा तत्परता के साथ बहादुरी का परिचय देते हुए अपराधकर्मियों से भिड़कर बैंक लूट की घटना को नाकाम किया गया। इस क्रम में अपराधकर्मियों द्वारा बहादुर गृहरक्षक को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया एवं उनका शस्त्र एवं गोली लेकर फरार हो गए। बहादुर गृहरक्षक को उचित ईलाज हेतु अस्पताल में दाखिल कराया गया था। चिकित्सक के अनुसार वे खतरे से बाहर है। इस संबंध में कॉटी थाना कांड सं0-121/24 दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक (पश्चिमी) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त विशेष टीम में प्रभारी जिला आसूचना इकाई एवं थानाध्यक्ष, कांटी की टीम को शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा सी०सी०टी०वी० फूटेज का अवलोकन, तकनीकी एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर घटना में संलिप्त अपराधकर्मी रंजीत पटेल, पे०-स्व० साधु पटेल, सा०-साईन टोला रामराय, थाना-कॉटी, जिला-मुजफ्फरपुर को कॉटी थानाक्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी रंजीत पटेल की निशानदेही पर घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मी रंजन पटेल की गिरफ्तारी हेतु मधुकर छपरा स्थित चॅवर में छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में अपराधकर्मी रंजन पटेल के द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा हमला / फायरिंग की गई। जिसके कारण पुलिस टीम का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई के रूप में चेतावनी, आत्मरक्षार्थ एवं नियंत्रित फायरिंग की गई। फायरिंग के क्रम में अपराधकर्मी रंजन पटेल, पे०-मोती पटेल, सा०-साईन टोला, रामराय, थाना-कॉटी, जिला-मुजफ्फरपुर को दाहिने पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया। घायल अपराधकर्मी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उचित उपचार हेतुएस०के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया है। उक्त अपराधकर्मियों के पास से बहादुर गृहरक्षक से लूटी गई सरकारी राइफल एवं कारतूस बरामद कर लिया गया है।

उपन्यास वासवदत्ता का हुआ लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददात

मुजफ्फरपुर। गीत कविता और उपन्यास के यशस्वी लेखक डॉ महेंद्र मधुकर के ताजा उपन्यास वसवदत्ता के लोकार्पण के अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्गार में डॉ. रिपुसूदन श्रीवास्तव ने कहा कि यह उपन्यास मानवीय मूल्य और जीवन - केंद्र प्रेम के ताने-बाने को मृदुल भाषा में प्रस्तुत करता है । डॉ. पूनम सिन्हा ने कहा कि डॉ. महेंद्र मधुकर भाषा सिद्ध ऐसे रचनाकार हैं जिनके प्रभावपूर्ण लेखन के आकर्षण में किसी का भी बंध जाना स्वाभाविक है। डॉ सतीश राय ने मूल्यांकन के क्रम में कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के ध्वजवाहक डॉ. महेंद्र मधुकर का यह उपन्यास प्रेम के बड़े परिदृश्य को बहुत ही आत्मीयता के साथ प्रस्तुत करता है।डॉ. पूनम सिंह ने कहा कि प्रेम हर युग और हर समाज की अनिवार्यता है और इतिहास के संदर्भ को जिस माधुर्य के साथ मधुकर जी ने प्रस्तुत किया है वह आकर्षक और सम्मोहक है। डॉ संजय पंकज ने कहा कि यह अपेक्षा करना किसी रचना से कि उसमें प्रासंगिकता भी हो बहुत अर्थपूर्ण नहीं है। भाषा का एक अपना प्रभाव होता है। उस दृष्टि से उपन्यास अपनी भाषाई संवेदना से हृदय और चेतना का स्पर्श करता है। डॉ. विजय शंकर मिश्र ने संचालन के क्रम में वसावदत्ता के सार संक्षेप को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस उपन्यास का नायक कलाकार है फिर भी वह प्रेम से उजावान और प्रेरित हो कर अपने शौर्य और पराक्रम से युद्ध भी जीतता है। उपन्यास के लेखक डॉ महेंद्र मधुकर ने कहा कि इस उपन्यास को लिखते हुए मैंने कालिदास और भास को पढ़ा और उनसे प्रेरित भी हुआ। मनुष्य अपनी समग्रता में ऐश्वर्यशाली हो जाता है। प्रेम युद्ध जीतने की शक्ति भी देता है। समारोह के दूसरे सत्र में कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ शारदाचरण ने अपने दो गीत सस्वर सुनाए। डॉ महेंद्र मधुकर ने मेघ भी हो दामिनी हो, और झिलमिल चाँदनी हो, यह न हो तो शून्यमय आकाश लेकर क्या करूंगा। डॉ रिपुसूदन श्रीवास्तव ने अपने गीत हरिद्वार तुम्हारा होता है सुनाकर वातावरण को बासंती बना दिया। डॉ सोनी सुमन ने अपने सधे स्वर में राम केंद्रित गीत सुनाकर सब को सांस्कृतिक अस्मिता की धारा में प्रवाहित किया। तो डॉ अनु, डॉ पूनम सिन्हा, साविता राज, डॉ भावना, डॉ पूनम सिंह डॉ पंकज कर्ण, गोपाल फलक, डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह, डॉ वंदना विजयलक्ष्मी ने विविध भावों की रचनाएं सुना कर कवि गोष्ठी को परवान चढ़ाया। डॉ संजय पंकज ने अपनी दो गजलों के बाद रंगों के दिन गंधों के दिन आ गए गीत सुनाकर वासंतिक परिवेश में फागुन का एहसास करा दिया। डॉ. विजय शंकर मिश्र ने नदी गीत से गतिशीलता को उजागर किया।

नारी निर्माण की धरा है : नयन श्री प्रज्ञा

प्रात : किरण संवाददात

प्रखंड के चोचाही भरपुरा स्थित देवी स्थान में महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को आयोजित दो दिवसीय तृतीय आर्य सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को संपन्न हो गया।दूसरे दिन यज्ञ अनुष्ठान में बताया गया कि कथा अनुष्ठान यज्ञ हो तो अपने बच्चो को सत्संग की अगल लाइन में बैठाया जाना चाहिए ताकि उसके बच्चे सदगुण, सत्य वचन सुन सके।माता की त्याग, तपस्या और कर्तव्य की जानकारी देते बताया कि नारी को निर्माण की धरा हैं। नारियों को अंध विश्वास का त्याग कर, समाज के दुसप्रथा को मिटाने की वीरा उठाने के लिए आह्वान किया। जब नारी जग जाएगी तो समझ लेना चाहिए कि अब समाज में सुधार आ जाएगा। पुत्र लाख संकट से घिरा हुआ है वह मां के शरण जाता है तो उसे छाया मिल ही जाता है।सम्मेलन में पूर्णिया से आए विद्वान डॉक्टर प्रो० व्यास नन्दन शास्त्री, उत्तर प्रदेश से ज्ञान प्रकाश वैदिक, नयन श्री प्रज्ञा, बांगड़ा से श्यामानंद शास्त्री ने वैदिक एवं अध्यात्मिक ज्ञान पर चर्चा व भजन के माध्यम से लोगो को भाव विभोर किए।बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मुखिया राम बहादुर सिंह, नंदलाल सिंह, राजाराम सिंह, रामबालक सिंह, राम विनोद सिंह के निर्देशन में किया गया। मौके पर कमिटि के अध्यक्ष श्रीराम सिंह आर्य, उपाध्यक्ष सुधीर प्रसाद आर्य, सचिव प्रवीण आनंद, उप सचिव शंभू सिंह,कोषाध्यक्ष मुक्ति नारायण सिंह, उपकोषाध्यक्ष राम पदार्थ सिंह, मंटून लाल सिंह,पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा नेता कृष्ण देव प्रसाद सिंह, पूर्व सरपंच हरिनारायण सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु मौजूद थे।

लापता 4 लडकियों के साथ एक अन्य लड़की को पुलिस ने पुना से किया बरामद

- घटना में संलिप्त चार अपराधी गिरफ्तार
- फ्री-फायर गेम खेलने के दौरान ये लड़किया दुसरे राज्य के लड़को से आई संपर्क में

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र से 2 फरवरी को विद्यालय पढ़ने के बहाने एक साथ गायब हुई चार लड़किया सहित एक अन्य लड़की को पुलिस ने पुना से बरामद कर लिया।मेडिकल व न्यायालय में बयान के बाद सभी लडकियों को परिजनों के हवाले कर दिया गया।घटना का उद्भेदन करते हुए रोसड़ा एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग सिंडिकेट के शिकार होने के कारण ये लड़की गायब हो गई थी।ये सभी लड़की फ्री-फायर नामक गेम खेलते हुए दूसरे राज्य के लड़के के संपर्क में आया था।गेम के दौरान धीरे धीरे जान पहचान बढ़ती गई। टीम बनाकर सभी गेम खेलने लगे।इस दौरान मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान पर भी बातचीत होने लगी।गेम के दौरान इन लडकियों को लुभावनी प्रलोभन दिया गया।हाई प्रोफाइल लाइफ के सपने दिखाकर घर से निकलने के लिए राजी कर लिया गया।लड़किया उनकी बातों में आकर घर से स्कूल के दौरान निकल गए। जब मामले की तहकीकात शुरू की गई तो तकनिकी अनुसंधान के दौरान पंजाब के राजपुरा मे लड़की होने का पता चला।जबतक पुलिस वहा पहुंची तबतक इस गेम के मास्टर माइंड इन लडकियों को लेकर महाराष्ट्र के पुना पहुंच गए। तकनिकी अनुसंधान के माध्यम से पुलिस टीम पुना पहुंचकर सभी लड़की को सकुशल बरामद कर लिया।साथ ही इस गेम के मास्टर माइंड उत्तर प्रदेश के बिजनौर वरहापुर थाना के शहादतपुर निवासी फरीद अहमद के पुत्र मोहम्मद फैजल,झारखंड देवघर जिला के मारगोमुंडा थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी अताउल अंसारी के पुत्र मोहम्मद साहुद, अररिया जिला के जोकिहाट थाना क्षेत्र के तारणपुर निवासी शमशाद आलम के पुत्र दिलशाद और मंसूर आलम के पुत्र मोहम्मद जैयद को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल भी बरामद की गई है।एसडीपीओ ने बताया कि बरामद लड़किया पुलिस के समक्ष ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से प्रलोभन देकर बुलाने की बात स्वीकार की।गिरफ्तार चारो आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।मामले की जांच जारी है।अन्य आरोपियों की संलिप्तता भी सामने आई है।जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, विभूतिपुर थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप, एस आई राहुल कुमार, विजेश कुमार, हसनपुर एस आई योगेंद्र सिंह, डीआईयू के अखिलेश कुमार शामिल थे।

जन सुराज के जिला कार्यालय मधुबनी में जिला कार्यकारणी की पहली बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड अंतर्गत जन सुराज के जिला कार्यालय में जन सुराज मधुबनी जिला कार्यकारणी की पहली बैठक आयोजित की गई। इस सभा में जिले भर से जन सुराज के लोगो ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई।इस सभा का मुख्य उद्देश्य जन सुराज के नव निर्वाचित जिला पद अधिकारियों का एक दूसरे से परिचय पत्र रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संरक्षक फहीम अख्तर, जेपी सिंह।जिला प्रभारी- प्रशांश पांडे सभापति-वशिष्ठ नारायण झा,जिला अध्यक्ष केशव भंडारी, जिला महिला अध्यक्ष- लक्ष्मी देवी,संगठन महासचिव कबीरुद्दीन,जिला युवा अध्यक्ष रंजीत कुमार ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष रमेश कर्ण,राम प्रकाश ठाकुर, अशोक कुमार साहू, रमेश आशीष पासवान,मितन मुखिया, प्रमोद सिंह,जिला सचिव दीपक साह, प्रमोद कुमार, उमेश सिंह, नागेंद्र प्रसाद यादव,नसीम अंसारी, ईद मोहम्मद,सुमित सिंह, अनुमण्डल महिला अध्यक्ष अनुजा झा (मधुबनी सदर), जयनगर अनुमण्डल महिला अध्यक्ष रीता सिंह,अनुमण्डल युवा अध्यक्ष हेमन्त सिंह (मधुबनी सदर), युवा अनुमण्डल अध्यक्ष झंझारपुर मो. रहमतुल्ला,युवा अनुमंडल अध्यक्ष बेनीपट्टी दीपक कुमार सिंह,कार्यालय प्रभारी धर्मवीर प्रसाद सिंह जिला प्रवक्ता डॉ. आशुतोष सिन्हा, एमडी फैयाज, वीरेंद्र यादव अनुमण्डल अध्यक्ष (फुलपरास), राजेश कुमार, ब्रजेश राऊत, दीपक पोद्दार, हरेराम ठाकुर, बालाजी मिश्र एवं अभियान समिति संयोजक वीरेंद्र यादव, सह-संयोजक मनोज कुमार बिहारी, जिला अभियान समिति सदस्य मो. जियाउद्दीन, विनोद कुमार साह, चन्द्र मोहन राय, राजेश पासवान, कुमार रवि, अतुल ठाकुर,मो. तमन्ना कमाल, परमानंद झा,राम नरेश ठाकुर, चंद्र भूषण प्रसाद यादव,और अजीम मंसूरी आदि मौजूद रहें। जिला कार्यवाहक समिति के सदस्य व बेनीपट्टी के जिला पार्षद मो.जुबैर, बिस्फी के जिला पार्षद मो. ताजुद्दीन सभा में उपस्थित सभी जन सुराज के जिला कार्यकारणी के पद अधिकारियों ने प्रशांत किशोर जी का धन्यवाद किया जिन्होंने सभी उपस्थित लोगो को विभिन्न जिमादारियां दीं और बिहार परिवर्तन के इस महाभियान में योगदान का मौका दिया साथ ही सभी पद अधिकारियों ने श्री प्रशांत किशोर जी द्वारा चलाए जा रहे जन सुराज अभियान को अनुमंडल, प्रखंड,पंचायत से होते हुए बूथ स्तर पर लेकर जाने की बात पर सहमति जताई। इस अवसर पर उपस्थित अध्यक्ष ने मधुबनी की जनता को आश्वासन दिया की आज से जनता के सभी दुख सुख में जन सुराज अभियान के लोग और वो स्वम उपलब्ध रहेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पदधिकारीगणों में उत्साह का माहौल नजर आए और जन सुराज को बिहार की जनता के लिए सूर्य की नई किरण के जैसे नए जीवन की नीव बताया।लोगो ने विश्वास जताया की जन सुराज ही बिहार को बाकी राज्यों की भांति विकास के मार्ग पर लेकर आएगा।

सावधान : फ्री-फायर व अन्य ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में फरार हो रही लड़किया

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर इन दिनों हर हाथ में स्मार्ट फोन मोबाइल होना आम बात हो गई है।यहां तक की नाबालिक लड़के एवं लड़किया भी ऑनलाइन क्लास के नाम पर अपने अभिभावक से स्मार्ट फोन खरीदवा लेते है।अभिभावक भी बिना कुछ सोंचे समझे अपने बच्चें के हाथ में मोबाइल थमा देते है।लेकिन एक बार भी जानने का प्रयास नही करते है कि मोबाइल का उपयोग किस तरह हो रहा है।वर्तमान परिप्रेक्ष्य में फ्री-फायर गेम व अन्य ऑनलाइन गेम का नशा युवक युवतियों पर हावी हो रहा है।इन्हे पता नही कि इस गेम के पीछे विशेष कार्य का अंजाम दिया जा रहा है।गेम के चक्कर में युवतिया अपनी जवानी को दांव पर लगाकर हार रही है।माता पिता अनभिज्ञ रहते है।मामला सामने आने पर माता पिता पुलिस का चक्कर लगाते है।गेम के प्रति युवतियों का अभिरूचि चिंताजनक है। मॉनिटरिंग के अभाव में युवक युवती इंटरनेट गेम, गुण और दोष को नहीं देखते हुए आगे बढ़ते चले जाते हैं और इसका भूक्तभोगी स्वयं तो होते ही हैं साथ ही परिवार वाले लोग भी होते हैं। इस तरह के गेम में पड़ कर युवक युवतिया का एक वर्ग फसते चला जा रहा है और उसकी पढ़ाई लिखाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर जिले में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियां अंतर्गत आज जिले के 10 महादित टोला सहित कुल 12 स्थानो पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की कला जत्था की टीम द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित लोगों को जागरूकता से संबंधित शपथ भी दिलाई गई।सबसे अधिक उत्साह जागरूकता सेल्फी को लेकर था।महादलित टोला के बड़े बुजुर्ग बच्चेआदि सभी में मतदाता जागरूकता सेल्फी लेने को लेकर होड़ सी मची थी।। प्रखंड लदनिया पंचायत महथा स्थल लदानिया बाजार प्रखंड पंडौल पंचायत दहिवत माधोपुर पश्चिमी मुसहरी टोल टीम-जन जागरण युवा समिति कार्यक्रम संख्या एक संगीत एवं ललित कला समिति प्रखंड. घोघरडीहा पंचायत.केवटना सामु भवन प्रखंड पंडौल पंचायत पंडौल पूरबी, मुसहरी टोल प्रखंड लदनिया, पंचायत पिपराही, स्थल सनपतहा महादलित टोला सहित कुल 12 स्थानो पर नुक्कड़ नाटक का अयोजम किया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, सोमवार, 26 फरवरी, 2024

पीएम 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का बिहार को देंगे तोहफा : सम्राट

भाजपा कार्यालय में उप मुख्यमंत्री ने अन्य नेताओं के साथ सुना प्रधानमंत्री के मन की बात

पटना। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने बैठकर सुना। 110 वें मन की बात कार्यक्रम को तमाम भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बड़ी शिद्दत के साथ सुना। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि 110 वें संस्करण में प्रधानमंत्री जी ने मन की बात में ड्रोन दीदी के जरिए किसानों की मदद की चर्चा की तो नए वोटरों का उत्साह भी बढ़ाया। पीएम ने विकास की चर्चा की तो नए मतदाताओं से देश के विकास के लिए मतदान करने का आग्रह भी किया। श्री चौधरी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री बिहार के लिए स्वास्थ्य विभाग की करोड़ों रुपए की लागत की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं। सोमवार को रेलवे के द्वारा बिहार में 70 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन वर्चुअली करेंगे। श्री चौधरी ने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि वे लोग पूछते हैं कि भाजपा सरकार ने क्या किया तो उन्होंने कहा कि वे जान लें अगले 10 दिनों में प्रधानमंत्री बिहार में करीब दो लाख करोड़ रुपए की योजनाओं का वर्चुअली या बिहार आकर उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दो मार्च को बिहार के औरंगाबाद और बेगुसराय आ रहे हैं और उस दौरान कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी कार्यक्रम है और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी दौरा है। इसके बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व संभवतः प्रधानमंत्री जी का एक बार और बिहार आने का कार्यक्रम होगा जिसमे योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। मन की बात कार्यक्रम को सुनने वालों में प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी के अलावा, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, नीतीश मिश्रा, ऋतुराज सिन्हा, संगठन महामंत्री भिखुभाई दलसनिया, सिद्धार्थ शंभू, संजय खंडेलिया, जगन्नाथ ठाकुर, ललन मंडल, राकेश कुमार सिंह, अरविंद सिंह, सुरेश रूंगटा, योगेंद्र पासवान, पियूष शर्मा, प्रवीण राय सहित बड़ी संख्या नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

जदयू के बदौलत राजद का राजनीतिक पुनर्जन्म हुआ : उमेश

- बोलें-2025 के अंत तक राजद पार्टी बिहार से पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा जदयू को तीसरे नंबर की पार्टी कहे जाने पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पलटवार किया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि 2010 विधानसभा चुनाव में राजद का राजनीतिक खात्मा हो चुका था। एनडीए गठबंधन के खिलाफ बिहार की 168 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़कर राजद महज 22 सीटों पर सिमट गई थी। उन्होंने कहा कि राजद अगर आज राजनीतिक रूप से अस्तित्व में है तो इसके लिए उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एहसानमंद होना चाहिये। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं है कि 2015 में जदयू के बदौलत ही राजद का राजनीतिक पुनर्जन्म हुआ था और एक अनुभवहीन युवा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सानिध्य राजनीति का ककहरा सिखाया। आज तेजस्वी यादव की राजनीतिक पहचान नीतीश कुमार की देन है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद के लोग भी अंदरुनी तौर पर इस बात को स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं करते हैं कि अगर श्री नीतीश कुमार की कृपादृष्टि न होती तो आज राजद बिहार की राजनीति का एक बीता हुआ इतिहास बन चुका होता। लिहाजा राजद नेताओं को इतने बड़े के विषय में अनर्गल प्रलाप करने से पूर्व अपनी स्थिति का भी आंकलन अवश्य कर लेना चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि तेजस्वी यादव यह भी बताएं कि लोकसभा में शून्य सीट के साथ राजद कितने नंबर की पार्टी है? यह अजीब विडम्बना है कि शून्य पर सिमटने वाले लोग भी जदयू के नंबर पर तंज कर रहे हैं। राजद का अब कोई भविष्य नहीं है, 2025 के अंत तक राजद पार्टी बिहार से पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। प्रदेश की जनता अब परिवारवाद को सहन करने के मूड में नहीं है।

ग्राम परिक्रमा रथ को झंडी दिखाकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया रवाना

- लाभकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगा ग्राम परिक्रमा रथ : सम्राट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा किसान मोर्चा के ग्राम परिक्रमा रथ को भाजपा प्रदेश कार्यालय से रवाना किया गया। यह रथ केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा किसानो के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का प्रचार और प्रसार करेगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने ग्राम परिक्रमा रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने किसानों की उन्नति और प्रगति के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि यह रथ पूरे प्रदेश में घूम घूमकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार की किसान के हेतु चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का प्रचार और प्रसार करेगा। उन्होंने कहा कि इस रथ के जरिए किसान उन योजनाओं को भी जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार हो किसान उनकी प्राथमिकता हैं। श्री चौधरी ने कहा कि कृषि में तकनीक का उपयोग कर किसान अपनी उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, लेकिन कई किसान ऐसे है जिन्हें इन नई तकनीकों की जानकारी नहीं है। इसके लिए सरकार किसानों को मदद भी कर रही है।

मोदी सरकार में खेत मजदूरों पर हो रहे हैं लगातार हमले : भाकपा

- तीन मार्च की जन विश्वास रैली की तैयारी में जुट जाये कार्यकर्ता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन की बिहार राज्य परिषद की बैठक रविवार को जनशक्ति भवन में हुई। बैठक में महागठबंधन के द्वारा तीन मार्च को गांधी मैदान, पटना में आयोजित जन विश्वास रैली को समर्थन देने और खेत मजदूरों के सवालों को लेकर संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। रैली में पूरे बिहार से एक लाख से अधिक खेत मजूदर यूनियन के कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बीकेएमयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक रिपोर्टिंग की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में लगातार खेत मजदूरों पर हमले हो रहे हैं। पिछले चार वर्षो से गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मनरेगा के बजट में लगातार कटौती की जा रही है पिछले दस वर्षों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि नहीं गई है। मोदी सरकार में दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यक, महिलाओं और खेत मजदूरों पर हमले बढ़े हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से हटाना है। इसकी तैयारी में कार्यकर्ता जुट जाएं। उन्होंने कहा कि तीन मार्च 2024 को गांधी मैदान में दस लाख से ज्यादा की रैली होगी। रैली की तैयारी में एक एक कार्यकर्ता जुट जाएं। रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को लगना होगा। दो मार्च तक कार्यकताओं को पटना पहुँच जाना है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली प्रथमिकता केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाना है। बैठक को रमाकांत अकेला, रामपुकार मुखिया, लालती देवी सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

भ्रष्टाचार और अपराध राजद के रग-रग में बसा है : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा कि राजद के युवराज हर दिन नीतीश सरकार के कामों को अपना बता रहे हैं। लेकिन बिना काम धंधे के कच्ची उम्र में वह करोड़पति कैसे बन गये, इस पर उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकलता। उनसे अनुरोध है कि वह जिस नुस्खे से स्कूली जीवन में ही अकूत संपत्ति के मालिक बन गये, उसे वह बिहार के युवाओं को भी बता दें। उन्हें बताना चाहिय कि आखिर वह कौन सी जादू की छड़ी घुमाते थे कि लोग अपने पुरखों की जमीन उनके नाम कर जाते थे। उन्हें वह कला भी बतानी चाहिए जिससे दिल्ली में करोड़ों का फ़्लैट उन्हें कौड़ियों के भाव मिल जाता है। अगर तेजस्वी जी बिहार के युवाओं का दिल से भला करना चाहते हैं तो उन्हें प्रेस कांफ्रेंस कर के अपनी इस कला का खुलासा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी चाह कर भी इस मामले पर कुछ नहीं बोल सकते, लेकिन जनता उनकी हकीकत जानती है। जनता को पता है कि उन्होंने कैसे बिहार की जनता की खून-पसीने की कमाई को लूटकर अपने महल बनवाए हैं। कैसे चंद रुपयों की सरकारी नौकरियों का झांसा देकर जबरन लोगों से उनकी जमीनें हड़पी गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निश्चयों के तहत की गयी शिक्षकों की नियुक्ति के मामले में भी वह यही सब दोहराना चाहते थे। लेकिन नीतीश सरकार ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। राजद नेताओं का अरबों की संपत्ति हथियाने का सपना धरा का धरा रह गया। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध राजद के रग-रग में बसा है।

कांग्रेस पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा विभाग की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक

- जन विकास रैली सहित अन्य बिंदुओं पर हुई चर्चा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चंदन ने सदाकत आश्रम पटना में प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्षों के साथ बैठक किया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी अरुण यादव शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी डॉ गौतम कुमार ने किया। प्रभारी श्री यादव ने लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावो पर चर्चा किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री अनुराग ने कांग्रेस के संगठन के मजबूती पर चर्चा किया। वही डॉ गौतम कुमार ने 3 मार्च को गांधी मैदान में होने वाले महागठबंधन में शामिल होकर सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिया। पटना महानगर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शशि रंजन ने मांग किया कि बिहार विधान परिषद के होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी से किसी पिछड़ा एवं अति पिछड़ा को उम्मीदवार बनाया जाय। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि गोल्डन , पटना महानगर अध्यक्ष शशि यादव, राजीव मेहता, डॉ मनोज कुमार राजेश रंजन, मुद्रिका यादव, आलोक रंजन, शंभू यादव, भास्कर यादव,नदीम अंसारी, संतोष सौरव, राजनन्दन कुमार, रामप्रीत रॉय, प्रतिमा देवी, भानु यादव, मुकेश कुमार, संजय कुमार, डॉ पंकज कुमार, संजय कुमार, प्रभा सिंह यादव, आदि लोग उपस्थित हुए।

रोजगार की चुनौतियां वैकल्पिक शिक्षा और नए कौशल से हल होगी : आईजी

सशक्त एवं समृद्ध बिहार के निर्माण की प्रतिबद्धता के साथ जीटीआरआई 4.0 में विविध मुद्दों पर मंथन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अगर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनना है, तो बिहार को एक विकसित राज्य बनना होगा। एनईपी 2020 का एक मुख्य उद्देश्य न केवल नौकरी योग्य आबादी बल्कि नौकरी प्रदाताओं को भी तैयार करना है। वैकल्पिक शिक्षण मॉडल बढ़ती युवा आबादी की रोजगार आवश्यकताओं को पूरा करने की कुंजी है। इस संदर्भ में सीखने के पारंपरिक तरीकों के अलावा, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत और योग, कला व शिल्प जैसे कौशलों का प्रमाणीकरण शुरू किया जा सकता है। हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। चाहे उद्योगपति उद्योग स्थापित करने के इच्छुक हों, लेकिन उन्हें कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार, शिक्षण संस्थानों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए, वैकल्पिक शिक्षा ही भविष्य का रास्ता है। उक्त बातें श्री विकास वैभव, आईजी, बिहार पुलिस ने पटना में 24 और 25 फरवरी को आयोजित जीटीआरआई शिखर सम्मेलन के दौरान कहीं। कहा कि जीटीआरआई एक ऐसा मंच है जो बिहार के साथ-साथ बिहारी मूल के सफल व प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा विकसित और समृद्ध बिहार के सपने को साकार करने की दिशा में मिलजुल कर काम करने के लिए स्थापित किया गया है। जीटीआरआई क्यूरेटर अदिति नंदन ने बताया कि वि दो दिनों के दौरान विविध विषयों पर हुई चचाओं से मिली व्यावहारिक सीख के आधार पर भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। नीति आयोग के सलाहकार सुधेंदु ज्योति सिन्हा ने कहा कि भारत 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार और झारखंड स्टेट मैनेजर हरिओम मिश्रा ने ऊर्जा खपत के संदर्भ में व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर डाला। इस अवसर पर विवेक सिंह, पूर्व ओएसडी, वित्त मंत्री, भारत सरकार ने कहा कि प्रधान मंत्री मुद्रा योजना समेत अन्य कार्यक्रमों ने हाशिए पर रहने वाले वर्गों के वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाया है। अल्पना सिंह, वरिष्ठ अध्यक्ष, बैंकएश्योरेंस ने कहा कि प्रौद्योगिकी संचालित समाधानों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग बीमा के दायरे में आ रहे हैं। इस अवसर पर ट्रैवलिंग ब्लॉगर हरीश बाली, फूड ब्लॉगर अनुभव सपरा, स्टार्टअप लीडर अरुणाभ सिन्हा, पीयूष कुमार ने कहा कि प्रौद्योगिकी विकास और इंटरनेट की बढ़ती पैठ की वजह से छोटे-छोटे शहरों में रहने वाले लोग भी स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं।

किसान कॉल सेन्टर की शुरूआत की जायेगी : विजय

उप मुख्यमंत्री ने की कृषि विभाग की समीक्षा, ड्रोन का जीवंत प्रत्यक्षण देखा

- कृषि मंत्री बोलें-किसान से बड़ा शोधकता कोई भी नहीं है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कृषि भवन मीठापुर में कृषि विभाग की योजनाओं तथा सभी संभाग के पदाधिकारियों से योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही, उनके द्वारा औषधीय गुणों से भरपुर मौलश्री के पौधे का रोपण कृषि भवन परिसर में किया गया। सचिव, कृषि विभाग संजय कुमार अग्रवाल ने मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सर्वप्रथम कृषि मंत्री ने आधुनिक तकनीक विशेषकर कृषि में ड्रोन के उपयोग का जीवन्त प्रत्यक्षण देखा। ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेतों की चैहद्दी में किये जा रहे छिड़काव में उपयोग होने वाले कीटनाशी की मात्रा का पौधों में प्रभाव की विशेषता की जानकारी ली। विभाग की योजना में ड्रोन के उपयोग किसानों के खेतों की आंक्षाश एवं देशान्तर की जानकारी के साथ ही, पारदर्शिता से उपयोग की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि राज्य के दो तिहाई नौजवानों को कृषि के तरफ आकर्षित किया जा सकता है। नवयुवकों को कृषि के तरफ आकर्षित करने के लिए लागत से ज्यादा आमद के बारे में विस्तार से उन्हें बताना पड़ेगा। चैथे कृषि रोड मैप को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने की एक बड़ी चुनौती है। हमारे राज्य में उर्वर मिट्टी, सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी तथा मेहनतकश किसान हमारी शक्ति है। किसान से बड़ा शोधकता कोई भी नहीं है। हमें आईटी/सोशल मीडिया के माध्यम से कृषि के नई तकनीकों तथा कृषि एक लाभकारी व्यवसाय है, यह नवयुवकों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रशिक्षण में युवा किसानों को प्राथमिकता दी जाये। साथ ही, विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार पाने वाले किसानों की सफलता की कहानी का सरल भाषा में प्रकाशित कर दुसरे किसानों को प्रेरित किया जाये। मंत्री ने पदाधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि असंभव कुछ भी नहीं है। सामुहिक मेहनत तथा विश्वास से हमें किसानों के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि किसानों की किसी भी तरह की समस्या का निदान के लिए कृषि भवन, मीठापुर में किसान कॉल सेन्टर की स्थापना की जायेगी, ताकि किसानों की समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। सचिव कृषि विभाग संजय कुमार अग्रवाल द्वारा मंत्री को विभाग की गतिविधियों तथा संगठनात्मक स्वरूप के बारे में बताया गया। साथ ही, विभिन्न संभागों में किसानों को ऑन लाईन करने की सुविधा से संबंधित विभिन्न ऐप तथा पोर्टल यथा-डीबीटी, बिहार राज्य बीज निगम, उद्यान, बिहान ऐप, बिहार कृषि ऐप तथा पंचायत स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति रियल टाईम में दर्ज करने वाले बिकास ऐप के बारे में जानकारी दी। जलछाजन विकास के विभिन्न अवयवों का ऑन-लाईन प्रत्यक्षण प्रस्तुत किया गया। उद्यान निदेशालय की विभिन्न योजनाओं की अनुश्रवण सीधा किसानों के खेतों से जीवन्त प्रत्यक्षण ऑन-लाईन के माध्यम से अररिया में मशरूम, गड़हनी, भोजपुर में पॉलीहाउस में जरबेरा फूल उत्पादन, लखीसराय में मधुमक्खीपालन से 12 किसानों का समूह शहद उत्पादन तथा मुंगेर में पपीता की खेती को दिखाया गया। इस अवसर पर कृषि निदेशक डॉ आलोक रंजन घोष, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, सहित मुख्यालय के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

हर जाति, धर्म व समुदाय के लोगों का मिल रहा समर्थन : तेजस्वी

- बोलें-दूसरे चरण की यात्रा में कोई जनसभा नहीं होगी

पटना। बिहार विधानसभा मं नेता प्रतिक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की जन विश्वास यात्रा का दूसरा चरण रविवार से शुरू हो गया है। समापन 28 फरवरी को होगा। यात्रा पर रवाना होने से पहले तेजस्वी ने जोरदार हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछले 5 दिनों में हमने 1500 किलोमीटर की यात्रा पुरी की है। हर जाति, वर्ग, धर्म, समुदाय के लोगों का समर्थन अब तक मिलता रहा है। आज से दूसरे चरण की यात्रा शुरू होगी। तेजस्वी ने कहा कि दूसरे चरण की यात्रा में कहीं भी कोई जनसभा नहीं होगी बल्कि सिर्फ नुक्कड़ शो और रोड शो किया जाएगा। इसकी वजह पटना में होने वाली आगामी 3 मार्च की रैली है, हम चाहते हैं कि इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और उससे पहले पूरे बिहार का भ्रमण कर लें। इसलिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया है। वहीं, दूसरे चरण के जन विश्वास यात्रा पर निकलने से पहले पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी ने कहा कि मुख्यमंत्री बिल्कुल थक चुके हैं। पहले उन्होंने भाजपा को छोड़ा फिर हमारे पास आए फिर हमको छोड़ भाजपा के पास गए फिर हमारे पास आए और हमको छोड़कर फिर भाजपा के पास चले गए तो इनका तो यही काम रह गया है। इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि मांझी जो बातें कह रहे हैं वो ठीक कहा है कि- अगर उनके चार विधायक नहीं होते तो सरकार चली जाती। उन्होंने कहा तेजस्वी ने कहा कि मांझी जी कल कह रहे थे की नीतीश कुमार की पार्टी में तीन कैकेयी है। लेकिन, हम कहते हैं कि न सिर्फ तीन कैकेयी बल्कि एक मंथरा भी उनकी पार्टी में हैं और समय आने पर इसका भी हम लोग खुलासा करेंगे। उधर, तेजस्वी यादव ने कैबिनेट विस्तार को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि - आखिर एक महीने होने के बाद भी अब तक कैबिनेट का विस्तार कहीं क्यों नहीं हो पा रहा है। यह तो उनको बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के विकास में सीधा असर पड़ रहा है और इससे बहुत कुछ रूका हुआ है।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री किसानों के लिए ला रहें कई योजनाएं : डिप्टी सीएम

बोलें-किसानों का अधिक से अधिक धान खरीदा जाएगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार स्टेट रॉयल मिल एसोसिएशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राइस मिल एक्सपो का हुआ समापन हुआ। मौके पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत किसानों का देश है। यहां की 80 फीसदी आबादी कृषि पर आधारित है इसलिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री किसानों के लिए कई योजनाएं ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि राइस मिल से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। रोजगार प्रेरक मिलरों के लिए सरकार चिंतित है और उसपर सम्मन पूर्वक विचार करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार बदल रहा है और यहां पीएम की सोच के साथ तेजी से बदलाव होगा। अन्नदाता वह अन्य का सम्मान में राइस मिल की बड़ी भूमिका है जिन्होंने किसानों को मिल तक पहुंचाने का काम किया। सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में उपभोक्ता को देखते हुए पूछना चावल मिल को प्रोत्साहित किया जाएगा और अधिक से अधिक आधुनिक तकनीक से जुड़ी मशीन लगाई जाएगी किसानों का अधिक से अधिक धन अधिक प्रति कर उन्हें समर्थन मूल्य दिलाया जाएगा। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार स्टेट राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव रंजन कुमार उर्फ राजू गुप्ता ने कहा कि किस को समर्थन मूल्य प्राप्त हो और गुणवत्ता पूर्ण चावल का वितरण हो इसके लिए यहां विदेश से कंपनियां आई हुई है। कहां बिहार में एक करोड़ 30 लाख एम्टी धान का उत्पादन हो रहा है और सरकार महज 30 मत ही खरीद पा रही है और उसमें से खरीदे हुए धन से महज 20 मत चावल ही बन पाता है जबकि बिहार में पीडीएस के माध्यम से 50 लाख एमटी धान की खपत है इसलिए सरकार को ज्यादा से ज्यादा समर्थन मूल्य पर धान खरीद करना चाहिए ताकि बिहार से धन दूसरे प्रदेश में ना जा सके।

मेगा हेल्थ कैम्प में 400 से अधिक की निशुल्क जांच

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। जांच शिविर में 16 विशेषज्ञ चिकित्सको मरीजों की जांच की। शिविर में 175 से अधिक मरीज ने अपनी आंखों की जाँच कराई। इनमे 25 मरीजों में मोतियाबिंद काफी अधिक बढ़ा हुआ मिला। 30 मरीजों को पढ़ने का चश्मा दिया गया। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका ने करीब 75 से अधिक मरीजों की जांच की। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विकास सिंह ने 40 से अधिक मरीजों की जांच की। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्रवण कुमार ने 45 बच्चों की जांच की। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षिता एवं डॉ कोमल ने 55 से अधिक के दांतों की जांच की। इसके साथ हीं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी एवं उषा अग्रवाल, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अंगद कुमार, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, जेनेरल फिजिशियन डॉ पूनम नंदन आदि ने मिलकर करीब 400 से अधिक मरीजों की जांच की। करीब सौ से अधिक मरीजो के खून की जांच की गई। सोसाइटी अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि सभी मरीजों को खाने का पैकेट भी दिया गया। एमपीजैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में सोसायटी के सचिव पुषोत्तम अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष विजय किशोरपुरिया, उपाध्यक्ष राधेश्याम बंसल, गणेश खेतड़ीवाल, अरुण रुंगटा, सुबोध गोयल, प्रशांत बंका, सह सचिव दिनेश अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, गोपाल मोदी, हरि कृष्ण अग्रवाल, अनिल गुप्ता, गोपाल झुनझुनवाला, शंकर अग्रवाल, सहित दर्जनों सदस्य लगे हुए थे।

धूमधाम से मना मां ब्लड सेंटर का स्थापना दिवस

पटना। माँ ब्लड सेंटर के द्वितीय स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन दरियापुर पटना स्थित ब्लड सेंटर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजय कुमार अग्रवाल, भाप्रसे सचिव, कृषि एवं परिवहन विभाग, विशिष्ट अतिथि के रुप में कुमार रवि, भाप्रसे सचिव, भवन निर्माण विभाग ने भाग लिया` कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, भाप्रसे तथा औषधि नियंत्रक उदय शंकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में निरंतर रक्तदान करने वाले रक्तवीरों, रक्त वीरांगनाओं तथा बड़ी संख्या में समाज सेवियों के साथ साथमाँ वैष्णो देवी सेवा समिति के पदाधिकारियों व कर्मियों तथा मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विगत दो वर्षों में निरंतर रक्तदान करने वाले रक्तवीरों, रक्त वीरांगनाओं के साथ साथ ब्लड सेंटर के संचालन में अभिन्न योगदान करने वाली को सम्मानित किया गया। माँ वैष्णो देवी सेवा समिति परिवार द्वारा बताया कि इन दो वर्षों में ब्लड सेंटर द्वारा 7959 रक्तदाताओं के सहयोग से कुल 10,598 यूनिट रक्त प्राप्त किया गया तथा कुल 7,376 लाभार्थियों तक इस रक्त को पहुँचाया गया।

प्रधानमंत्री 2 हजार से अधिक रेल अवसंरचना परियोजनाओं का आज करेंगे शिलान्यास व उद्घाटन

- रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है : महाप्रबंधक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने लगातार रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया है। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को एक साथ मिलाते हुए शहर के केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। इन स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें छत प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फसाड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। साथ ही, इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, जिसका लगभग 385 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया गया है। भविष्य में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान सुविधाओं को अलग कर दिया गया है। यह शहर के दोनों हिस्सों को जोड़ता है। इस केंद्रीय वातानुकूलित स्टेशन में आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे कि एयर कॉनकोर्स, कंजेशन फ्री सकुर्लेशन, फूड कोर्ट और ऊपरी व निचले बेसमेंट में पर्याप्त पार्किंग स्थान है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे। ये रोड ओवरब्रिज और अंडरपास 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित हैं। लगभग 21,520 करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं का निर्माण किया गया है। इन परियोजनाओं से भीड़ कम होगी, सुरक्षा व कनेक्टिविटी बढ़ेगी औररेल यात्रा की क्षमता व दक्षता में सुधार होगा। इस संबंध में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा यात्री सुविधा एवं रेल विकास से जुड़ी रेल परियोजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । महाप्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेल द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्री सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु उनके पुनर्विकास का कार्य तथा समपारों पर संरक्षा के दृष्टिकोण से रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसपंर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

लालू, राबड़ी और तेजस्वी ने शबे- बरात की दी मुबारकबाद

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रो मनोज कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, नवनिर्वाचित सांसद संजय यादव , प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने शब ए बरात के मौके पर सूबा बिहार और मुल्क के लोगों के साथ-साथ मुस्लिम- भाई बहनों को खास तौर से मुबारकबाद दी है। नेताओं ने कहा कि शबे -बरात का त्यौहार काफी अहमियत और विशेष इबादत वाली रात है। इस मौके पर लोग पूरी रात जाग कर अल्लाह की रजा.के लिए इबादत करते हैं और अपने पूर्वजों और आबो -वाजदाद को याद करते हैं । शबे -बरात में की गई दुआओं को अल्लाह कबूल करते हैं। इस रात को हम मुल्क के खैर सागली मोहब्बत के जज्बे को बढ़ावा देने के साथ-साथ इंसान और इंसानियत की बका के लिए दुआ करें और एक दूसरे के गम और खुशी में बराबर के शरीक रहें ऐसी सोच को बढ़ावा के लिए सभी मिलकर काम करें।

सम्पादकीय

मोदी जी क्यों महान हैं?

अजय दीक्षितलोगों ने समाचारों में देखा और पढ़ा होगा की कतर में आधा दर्जन से अधिक पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारियों को पिछले दो-तीन साल से एकांतवास में मृत्यु दण्ड की सजा सुनाई गई थी। उन पर कतर के खिलाफ जासूसी का आरोप था। उन्हें एकांतवास में अलग-अलग रखा गया था। इसे सोलिटरी कन्फाइनमेंट कहते हैं। आपको यदि आधा दिन भी बिल्कुल अंधेरे में बन्द कमरे में रखा जाये, न रोशनी, न भोजन, न टी.वी., न देख सुन सकते हो, तो कैसा लगेगा। इन्हें तो कई साल तक ऐसे ही रखा गया था। न तो भारत सरकार को, न ही भारतीय दूतावास को कोई खबर रही। न ही इन्हें इनके परिवार को इनके बारे में कुछ मालूम था। जब खबर लीक हुई तो भारत के विदेश मंत्रालय ने और कतर के भारतीय दूतावास ने कतर के अधिकारियों से सम्पर्क साधा। बाद में अपील करने पर इन्हें मौत की सजा से आजीवन कारावास में बदल दिया गया। इन्हें काउंसलर ऐसस भी दिया गया। फिर इन्हें सोलिटरी कन्फाइनमेंट से साधारण जेल में रखा गया और परिवार वालों को भी इनसे सम्पर्क की इजाजत दे दी गई। माननीय प्रधानमंत्री 14.02.2024 को कतर और यू.ए.ई. के दौर पर हैं। यू.ए.ई. में उन्होंने एक मन्दिर का उद्घाटन भी किया। 13 फरवरी की अल सुबह इनके पूर्व नौ सेना अधिकारियों में से छः चुपचाप भारत लौट आये। इनके परिवार वालों को भी कोई सूचना नहीं थी। एक नौ सैनिक अभी कतार में ही है। पर वह भी आजाद है। आप क्या सोचते हैं? ये कैसे आजाद हुए? यह सब असल में मोदी जी के कतर के शेख से सीधे बातचीत से संभव हुआ है। कितने प्रधानमंत्री होंगे जो अपने किसी साधारण नागरिक के लिए ऐसा प्रयास करेंगे? एक नौ सैनिक की पत्नी तो अभी कतर में ही है। भारत वापस आने के बाद इस नौ सैनिक अधिकारी ने अपनी पत्नी को फोन कर भारत वापस आने के लिए कहा। पूरे देश को इस प्रयास के लिए मोदी जी का आभारी होना चाहिए चाहे पक्ष हो या विपक्ष। जब सुषमा स्वराज विदेश मंत्री थी तब वास्तव में विदेश से सम्पर्क का काम तो स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी करते थे, परन्तु सुषमा स्वराज भी इसी प्रकार संकट में फंसे भारती की सदा मदद करती थी जो विदेशों में फंस गये हैं। शुद्ध राजनीति में पक्ष और विपक्ष को एक दूसरे के अच्छे कामों की जी खोलकर तारीफ करनी चाहिए। पंजाब में वहां के मुख्यमंत्री ने सड़क पर गश्त करने के लिए विशेष पुलिस बल बनाया है। यह पुलिस वाले सड़कों पर कार में घूमते रहते हैं ताकि एक्सीडेंट या गाड़ी खराब होने पर तत्काल सहायता मिल जाये। पंजाब ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। इसी प्रकार दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक भी अच्छी फेल है। असल में घर में बाई का काम करने वाली, या गरीब या वृद्ध या सड़कों पर ठेला लगाने वाले यदि सरकारी अस्पताल जाएंगे तो पूरा दिन बर्बाद होगा! तो उनकी नौकरी या रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा। मोहल्ला क्लीनिक में घर के पास ही तुरन्त जांच डॉक्टरी सलाह मिलने से इस प्रकार के लोगों को बहुत फायदा होगा। यह अच्छा काम है। सभी को इसकी तारीफ करनी चाहिए। दिल्ली में रूफटॉप सूर्य किरण की गर्मी से बिजली पैदा करना भी अच्छी पहल है। अब उत्तर प्रदेश में योगी जी को भी ऐसी ही घोषणा करनी चाहिए। अब कई और राज्य भी बिजली मुख्य देने की घोषणा कर रहे हैं। अच्छा काम, अनुकरणीय काम, चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का, सभी को उसकी तारीफ करनी चाहिए।

भारत में बढ़ते भ्रष्टाचार के मध्य निशाने पर व्हिसिल ब्लोअर्स

भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग सत्ता के संरक्षण में स्वयं को सुरक्षित कर रहे हैं। देश के लाखों करोड़ रुपए लेकर तमाम ठग व भगौड़े विदेशों में पनाह ले चुके हैं। बड़े व्यवसाय व ठेकों पर उद्योगपतियों के नेटवर्क का लगभग पूर्ण नियंत्रण हो चुका है। यहाँ तक कि बड़े उद्योगपतियों द्वारा छोटे व्यवसायियों को निगलने का खेल भी खेला जा रहा है। एक तरफ जहाँ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने और उन्हें गले लगाने के कई उदाहरण सामने हैं वहीँ दुर्भाग्यवश ऐसे भ्रष्टाचारियों की पोल खोलने व उन्हें बेनकाब करने वाले ह्विसिल ब्लोअर्स की सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता का विषय बानी हुई है। हमारे देश में ह्विसिल ब्लोअर्स की हत्या से लेकर उनपर हमलों व मुकदमों जैसी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। अनेक आर टी आई कार्यकताओं की हत्या व उन पर हमले हो चुके हैं। जबकि हमारे देश में व्हिसल ब्लोअर को व्हिसलब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम, 2014 द्वारा संरक्षित भी किया जाता है। कानून में उनकी पहचान की सुरक्षा के साथ-साथ उनके उत्पीड़न को रोकने के लिये कठोर मानदंडों को भी शामिल किया गया है। परन्तु पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक मालिक जैसे वरिष्ठ नेता के करीब 30 ठिकानों पर सी बी आई द्वारा की गयी छापेमारी के बाद एक बार यह सवाल फिर उठने लगा है कि सरकार आखिर किसके साथ है?

तनवीर जाफरी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

हमारे देश में भ्रष्टाचार मिटाने, भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने जैसे दावे तो लगभग सभी सरकारों द्वारा बड़े ही जोर शोर से किये जाते रहे हैं। परन्तु हकीकत शायद इससे कुछ अलग ही है। दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर फलफूल रहा है। भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग सत्ता के संरक्षण में स्वयं को सुरक्षित कर रहे हैं। देश के लाखों करोड़ रुपए लेकर तमाम ठग व भगौड़े विदेशों में पनाह ले चुके हैं। बड़े व्यवसाय व ठेकों पर उद्योगपतियों के नेटवर्क का लगभग पूर्ण नियंत्रण हो चुका है। यहाँ तक कि बड़े उद्योगपतियों द्वारा छोटे व्यवसायियों को निगलने का खेल भी खेला जा रहा है। एक तरफ जहाँ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने और उन्हें गले लगाने के कई उदाहरण सामने हैं वहीँ दुर्भाग्यवश ऐसे भ्रष्टाचारियों की पोल खोलने व उन्हें बेनकाब करने वाले ह्वव्हिसिल ब्लोअर्सह्ल की सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता का विषय बानी हुई है। हमारे देश में ह्वव्हिसिल ब्लोअर्सह्ल की हत्या से लेकर उनपर हमलों व मुकदमों जैसी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। अनेक आर टी आई कार्यकताओं की हत्या व उन पर हमले हो चुके हैं। जबकि हमारे देश में व्हिसल ब्लोअर को व्हिसलब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम, 2014 द्वारा संरक्षित भी किया जाता है। कानून में उनकी पहचान की सुरक्षा के साथ-साथ उनके उत्पीड़न को रोकने के लिये कठोर मानदंडों को भी शामिल किया गया है। परन्तु पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक मालिक जैसे वरिष्ठ नेता के करीब 30 ठिकानों पर सी बी आई द्वारा की गयी छापेमारी के बाद एक बार यह सवाल फिर उठने लगा है कि सरकार आखिर किसके साथ है? भ्रष्टाचारियों या रिश्वतखोरों के साथ या ह्वव्हिसलब्लोअर्सह्ल के साथ? सत्यपाल मलिक ने कहा कि उनके घर पर सीबीआई ने जो छापा मारा है वो नहीं होना चाहिए था क्योंकि जिस किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के सिलसिले में उनके घर पर छापा डाला गया है उसमें वो असल में ह्वव्हिसल ब्लोअर और शिकायतकर्ताह्ल थे। इस छापेमारी के बाद उन्होंने फिर दोहराया कि ये वही किरु मामला है जिसमें मैंने कहा था कि मुझे 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की गई थी लेकिन मैंने फाइल पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। लेकिन मैंने जिन गुनहगारों के नाम लिए थे उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय सीबीआई ने ह्वव्हिसलब्लोअर के खिलाफ ही कार्रवाई करने का फैसला किया। मालिक ने यह भी आरोप लगाया कि ह्लसरकार अपने आलोचकों को चुप कराना चाहती है। विपक्षी दल भी पूर्व राज्यपाल के ठिकानों पर की गयी सी बी आई छापेमारी को असंतोष की आवाजों को दबाने वाला कदम बता रहे हैं। इसे भारतीय किसानों के गुस्से से ध्यान भटकाने की कोशिश भी बताया जा रहा है। राहुल गांधी ने तो इस प्रकरण पर अपने ही अंदाज में लिखा है कि-ह्लकिसान एमएसपी मांगें, तो उन्हें गोली मारो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? जवान नियुक्ति मांगें, तो उनकी बातें तक सुनने से इनकार कर दो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? पूर्व गवर्नर सच बोलें, तो उनके घर सीबीआई भेज दो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? सबसे प्रमुख विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? धारा 144, इंटरनेट बैन, नुकीली तारें, आंसू गैस के गोले-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? मीडिया हो या सोशल मीडिया, सच की हर आवाज को दबा देना-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी?

तो क्या जिसे मदर ऑफ डेमोक्रेसी बताया जा रहा है उस देश की वास्तविक हकीकत ही यही है कि यहाँ भ्रष्टाचारियों व आर्थिक व व्यवसायिक अनियमितता बरतने वालों को नहीं बल्कि आर टी आई एक्टिविस्ट या ह्वव्हिसलब्लोअर्सह्ल अथवा भ्रष्टाचार पर उंगली उठाने वालों को ही परेशानी उठानी पड़ सकती है? गौर तलब है कि पूर्व राजयपाल सत्यपाल मलिक द्वारा गत वर्ष अप्रैल-मई महीने में कई प्रमुख पत्रकारों, टी वी चैनल्स व यू ट्यूब मीडिया चैनल्स को साक्षात्कार दिये गए थे जिसमें मलिक ने पुलवामा हमले को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्हीं साक्षात्कारों में सतपाल मालिक यह भी कह चुके हैं कि कश्मीर का राज्यपाल रहते उनके पास दो फाइलें आई थीं। एक प्रोजेक्ट से आरएसएस के एक बड़े व्यक्ति जुड़े थे और एक प्रोजेक्ट से उद्योगपति मुकेश अंबानी। वे आरएसएस के उस बड़े व्यक्ति का नाम (राम माधव) भी ले चुके हैं। परन्तु छापेमारी न तो अंबानी के किसी परिसर में हुई न ही राम माधव के किसी ठिकाने पर? इसी तरह याद कीजिये दो वर्ष पूर्व अयोध्या में कथित जमीन घोटाले को लेकर आप सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई दस्तावेजी सुबूत पेश करते हुये विश्व हिन्दू परिषद् नेता चम्पत राय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे। परन्तु आज, सांसद संजय सिंह तो किसी दूसरे मामले में जेल में हैं जबकि चम्पत राय राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य मेजबान रहे हैं। यहाँ तक कि 22 जनवरी को अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला निमंत्रण देने का भी सौभाग्य उन्हीं को हासिल है?

राहुल गांधी अडानी के व्यवसाय सम्बंधित अनेक अनियमितताओं पर मुखरित होकर बोलने वाले देश के इकलौते साहसी नेता हैं। परन्तु उन की न केवल सांसदी छीनने की कोशिश की जा चुकी बल्कि और भी अनेक

विश्वास के सिंहासनों से षडयंत्रों का शंखनाद

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश को धर्म के नाम पर बांटकर स्वार्थ पूर्ति के प्रयास निरंतर तेज होते जा रहें। लोकसभा के चुनावों की बयार चलते ही विश्वास के सिंहासनों से षडयंत्रों का शंखनाद होने लगा है। कहीं कल्कि पीठ के पीठाधीश्वर कलयुग की काल गणना करके परमात्मा के अवतरण की घोषणा कर रहे हैं तो कहीं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मंदिरों पर टैक्स लगाने के लिए कर्नाटक हिन्दू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024 को विधान सभा में पास करती है। कहीं असम की भाजपा सरकार मुस्लिम मैरिज एण्ड डिवोर्स एक्ट 1935 को समाप्त करती है तो वहां के मुस्लिम नेता शरीयत कानून के अनुसार ही सामाजिक व्यवस्था मानने की घोषणा करते हैं। कहीं मुस्लिम लीग के फरमान जारी होते हैं तो कहीं खुलेआम गजवा-ए-हिन्द को इस्लाम का अभिन्न अंग मानने के फतवे जारी होते हैं। कहीं हिन्दू राष्ट्र की मंचीय घोषणा होती है तो कहीं मिशनरी के व्दारा लालच के सब्जबाग दिखाये जाते हैं। चौराहों से लेकर चौपालों तक चचाओं का बाजार गर्म है। कर्नाटक की राजधानी बैंगलुरु में बैठकर मुख्यमंत्री सिध्दारमैया ने कांग्रेस के आलाकमान के इशारे पर हिन्दू मंदिरों को मुगुलकालीन जरिया कर जैसे चाबुकों से लहूलुहान करने हेतु विधान सभा में विधेयक पेश किया और संख्या बल के आधार पर पास भी कर लिया परन्तु विधान परिषद में भाजपा के पास अधिक सदस्य होने के कारण उसे अन्तिम रूप नहीं दिया जा सका। यह वही पार्टी है जिसके आलाकमान राहुल, सोनिया, प्रियंका गांधी चुनावी काल में दर-दर गली-गली मंदिरों में माथा टेककर हिन्दू मतदाताओं के वोट बटोने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वहीं असम की राजधानी दिसपुर में आसन जमाये मुख्यमंत्री डा. हेमंत विस्वा ने अपनी पार्टी के मुखिया के संकेत पर मुसलमानों के विवाह और तलाक की परम्परागत व्यवस्था की कानूनी मान्यता समाप्त कर दी। इस हेतु वहां के मंत्री जयंत मल्लाबरुआ ने घोषणा करते हुए कहा कि अब मुस्लिम विवाह और डिवोर्स से जुडे सभी मामले स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत सुलझाये जायेंगे। दूसरी ओर इसका विरोध करते हुए असम में आल इण्डिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के मुखिया बदरुद्दीन अजमल ने मोर्चा खोल दिया जिसे आगे बढाते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने कहा कि मुस्लिम सिर्फ शरीयत कानून को ही मानेगा। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद शहर में स्थापित दारुल उलूम मदरसा ने गजवा-ए-हिन्द को डंके की चोट पर मान्यता देते हुए फतवा जारी किया है। फतवे में कहा गया है कि भारत पर आक्रमण करने के दौरान मरने वाले महान शहीद कहलाए जायेंगे और उन्हें जन्नत नसीब होगी। यह सब कुछ देश के अन्दर बैठकर दबंगी से सोशल मीडिया की साइट पर किया जा रहा है ताकि मुसलमानों के अन्दर धार्मिक उन्माद भडकाया जा सके। इस हेतु सुन्न-अल-नसा नामक पुस्तक का जिक्र करते हुए हजरत अबू हुरैरा की हदीस का हवाला दिया गया। उसमें कहा गया कि अल्लाह के संदशवाहक ने भारत पर हमले का वायदा किया था। उन्होंने कहा था कि अगर मैं जिन्दा रहा तो इसके लिए अपनी खुद की और अपनी संपत्ति की कुबार्नी दे दूंगा। मैं सबसे महान शहीद बनूंगा। वहीं अनेक स्वयं भू हिन्दू धर्मगुरुओं के व्दारा भी हिन्दू राष्ट्र की घोषणा खुले मंचों से की जा रही है। लोगों की निजिता को सार्वजनिक करके हाल ही में लोकप्रियता की ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले ऐसे धर्मगुरु अक्सर अपने विवादास्पद कृत्यों, वक्तव्यों और संवादों से विष पौध ही रोपते रहते हैं। हिन्दू राष्ट्र का प्रचार भी गजव-ए-हिन्द की तरह ही माना जा रहा है। अन्तर केवल सोच का है। हिन्दुओं की आस्था केवल समस्या के समाधान तक ही सीमित होती है जिसे अस्थाई कहा जा सकता है परन्तु मुस्लिम आस्था को कट्टरता के रूप मे स्थापित करने के निरंतर प्रयास होते रहते हैं। नेटवर्किंग की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के कारण ही हल्व्दानी काण्ड के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को लम्बे समय तक हथकडी पहनाना सम्भव नहीं हुआ। वह सुरक्षित इस्लामिक नेटवर्क के कारण ही अनेक राज्यों में अपने लोगों के घरों में न केवल ठहरा बल्कि पैसे, वाहन और अन्य संसाधन प्राप्त करता रहा। ऐसा ही कृत्य एक हिन्दू गायक ने विवादास्पद बयान देने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए बुंदेलखण्ड में नव प्रचारित धार्मिक स्थान के समीप आश्रय लेकर किया था। देश के गरीब इलाकों में मिशनरी व्दारा लालच का सहारा लेकर निर्धन परिवारों को धर्म परिवर्तन की ओर बढाया जा रहा है। गोरों के शासनकाल के मनमाने आवंटन आज तक यथावत मालिकाना हक के रूप में स्थापित हैं जिन्हें स्वाधीनता के अनुबंध के आधार पर तत्कालीन कथित नेताओं ने मूर्त रूप देने का काम किया था। अनेक स्थानों पर तो चिकित्सालय, शिक्षालय जैसी संस्थायें आज भी आम लोगों पर लागू होने वाले कानून नहीं मानतीं हैं। विशेषाधिकारों की दुहाई पर काम करने वाले कभी मानवाधिकरों की ढाल खडी कर देते हैं तो कभी अभिव्यक्त की आजादी पर संसद में बाबरी मस्जिद जिन्दाबाद के नारे बुलंद करते हैं। यह कारक लोक सभा के चुनाव काल में सुनामी की तरह ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं ताकि अंध श्रध्दा को प्रचारित करके वोट बैंक पर डाका डाला जा सके। इन प्रयासों को असफल करने के लिए आम आवाम को स्वयं आगे आना पडेगा अन्यथा आस्था के मनगडन्त मायनों को सत्ता की परिभाषा बनाने वाले अपने षडयंत्र से भाई-भाई के बीच खूनी जंग छिडवाने का मंसूबा पूरा कर लेंगे। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

विपक्ष क्या भ्रष्टाचार का मुद्दा बना पाएगा?

अच्छे की उम्मीद में या ज्यादा विकास की उम्मीद में मतदान करके सत्ता परिवर्तन की मिसाल नहीं है। राज्यों के स्तर पर जरूर ऐसी कुछ मिसालें हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संभवत: एक बार भी ऐसा नहीं हुआ। लगभग हर बार सत्ता परिवर्तन के लिए किए गए मतदान के पीछे भ्रष्टाचार सबसे कॉमन कारण रहा। उसके बाद महंगाई और फिर सत्ता का दुरुपयोग ये दो कारण रहे। 1977 में इंदिरा गांधी सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों के कारण हारी थीं। लोगों ने संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करके देश में इमरजेंसी लगाने, विपक्षी नेताओं को जेल में डालने, मीडिया पर सेंसरशिप लागू करने जैसी ज्यादतियों के लिए उनको सजा दी थी। एक बार सजा देने के बाद लोगों ने तीन साल में ही फिर उनकी सत्ता में वापसी भी कराई थी। इसके अलावा बाकी सत्ता परिवर्तन चाहे वह 1989 का हो या 2014 का वह भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दे पर हुए थे। 1996 या 1998 में हुए बदलाव को सत्ता परिवर्तन की बजाय सत्ता हस्तांतरण कह सकते हैं। क्योंकि सारी पार्टियां और गठबंधन सीटों की संख्या के लिहाज से आसपास ही थे, जिसने बेहतर गठबंधन किया उसने सरकार बना ली। सत्ता परिवर्तन से उलट सत्ता की निरंतरता हमेशा सकारात्मक रही है। लोग बेहतर की उम्मीद में सत्तारूढ़ गठबंधन की वापसी कराते रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी को भी 13 महीने सरकार चलाने के बाद दूसरा मौका मिला था। मनमोहन सिंह को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला और नरेंद्र मोदी को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला है। लगातार तीसरा मौका इस देश में सिर्फ पंडित जवाहरलाल नेहरू को मिला था।

अजीत द्विवेदी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार है

भारत में आजादी के बाद से अब तक हुए सत्ता परिवर्तनों में कुछ बातें बहुत कॉमन रही हैं। ऐसा शायद कभी नहीं हुआ है, कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर, कि देश के मतदाताओं ने सकारात्मक रूप से सत्ता परिवर्तन के लिए मतदान किया हो। अच्छे की उम्मीद में या ज्यादा विकास की उम्मीद में मतदान करके सत्ता परिवर्तन की मिसाल नहीं है। राज्यों के स्तर पर जरूर ऐसी कुछ मिसालें हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संभवतः एक बार भी ऐसा नहीं हुआ। लगभग हर बार सत्ता परिवर्तन के लिए किए गए मतदान के पीछे भ्रष्टाचार सबसे कॉमन कारण रहा। उसके बाद महंगाई और फिर सत्ता का दुरुपयोग ये दो कारण रहे। 1977 में इंदिरा गांधी सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों के कारण हारी थीं। लोगों ने संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करके देश में इमरजेंसी लगाने, विपक्षी नेताओं को जेल में डालने, मीडिया पर सेंसरशिप लागू करने जैसी ज्यादतियों के लिए उनको सजा दी थी। एक बार सजा देने के बाद लोगों ने तीन साल में ही फिर उनकी सत्ता में वापसी भी कराई थी। इसके अलावा बाकी सत्ता परिवर्तन चाहे वह 1989 का हो या 2014 का वह भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दे पर हुए थे। 1996 या 1998 में हुए बदलाव को सत्ता परिवर्तन की बजाय सत्ता हस्तांतरण कह सकते हैं। क्योंकि सारी पार्टियां और गठबंधन सीटों की संख्या के लिहाज से आसपास ही थे, जिसने बेहतर गठबंधन किया उसने सरकार बना ली। सत्ता परिवर्तन से उलट सत्ता की निरंतरता हमेशा सकारात्मक रही है। लोग बेहतर की उम्मीद में सत्तारूढ़ गठबंधन की वापसी कराते रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी को भी 13 महीने सरकार चलाने के बाद दूसरा मौका मिला था। मनमोहन सिंह को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला और नरेंद्र मोदी को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला है। लगातार तीसरा मौका इस देश में सिर्फ पंडित जवाहरलाल नेहरू को मिला था। तभी यह यक्ष प्रश्न है कि क्या नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे या उन्हें रोकने के लिए कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार, महंगाई और सत्ता के दुरुपयोग का मुद्दा बना पाएंगी? इस समय देश में ऐसी स्थितियां मौजूद हैं या ऐसे घटनाक्रम हुए हैं, जिनसे विपक्ष भ्रष्टाचार, महंगाई और सत्ता के दुरुपयोग यानी तीनों का मुद्दा बना सकता है। ध्यान रहे 1975 में इंदिरा गांधी का चुनाव इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस आधार पर खारिज किया था कि उनके निजी सहायक यशपाल कपूर ने अपना इस्तीफा स्वीकार होने से पहले इंदिरा गांधी का चुनाव प्रचार संभाला था। सोचें, यशपाल कपूर ने इस्तीफा दे दिया था और स्वीकार होने से पहले इंदिरा गांधी के चुनाव क्षेत्र में चले गए थे तो इस आधार पर इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द हो गया था! अभी भाजपा के एक नेता ने, जिसे चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी बनाया गया था उसने विपक्ष के आठ वोट अवैध घोषित करके भाजपा को चार वोट से जीत दिला दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ गिनती रद्द करके वापस आम आदमी पार्टी का मेयर बनाया है, बल्कि भाजपा के नेता अनिल मसीह पर मुकदमा दर्ज करने को कहा है। यह सत्ता के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष उदाहरण है। ऐसे कई उदाहरण विपक्ष को मिल जाएंगे। विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी, राज्यपालों का मनमाना रवैया, मीडिया पर अघोषित पाबंदी जैसे कई मुद्दे हैं, जिन्हें विपक्ष गाहे-बगाहे उठाता रहता है। जहां तक भ्रष्टाचार की बात है तो चुनावी बॉन्ड पर आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक नजीर है। सरकार ने चुनावी चंदे के लिए एक ऐसी योजना लागू की थी, जिसमें शून्य पारदर्शिता थी। चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने की योजना में इतनी गोपनीयता थी कि किसी को पता नहीं चल पाता कि किसने बॉन्ड खरीदा, कितने का खरीदा और किसको कितनी राशि दी। इसे धन विधेयक की तरह सिर्फ लोकसभा से पास करके कानून बनाया गया था और सूचना के अधिकार कानून का दायरे से बाहर रखा गया था। छह साल से यह योजना चल रही थी और इसके जरिए दिए गए 11 हजार करोड़ रुपए के चंदे में से साढ़े छह हजार करोड़ रुपया अकेले भाजपा को मिला था। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने इस कानून को अवैध बताते हुए इसे रद्द कर दिया और इस पर रोक लगा दी। अभी सात जजों की एक पीठ इसे धन विधेयक की तरह पेश किए जाने के मामले की सुनवाई कर रही है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने के साथ अदालत ने इसमें क्विड प्रो कोइ मिलीभगत की आशंका भी जताई। अगर महंगाई की बात करें तो वह 2014 के मुकाबले कई गुना बढ़ गई है। महंगाई कई रूपों में आम लोगों का जीना मुहाल किए हुए है। पेट्रोल की कीमत देश के अनेक हिस्सों में एक सौ रुपए प्रति लीटर से ऊपर है। डीजल की कीमत भी 90 रुपए लीटर के आसपास है। रसोई गैस के सिलिंडर की कीमत जो 2014 में चार सौ रुपए थी, वह नौ सौ रुपए है, जो थोड़े दिन पहले तक 11 सौ रुपए हो गई थी। यह तब है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बहुत कम हो गई है। खाने-पीने की चीजों की महंगाई भी बहुत बढ़ी हुई है। एक तरफ कीमतें बढ़ रही हैं तो दूसरी ओर कंपनियां डब्बाबंद वस्तुओं का वजन कम करती जा रही हैं, जिसे स्रिंकफ्लेशन नाम दिया गया है। हर महीने जीएसटी की वसूली का नया रिकॉर्ड इसलिए नहीं बन रहा है कि उपभोग बढ़ रहा है। वह तो सरकार के आंकड़ों से ही पता कि जीडीपी की विकास दर अगर सात फीसदी है तो उसमें उपभोक्ता खर्च की बढ़ोतरी चार फीसदी के आसपास है। जीएसटी का रिकॉर्ड महंगाई बढे की वजह से बन रहा है। इस तरह कह सकते हैं कि देश में सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और महंगाई तीनों की स्थितियां मौजूद हैं। लेकिन क्या विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बना पाएगा? क्या विपक्ष के पास इसकी सलाहियात है कि वह एकजुट होकर साझा तौर पर इन तीनों का मुद्दा बनाए और अगर विपक्ष ऐसा कर भी लेता है तो क्या जनता इस पर यकीन करेगी? यह बड़ा सवाल है क्योंकि यह विपक्षी पार्टियों की अपनी साख से जुड़ा मामला भी है। उनकी अपनी साख इतनी बिगड़ी हुई है कि लोग उनकी बातों पर यकीन नहीं करते हैं। भाजपा ने 10 साल की सत्ता का इस्तेमाल करके सुनियोजित तरीके से विपक्ष की साख खराब की है। विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट और परिवारवादी साबित किया गया है। कांग्रेस के इमरजेंसी की हमेशा याद दिलाई जाती रही है। परिवारवादी प्रादेशिक पार्टियों के शासन के दौरान की मनमानियों की भी लोगों को याद दिलाई जाती है। इसके साथ साथ भाजपा की केंद्र सरकार ने अपने संसाधनों के दम पर लाभार्थी मतदाताओं का एक ऐसा वर्ग तैयार किया है, जिसे सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार या महंगाई से मतलब नहीं है। उसे पांच किलो अनाज मुफ्त में मिल रहा है, किसान सम्मान निधि के नाम पर पांच सौ रुपया महीना मिल रहा है, कहीं पीएम जनमन के तहत आदिवासियों को कुछ लाभ मिल रहे हैं तो कहीं शहरी व ग्रामीण आवास योजना के तहत मकान मिल रहे हैं, शौचालय बन रहे हैं, लखपति दीदी बनाई जा रही हैं तो लाड़ली बहनों को नकद पैसे मिल रहे हैं। भाजपा को चुनाव जीतने लायक वोट इन लाभार्थियों से मिल जाते हैं, जबकि भ्रष्टाचार और महंगाई से सबसे ज्यादा आहत होने वाला मध्य वर्ग हिंदू पुनर्जागरण के सपने में खोया हुआ है। यही कारण है कि कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों का कोई राजनीतिक अभियान कामयाब नहीं हो पा रहा है। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी ने कोई कसर छोड़ी हो। उन्होंने मोदी राज के पांच साल बाद ही यानी 2019 में भ्रष्टाचार का मुद्दा बनाया था। चौकीदार चोर हैह्व का नारा देकर उन्होंने चुनाव लड़ा था। राफेल का मुद्दा भी बड़े जोर-शोर से उठाया गया था। सत्ता के दुरुपयोग का आरोप तो लगभग सभी विपक्षी पार्टियां किसी न किसी रूप में लगाती ही रहती हैं और गाहे बगाहे महंगाई का मुद्दा भी उठता रहता है। लेकिन मोदी सरकार ने अपने ईर्द-गिर्द ऐसा सुरक्षा कवच बनाया है

राजद्रोह बना अब देशद्रोह, अदालतों के अधिकार सीमित, सरकार के असीमित

सनत जैन

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नए प्रावधान 1 जुलाई से लागू हो जाएंगे। यह तीनों कानून अंग्रेजों के बनाए गए कानून का स्थान लेंगे। भारत सरकार ने अंग्रेजों के बनाये हुए कानून के स्थान पर जो नए कानून बनाए हैं। उसको वर्तमान परिपेक्षय में कानून की कुछ धाराएं खत्म कर दी गई हैं। कुछ नई धाराएं जोड़ी गई हैं। अंग्रेजों की बनाए गए कानून और भारतीय कानून के यदि अंतर को हम समझना चाहें, तो अंग्रेजों के बनाये हुए कानून में नैतिकता थी, जिम्मेदारी थी। अदालत के अधिकार असीमित थे। जांच एजेंसियों और सरकार के ऊपर अदालतों का नियंत्रण होता था। जो कानून लागू होंगे, उसमें सरकार अंग्रेजों से ज्यादा निरंकुश हो सकती है। अंग्रेजों के बनाए गए राजद्रोह कानून को खत्म कर दिया गया है। उसके स्थान पर अब देशद्रोह को शामिल किया गया है। लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी नागरिक कर सकता है। भारत सरकार ने जो नया कानून बनाया है। उसमें देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की आशंका होने पर भी सरकार देशद्रोह के तहत कार्रवाई कर सकेगी। केवल आशंका होने पर किसी भी नागरिक को जेल भेजा जा सकेगा। सरकार उसे लंबे समय तक जेल में बंद रख सकेगी। आतंकवादी गतिविधियों के लिए भी कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इसमें न्यायालय की जमानत देने की शक्ति को सीमित किया गया है। जिसके कारण सरकार की शक्तियां पिछले कानून की तुलना में ज्यादा बढ़ गई है। सरकार और जांच एजेंसियां इसमें निरंकुश हो सकती हैं। जैसा कि अभी पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है। आरोपों के आधार पर लंबे समय तक नागरिकों को जेल में बंद रखा जाता है। जब अदालत से उनका फैसला आता है। वह निरपराध साबित होते हैं। जांच अधिकारी या सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होती है। जिसके कारण नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन होता है। जो नए कानून बनाए गए हैं, उसकी जांच प्रक्रिया में तकनीकी का इस्तेमाल भी किया गया है। भारत जैसे देश में जहां इंटरनेट की उपलब्धता आज भी नहीं है। वहां पर कानून के नए प्रावधान न्याय व्यवस्था को प्रभावित करने वाले साबित हो सकते हैं। भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2)को फिलहाल गृह मंत्रालय ने स्थगित करके रखा है। हिट एंड रन के इस कानून का भारी विरोध हुआ था। जिसके कारण सरकार ने इसे लागू नही करने का निर्णय लिया है। 1 जुलाई से यह लागू नहीं होगा। गवाहों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की जो सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसे नागरिकों तथा न्याय व्यवस्था के लिए बेहतर माना जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही देने की सुविधा होने से अब गवाहों को डराने धमकाने या रास्ते में उनके ऊपर हमला करने जैसी घटनाएं नहीं होंगी। लोग बिना किसी डर भय के गवाही, दे पाएंगे। इससे न्याय प्रक्रिया में निश्चित रूप से सुधार आएगा। अंग्रेजों के बने हुए कानून में आरोपी पर तभी मुकदमा चलाया जा सकता था। आरोपी का अदालत में हाजिर होना जरूरी था। जो नए संशोधन किए गए हैं। उसके अनुसार यदि 90 दिन तक जांच एजेंसियां आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाती हैं। आरोपी अदालत में उपस्थित नहीं होता है। ऐसी स्थिति में उसकी गैर मौजूदगी में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। उसकी संपत्ति जप्त की जा सकती है। नए संशोधन में समय सीमा के अंदर मुकदमों की सुनवाई हो। इसका भी प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान अंग्रेजों के बनाये हुए कानून में भी थे। जिनका कुछ वर्षों पहले तक जांच एजेंसियों और अदालतों में पालन होता था। अब वह स्थिति नहीं है। जिस तरह से सरकार रोजाना नित्य नए कानून बना रही हैं। बार-बार कानून और नियमों को संशोधित किया जा रहा है। सरकार जल्दबाजी में नियम कानून बना देती है।

संक्षिप्त खबरें

सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

इसुआपुर। वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक को इसुआपुर पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक स्थानीय थाना क्षेत्र के डोईला गांव निवासी महम्मद अख्तर का पुत्र शमीम अख्तर है।

इलाज में 16 सदस्यीय चिकित्सको की जुटी टीम

विषाक्त छोला से बीमार की सूचना मिलते ही मरीज के अस्पताल पहुंचने से पूर्व सभी तैयारियां कर ली गई थी।मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी मेजर सत्येंद्र सिंह ने बताया की बीमार लोगो के इलाज के लिए 16 चिकित्सको को लगाया गया था।इसके साथ इलाज की सभी तैयारियां कर ली गई थी।जिससे मरीज के पहुंचते ही इलाज शुरू कर दी गई थी।

मशरक में सड़क किनारे पलटे हालत में स्क्रारपियो बरामद

मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर हनुमान मंदिर के पास गढ़े में पलटें जली स्क्रारपियो पाई गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की सुबह सड़क किनारे गढे में स्क्रारपियो पलटी हैं जब वहां जाकर देखा गया तों वह बुरी तरह से जली हालत में थी। वही ग्रामीणों ने बताया कि वही घटनास्थल पर स्क्रारपियो का नम्बर प्लेट जिस पर बीआर 06 पीडी 3206 दर्ज हैं जो आनलाइन गोविंद कुमार के नाम से रजिस्टर्ड है।

सर्वजन दवा सेवन अभियान : परिवार के सभी सदस्यों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करना बेहद जरूरी

ग्रामीण स्तर पर आईडीए को सफल बनाने में जुटा स्वास्थ्य विभाग : डॉ दिलीप कुमार

● इससे पहले कभी किसी ने नहीं ली थी सुधः बंजारा परिवार

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर संचालित सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) राउंड को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग ने पूरी ताकत झोंक दी है। शहरी क्षेत्रों के अलावा प्रखंड और पंचायत स्तर तक लोगों को दवाओं का सेवन कराने को लेकर स्वास्थ्य महकमा लगा हुआ है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ- साथ सहयोगी संस्थान और नेटवर्क सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को दवाओं का सेवन कराते हुए समाज को फाइलेरिया से मुक्त बनाया जा सके। इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग फाइलेरिया को खत्म करने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिसमें नेटवर्क सदस्य का भरपूर सहयोग कर रहा है। जिले से फाइलेरिया को तभी खत्म किया जा सकता है, जब परिवार के सभी सदस्यों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाए। जो इस अभियान का सबसे जरूरी पहलु भी है। इसलिए इस अभियान में जिलेवासियों को अपनी सहभागिता बढ़ाते हुए दवाओं का सेवन करना चाहिए। जिससे सारण जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। डोर टू डोर के अलावा सामूहिक रूप से भी खलाई जा रही फाइलेरिया रोधी दवाएं: एमओआईसी-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मांझी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने कहा कि इस बार आईडीए अभियान के दौरान मांझी प्रखंड में पूर्व की अपेक्षा बेहतर कार्य किया जा रहा है। हालांकि इक्का दुक्का एडीआर के मामले भी आए है। लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि मांझी प्रखंड में सहयोगी संस्थानों पीसीआई, डब्ल्यूएचओ, सीफार और नेटवर्क मेंबर्स की विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। क्योंकि विशेष अभियान चला कर दलित बस्ती, घुमंतू परिवार, ईट भट्ठा सहित कई अन्य जगहों पर जाकर आशा फैसिलिटेटर सहित अन्य टीम के द्वारा डोर टू डोर भ्रमण कर दवाओं का सेवन कराने के साथ ही सामूहिक रूप से भी लोगों को दवाओं का सेवन कराया जा रहा है।

आधा दर्जन ट्रक को किया गया जब्त

प्रात : किरण, संवाददाता

मकेर (सारण) थाना क्षेत्र के उच्चपथ संख्या 722 पर ओवर लोडेड बालू को जप्त किया गया है। मकेर थाना पुलिस के सहयोग से जिला खान निरीक्षक अंजनी कुमार ने रेवा घाट पुल से आधा दर्जन बालू लदे ट्रक को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर वाहन मालिक के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है ।मालूम हो कि सरकार द्वारा लगातार ट्रक पर जरूरी क्षमता से अधिक बालू लादकर ले जाया जाता है जिससे सरकारी राजस्व की हानि होती है ।प्रशासन द्वारा लगातार बालू लदे ट्रको की निगरानीप्रशासन द्वारा की जाती है उन्हें हिदायत भी दी जाती है फिर भी जरूरी क्षमता से अधिक बालू का कारोबार किया जा रहा है जो बदस्तूर जारी है। बिगत कई दिनों से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है एवम फाइन भी किया जाता है फिर भी ट्रक चालक और वाहन मालिक बाज नहीं आ रहे हैं।

महागठबंधन की रैली में भाग लेंगे सीपीआई के पांच हजार कार्यकर्ता

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। 03मार्च की पटना रैली में सारण से 5000 सीपीआई कार्यकर्ता भाग लेंगे। 03मार्च को पटना मे महागठबंधन की रैली में सारण जिले से 5000 सीपीआई कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस आशय का फैसला रविवार को पार्टी की जिला कार्यकारिणी की संपन्न बैठक में लिया गया। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता पर हो रहे हमले के खिलाफ तथा देश की सत्ता से फासीवादी तानाशाही मोदी सरकार को बुखार फेंकने के संकल्प साथ पटना की जान विश्वास रैली को सफल बनाने का आह्वान किया गया और पटना रैली की सफलता हेतु योजना और कार्यक्रम का निर्धारण किया गया बैठक को की की राज्य कार्य करने के सदस्य सुरेंद्र सौरभ ,जिला सचिव रामबाबू सिंह, राज्य परिषद के सदस्य महात्मा प्रसाद गुप्ता, चूल्हन प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया। सीपीआई के सहायक जिला सचिव नागेंद्र राय की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में शिवजी दास, हरिबल्लम सिंह, सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी ,,महेंद्र प्रभाकर, रजक हुसैन, सुरेश वर्मा, पप्पू कुशवाहा, सीताराम मांझी, मैनेजर यादव ,शहाबुद्दीन, मोहन राय, नारायण माझी ,दीपक दास आदि ने भाग लिया। ज्ञातव्य है कि पटना इस विशाल रैली को सीपीआई के महासचिव डी. राजा, सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य आदि संबोधित करेंगे।

तटबंध निर्माण से हजारों परिवारों को मिलेगा बाढ़ से निजात

प्रात : किरण, संवाददाता

पानापुर (सारण) सारण तटबंध के निचले इलाकों में बसे सैकड़ों परिवारों को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए नये तटबंध के निर्माण कार्य का लोकार्पण शनिवार को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डिजिटल मोड में किया गया .इस दौरान जल संसाधन विभाग द्वारा रामपुररुद्र 161 गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. जल संसाधन विभाग के एसडीओ कमलेश कुमार ने बताया कि लगभग 37 करोड़ की लागत से हसनपुर बनिया से सगुनी तक 8.33 किलोमीटर तटबंध का निर्माण किया जाना है .वही कार्यक्रम में उपस्थित तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह ने कहा कि इस तटबंध के निर्माण से सारण तटबंध के निचले इलाकों में बसे अरदेवा, जिमदाहा, माधोपुर, सगुनी, रामपुररुद्र 161 गांवो के सैकड़ों परिवारों को बाढ़ से निजात मिल सकेगा .मालूम हो कि सारण तटबंध के निचले इलाकों में बसे सैकड़ों परिवार हर साल गंडक की विभीषिका झेलने को मजबूर थे .बाढ़ से उन्हें हर साल विस्थापित होने को मजबूर होना पड़ता था वही फसलों को भी भारी नुकसान होता था .इस मौके पर जल संसाधन विभाग के जेई चंद्रशेखर कुमार, कार्यपालक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता श्री सुमितेश, भाजपा नेता राकेश सिंह, उमेश सिंह कुशवाहा, सुरेश सिंह, सत्यदेव साह, वेदप्रकाश तिवारी, रणविजय सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। रविवार को स्थानीय जायका होटल के सभागार में संत नरहरी शिक्षा कला एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के तत्वावधान में मंच की शैक्षणिक इकाई स्वर्णिम बिहार द्वारा एक दिवसीय टीचर मीट सह गुरु गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वर्णकार बिरादरी के टीचर का समागम हुआ। गोष्ठी में मंच के मुख्य समन्वयक कृष्ण मोहन प्रसाद ने स्वर्णिम बिहार के माध्यम से स्वर्णकार समुदाय के बच्चे -बच्चियों को उच्च शिक्षा पाकर ऊंचे-ऊंचे पदों पर काबिज होने तथा शिक्षा ग्रहण से होने वाले फायदे के संबंध में विस्तृत रूप से प्रकाश डालें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्णिम बिहार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करना है। मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश कुमार सोनी एवं डिप्टी मेयर रागिनी कुमारी आदि ने शिरकत किया। जबकि इस समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अमरनाथ प्रसाद एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी इंजीनियर चांदनी प्रकाश के अलावा प्रोफेसर सुनील कुमार, राजेश नाथ प्रसाद तथा विनोद राज आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के मुख्य संरक्षक नागेंद्र कुमार ने किया। मंच का संचालन कृष्ण मोहन प्रसाद ने किया।

कानूनी पेंच में फंस सकते हैं शस्त्रों के लाइसेंसधारी

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर। वैसे शस्त्रों के लाइसेंसधारी कानूनी पेज में फंस सकते हैं, जिनके शस्त्रों के लाइसेंस अद्यतन रिन्यूअल नहीं हो पाए हैं। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शस्त्रों के सत्यापन का कार्य चल रहा है। इस दौरान कुछ लाइसेंसधारियों के शस्त्रों के सत्यापन करने में तकनीकी कठिनाइयां आ रही हैं। वैसे लाइसेंस धारियों को यथाशीघ्र अपने शस्त्रों का रिनुअल करा लेने की सलाह पुलिस द्वारा दी जा रही है। ताकि उनके शस्त्रों का सत्यापन किया जा सके। अन्यथा वे कानूनी पेंच में फंस सकते हैं। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि अभी तक मात्र 39 शस्त्रों का ही सत्यापन हो पाया है।

बच्चों को अंग्रेजी बोलने की कला सिखानी चाहिए : प्रो. ओझा

प्रात : किरण, संवाददाता

शहर के कटहरी बाग में स्थित अंग्रेजी माध्यम की एक बेहतरीन स्कूल रिबेल किड्स केयर में आज एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो० डॉ० उदय शंकर ओझा (जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा) ने कहा कि इन बच्चो की अंग्रेजी सुनकर मन प्रफुल्लित हो गया। उन्होंने संस्था को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी ने इन बच्चो के उच्चारण पर भी ध्यान दिया है। जो काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मंच पर बोलना बहुत कठिन कार्य है लेकिन इन बच्चो को देखकर ऐसा नहीं लग रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के निदेशक डॉ० शर्मिला आनंद ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में संस्था की छात्रा पूर्णिमा प्रथम, आदित्य द्वितीय, ऋषभ तृतीय तथा आराध्य ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के सबसे छोटे प्रतिभागी यू० के० जी० के छात्र सुयश कात्यान को मुख्य अतिथि डॉ० ओझा ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

सारण के रितेश ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में बने तकनीकी पदाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। सारण के मशरक चैनपुर निवासी विजय सिंह के पुत्र रितेश कुमार सिंह ऑल इंडिया पुलिस क्लस्टर प्रतियोगिता के लिए बिहार से इकलौते तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नामित किए गए है। हैंडबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी और फेडरेशन रेफरी रितेश हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नागपुर में आयोजित 72 वी ऑल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता के रेफरी के रूप में आमंत्रित किए गए है। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मशरक में खेल प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत रितेश कुमार सिंह 26 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए नागपुर रवाना हुए। बिहार से इस महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिता के संचालन के लिए रितेश के चयन पर केंद्रीय विद्यालय मशरक की प्राचार्या रंजना झा, विधायक केदारनाथ सिंह, बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधान पार्षद इंजिनियर सच्चिदानंद राय, अध्यक्ष पंकज कुमार, महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद, वरीय संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह, सारण हैंडबॉल के अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह, चेयरमैन डा हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह, राकेश कुमार सिंह सहित अन्य ने बधाई दी है।

संत माईकल इंग्लिश स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों के कार्यक्रम देख आनंदित हुए अभिभावक

● सारण एएसपी एवं रक्सौल एसडीपीओ सहित पहुंचे कई दिग्गज

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का कार्य संत माइकल इंग्लिश स्कूल कर रही है।इतने छोटे जगहों पर पटना जैसा शैक्षणिक माहौल बनाकर रखना यह स्कूल व बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए बेहतर संदेश है। उक्त बातें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सारण जिला के एएसपी डा. राकेश कुमार ने शनिवार को शहर के बाइपास स्थित संत माइकल इंग्लिश स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों से कहा कि परिणाम के पीछे नहीं जाना है, संघर्ष जारी रखना है। बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी बिहार ही नहीं देश-विदेश में अपना नाम रौशन करें। वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन सारण जिले के एएसपी डा. राकेश कुमार, रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार, सभापति प्रतिनिधि सुरेश यादव, उपसभापति पुष्पा देवी, संभावना के अध्यक्ष भरत प्रसाद गुप्ता, रिपूराज राइस मिल के प्रोपराइटर रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, एसआरपी अस्पताल के निदेशक डा. सुजीत कुमार, एसीटी पारा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. कुमार मनीष, अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, प्रो. रमाशंकर प्रसाद, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. एन. अख्तर, पूर्णिमा भारती, डॉ. हजारी प्रसाद गुप्ता, एवं सचैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अरूण गुप्ता सहित अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने कहा कि रक्सौल जैसे शहर में संत माइकल इंग्लिश स्कूल बच्चों के भविष्य के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान आए अतिथियों को विद्यालय के चेयरमैन अरूण कुमार सिंह व निदेशक अजीत कुमार सिंह के द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान करीब 150 अभिभावकों को भी विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया।

57 लोगो को शिविर में दिया गया आयुष्मान कार्ड

प्रात : किरण, संवाददाता

मढौरा। स्थानीय खोदाईबाग कार्यालय पर एक शिविर लगाकर मुखिया शैलेश यादव के द्वारा 57 लोगो के बीच प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया। उक्त आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब लाभार्थी अपने गंभीर बीमारियों का इलाज मुफ्त में कर सकते हैं। इस मौके पर बोलते हुए तकिया मुखिया ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बहुत संवेदनशील हैं और आयुष्मान कार्ड उनके संवेदनशीलता का परिचायक है। इस मौके पर वहां मौजूद सैकड़ो लोगों ने प्रधानमंत्री के मन कि बात को भी सुना । इस कार्ड वितरण समारोह में मुखिया शैलेश कुमार यादव के अलावा शंभू सिंह ,बद्री नारायण सिंह, आकाश सिंह, कामेश्वर राय, नागेंद्र साह सहित अनेक महिला व पुरुष लाभार्थी मौजूद थे।

ज्ञान, विज्ञान और तकनीक वर्तमान समय में समृद्धि के मानक

● आई डिस्कवरी किड्स कालेज के वार्षिकोत्सव का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

ज्ञान, विज्ञान और तकनीक वर्तमान समय में समृद्धि के मानक हैं. दुनिया में सबसे धनी वही लोग हैं जिन्होंने प्रौद्योगिकी पर आधिपत्य किया है. उक्त बातें जय प्रकाश विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रखर वक्ता डॉ लाल बाबू यादव ने आई डिस्कवरी किड्स कालेज के वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन करते हुए कहीं. उन्होंने बिल गेट्स को उद्धृत करते हुए कहा कि आईटी के ज्ञान के कारण ही वे दुनिया के सबसे समृद्ध, प्रभावशाली और ताकतवर व्यक्ती हैं. डॉ यादव ने कहा कि आज के बच्चों के अंदर कल के न्यूटन, भाभा, कलाम, नेहरू, गांधी और अम्बानी छुपे हुए हैं. शिक्षण संस्थाएं अपने दैनिक कार्यकलाप के साथ विभिन्न आयोजनों के द्वारा उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रही हैं. शिक्षा को लेकर अभिभावकों में भी जागरुकता आयी है. जीवन में पढ़ने की आदत बहुत जरूरी है. इसकी शुरूआत माँ की गोद वाली प्रथम पाठशाला से होनी चाहिए. आई डिस्कवरी किड्स कालेज नवाचार के माध्यम से बच्चों को सीखने की कला का सफलतापूर्वक प्रयोग कर रहा है. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामजयपाल कालेज के प्राचार्य डॉ इरफान अली ने कहा कि प्रारम्भिक शिक्षा जितनी अच्छी होगी उच्च शिक्षा का स्तर भी उतना ही बढ़ेगा. विद्यालय देश के भविष्य की नींव डाल रहे हैं. संस्थान के साथ अभिभावक और परिवार की भूमिका भी अहम है. बच्चों के भाषा, बोली, आचार, व्यावहार और आदतों पर भी कार्य करने की आवश्यकता है. वर्तमान परिवेश में बच्चों को मोबाईल एडिक्शन से बचाने और किताबों से जोड़ने की जरूरत है. पूर्व में निदेशक शाहिद जमाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने सरस्वती वंदना से प्रारंभ कर आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. जिनमें सोशल मीडिया वायरस, स्टैचू ऑफ यूनिटी जेनेरेशन ऑफ क्लॉद, राम आएंगे, आरंभ है प्रचंड जैसे दो दर्जन प्रस्तुतियों से लोगों को झूमने, मुस्कराने और गंभीर होने पर मजबूर किया. उद्घोषक की भूमिका प्रो शकील अनवर ने निभाया तो निदेशन अंकित राज का रहा ।इस मौके पर मशहूर फोटोग्राफर राजीव कुमार डब्बु, रेबेल के निदेशक विक्की आनंद आदि उपस्थित थे.। जबकि सुनील कुमार, मोनार्क कुमार, सफदर हुसैन, अयूब अंसारी, राहुल सिंह आजाद खान, राहुल कुमार, आयान, इफ्फत, आस्था, मदीहा, इस्मत, आइजा, याशिता, श्रेया, सिद्धि, अखिल, अभियूष, पुष्कर, ओबैदा, सैफ, हिमांशु, मोहित, दीप, सुबहान, रौनक, आमिर आदि ने कार्यक्रम की सफलता में भूमिका निभाई।

शहर में नेपाली ई-रिक्शा एवं टेंपू प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध, जाम से मिलेगी निजात

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। अब शहर रक्सौल में ढाला के समीप शायद जाम से छुटकारा मिल सकता है, क्योंकि अनुमंडल पदाधिकारी आईएएस शिवाक्षी दीक्षित के निदेशानुसार नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव ने नेपाल से भारत आने वाली ई-रिक्शा एवं टेंपू को शहर में प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। अब सभी नेपाली ई-रिक्शा एवं टेंपू को मैत्री पुल के पास ही पार्किंग करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि ये सारे वाहन रक्सौल-बीरगंज का परिचालन करते हैं और अवैध रूप से एवं बेतरकीब तरीके से रेलवे ढाला एवं इंडियन ऑयल के समीप दोनों साईड अपने वाहन को 4-5 लाईन लगा देते हैं और इसके कारण बहुत बुरी तरह हार समय जाम लगा रहता है। वहां तैनात होम गार्ड के जवान की बातों को भी नजरअंदाज करते हुए अपनी मनमानी करते हैं, जिसका नतीजा है कि शहर जाम से पूरी तरह हलकान हो जाता है। अब ऐसे में एक नई उम्मीद जगी है कि शहर में जाम अब कम ही लगेगा। खैर ये कब तक रहता है, ये देखने वाली बात होगी। इसके लिए ईओ श्री श्रीवास्तव ने नगर परिषद कर्मियों की मैत्री पुल कस्टम के पास प्रतिनियुक्ति किया है। जिसमें सुबह 6 बजे से 9 बजे तक कर संग्रहक पंकज कुमार सिंह, एमसीई दिपेश कुमार नायक, सुबह 9 बजे से 12 बजे तक कर संग्रहक हिमांशु रंजन, सीएलटीएफ सोनू कुमार, दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कंप्यूटर ऑपरेटर अविनाश कुमार मंडल, सफाई जमादार संजय बैठा एवं 3 बजे से 6 बजे संध्या तक उच्च वर्गीय सहायक मृत्युंजय मृणाल एवं सहायक प्रशांत कुमार पाठक शामिल है। इस मौके पर प्रधान सहायक सागर गुप्ता एवं सफाई निरीक्षक रामनरेश कुशवाहा आदि मौजूद थे।

रेल डीजल इंजन कारखाना में स्क्रैप निलामी की जांच करेगी निगरानी विभाग

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा । मढ़ौरा के ताल पुरैना चंवर में वेवटेक डीजल लोकोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड की रेल डीजल इंजन कारखाना के स्क्रैप निलामी प्रक्रिया में अनियमितता की जांच अब निगरानी विभाग के सीनीयर उप महाप्रबंधक सह मुख्य निगरानी पदाधिकारी करेंगे। सलिमपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सह नेथुआ निवासी विजय कुमार सिंह उर्फ मुन्ना ठाकुर के आवेदन पत्र के आलोक में इस आशय से संबंधित पत्र सीबीआई के डीआईजी ब्रांच हेड अभिषेक शांडिल्य ने मुख्य निगरानी पदाधिकारी को निर्गत किया है। पत्र की प्रति विजय कुमार सिंह आवेदक को भी दी गई है। विजय कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री, रेलमंत्री सहित रेल डीजल इंजन कारखाना के अधिकारियों को प्रेषित पत्र में कहा है कि कारखाना में स्क्रैप निलामी की प्रक्रिया में उंची बोली लगाने वालों को असगर हुसैन निलामी मैनेजर द्वारा भाग लेने नहीं दिया जा रहा। जिस लकड़ी के निलामी का रेट 24 रुपये गया था पिछली बार असगर हुसैन स्क्रैप मैनेजर द्वारा स्क्रैप माफिया के मेल से 13 रुपये में दिया गया है। सच्चाई का पता असगर हुसैन स्क्रैप निलामी मैनेजर के मोबाइल नंबर 996626284 के काल डिटेल से पता किया जा सकता है। पुनः 18 जनवरी 24 को स्क्रैप निलामी का डेट निर्धारित किया गया। 12 जनवरी को हमलोगों ने कारखाना के अधिकारियों से मिलकर निलामी में भाग लेने की बात की। जिसकी जानकारी स्क्रैप माफिया को लगते ही स्क्रैप माफिया ने निलामी मैनेजर असगर हुसैन को अपने मेल में कर लिया और हमलोगों के आर के ट्रेडर्स को निलामी में भाग लेने से मना कर बताया गया कि अगली बार विचार करेंगे। जिसकी जानकारी श्रीमान, रेलमंत्री सहित सबों को मेल भेजकर कर दी गई। जिसके बाद निलामी की डेट बढ़ा दी गई। स्क्रैप निलामी ई टेंडर के माध्यम से होती है। जिन्हें निलामी देना होता है उसे लिंक दिया जाता है और जिन्हें नहीं देना होता है उन्हें लिंक नहीं दिया जाता जिससे वे निलामी प्रक्रिया से वंचित हो जाते हैं। विजय कुमार सिंह ने यह भी लिखा है कि 2022 के निलामी में स्थानीय तारकेश्वर राय द्वारा 34.50 रुपये तक बोली लगाई गई लेकिन उन्हें निलामी नहीं देकर 6.50 रुपये की बोली लगाने वाले गामा सिंह को दे दिया गया।

मशरक छपरा एसएच 90 पर हनुमानगंज में ओवरलोड पिक अप पलटी, पुलिस जांच में जुटी

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक थाना क्षेत्र से गुजर रही मशरक छपरा एस एच 90 पर हनुमानगंज गांव में ओवरलोड चावल लदा पिक अप अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि घटना में पिक अप चालक बाल बाल बच गया। मौके पर पहुंची गश्ती दल ओवरलोड पिक अप को कब्जे में लेकर मामले में जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि पिक अप ओवरलोड चावल लोड कर छपरा से मशरक की तरफ जा रहा था कि हनुमानगंज गांव में अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। पिक अप के पलटने से उस पर लदा चावल सड़क पर ही बिगड़ गया। गश्ती दल ने ग्रामीणों की मदद से सड़क पर पलटें पिक अप को सड़क से हटा आवागमन चालू कराया।

बेटियों के जन्म पर लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यों ने प्रसूताओं को उपहार स्वरूप दिया बेबी किट

● नन्ही परी संगिनी उपहार लायंस का मुख्य कार्यक्रम : सलोनी सोनी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। अंतर्राष्ट्रीय स्वयसेवी संस्था लायंस क्लब छपरा टाउन ने सदर अस्पताल छपरा के प्रसूत विभाग में नन्ही परी संगिनी उपहार कार्यक्रम के तहत बेबी किट उपहार स्वरूप दिया गया। लायंस अध्यक्ष गोविंद सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट जिसमे (बेबी शॉप, बेबी ऑयल, बेबी पाउडर, डायपर, मच्छरदानी, तौलिया एवं बैग) लायंस सदस्य की सहयोग से नन्ही परी संगिनी उपहार कार्यक्रम के तहत हम लोग उपहार स्वरूप देते है। इस मौके पर लायन कुंवार जायसवाल ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करके बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण के साथ बेहतर शिक्षा प्रदान करना है। लायन मयंक जायसवाल ने कहा की समाज में बेटियो के जन्म का बढ़ावा देना, साथ ही उनको शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम में लायंस राज, लायंस अमर गुप्ता, लायंस आदित्य सोनी, लियो खुशबू, रौशनी परासर, विकास कुमार आदि शामिल थे।

संत निरंकारी मंडल के सदस्यों ने चलाया सरयू नदी घाट पर सफाई अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज। संत निरंकारी मंडल दिल्ली की शाखा छपरा के द्वारा प्रोजेक्ट अमृत -स्वच्छ जल, स्वच्छ मनह्वके अन्तर्गत रिविलगंज नगर पंचायत क्षेत्र के सेमरिया श्रीनाथ बाबा मंदिर परिसर में एवं सरयू नदी घाट किनारे सफाई अभियान का सफल आयोजन किया गया।इस सफाई अभियान में सैकड़ों निरंकारी सेवादल के सदस्यों एवं साध संगत के भाई - बहनों ने भाग लिया इस अभियान का उद्देश्य था कि वर्तमान समय में पीने का पानी की मात्रा कम होते जा रही हैं। जिससे संसार में आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता हैं, इसलिए सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने नारा दिया कि जल के एक एक बूंद का सदुपयोग किया जाय। इसी कड़ी में पूरे हिन्दुस्तान में नदी, तालाबों एवं समुद्र किनारे इत्यादि जल के स्त्रोतों के आसपास के कचड़े, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को उठाकर उसे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाय। जिससे मानव को शुद्ध जल मिल सकें। जल ही जीवन है यह संदेश मानव समाज को दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल करने में मनोज कुमार संयोजक, मुकेश सिंह संचालक, श्रीराम जी एकाउंटेंट, प्रमोद सिंह खजांची,महेश राय शिक्षक, राधा देवी महिला संचालिका,सोनम सिंह सहायक संचालिका, चितरंजन चौधरी शिक्षक,अभिराम राय आदि और सैकड़ों सेवा दल के सदस्यों का सहयोग मिला।

संक्षिप्त खबरें

पुण्यतिथि को लेकर बैठक आयोजित की गई

आरा। महिला शिक्षा के पुरोधा एवं सहकारिता के शिखर पुरुष स्वर्गीय तपेश्वर बाबू सांसद का 33वीं पुण्यतिथि दिनांक 27/02/ 2024 (मंगलवार) को तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कायमनगर आरा में आयोजित की गई है इस अवसर पर ब्लबच्चों की बुनियादी शिक्षाह्विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित है। इस समारोह का उद्घाटनकर्ता प्रो.(डॉ.) शैलेंद्र कुमार चतुवेर्दी , कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा मुख्य अतिथि सह वक्ता राज कुमार (भा.प्र.से.) जिला पदाधिकारी भोजपुर है। इस समारोह में विश्वविद्यालय के प्रो. कुंदन कुमार सिंह, प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. दिवाकर पाण्डेय, प्रो. कौशलेंद्र कुमार, डॉ. शशी कुमार सिंह, अहसन , जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर भी होंगे । साथ ही कांग्रेस के भोजपुर जिलाध्यक्ष अशोक राम, शिव कुमार सिंह, सत्य प्रकाश राय प्रो.अरुण कुमार सिंह एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी सम्मिलित होंगे।

लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। अवसर पर काराकाट लोक सभा के संयोजक नवीन चंद्र शाह ने संपर्क अभियान से लाभ तथा कार्यकर्ताओं के लिए करणीय कार्यो पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र लाभार्थी तक पहुंचाते हुए अभिवादन करने का आग्रह किया। साथ ही साथ उनसे जुड़ने हेतू 9638002024 नंबर पर मिस कॉल कर उन्हें जुड़ने का निर्देश देते हुए उनके दरवाजे पर एक स्टीकर चिपका लाभार्थियों की समृद्धि तथा मोदी की गारंटी के कार्य उपलब्धि बताने की अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल महामंत्री सुदर्शन प्रसाद वैश्य संचालन चुन्नू कुमार सिंह महामंत्री ने की। मौके पर रूबी कुमारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सदस्य गुड़िया देवी, कंचन देवी, शारदा पांडे, गीता सिंह, उत्तम कुमार सिंह, दिवाकर कुमार द्विवेदी, दयाशंकर पंडित, सत्य प्रकाश तिवारी, विवेक कुमार, पप्पू सेठ, रामजी प्रसाद, सतीश कुमार कुशवाहा की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ समापन सामग्री का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुई।

श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर एक बैठक की गई

आरा। मठ मंदिर संरक्षण सह सेवा समिति के द्वारा बड़ी मठिया आरा के प्रांगण में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य मे श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर एक बैठक की गई । यह बैठक मठ मन्दिर संरक्षण समिती के अध्यक्ष श्री चंदन ओझा के अध्यक्षता में प्रारम्भ की गयी। सबसे पहले पूर्व में की गयी बैठक के आलोक में लिए गए निर्णयो पर चर्चा की गयी ' अगामी महाशिवरात्री महापर्व के आलोक में चार दिवसीय आयोजन में तीन दिन वृंदावन की कथावाचक पूज्य श्री गंगा मिश्रा जी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा कराने और चौथे दिन शिव कथा व शिव विवाह के आयोजन कराने का निर्णय लिया गया ' आयोजन के आय-ब्यय पर भी चर्चा की गयी साथ ही साथ बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकारणी के सदस्यगणो के द्वारा बैठक में कार्यक्रम को लेकर विभिन्न निर्णय लिया गया ।

फूड एंड नन फूड एफएमसीजी स्टोर का शुभारंभ

पटना। राजधानी के बाईपास थाना अंतर्गत जल्ला हनुमान मंदिर स्थित गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के पास फूड एंड नन फूड (एफएमसीजी) स्टोर डब्लू एम जोन का उद्घाटन स्थानीय समाजसेवी शंकर प्रकाश शर्मा, रमाकांत गिरी एवं सतीश कुमार ने नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर स्टोर के ओनर कुशल कुमार और देव प्रकाश गिरी ने बताया कि अगले एक महीना तक स्टोर में ऑफर दिए जा रहे हैं। यहां प्रत्येक सामान की खरीदारी पर फ्लैट 7 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को दी जा रही है। यह स्टोर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक खुली रहेगी।

कर्तव्यनिष्ठ सीनेटर संतोष तिवारी का किया गया स्वागत

बक्सर। प्रोफेसर एसके मिश्रा फाउंडेशन के कार्यालय में वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के लोकप्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठ सीनेटर संतोष तिवारी जी का आगमन हुआ उक्त अवसर पर शिक्षा के तमाम आयामों पर चर्चा हुई एवं महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय बक्सर पर विस्तार से चर्चा हुई. ज्ञातव्य हो की महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय बक्सर की जमीन का एक भूभाग को एक सम्प्रदाय के लोग द्वारा कब्जा कर लिया गया हैं और उस भूभाग पर पक्का निर्माण भी करा लिया गया हैं. एक ओर जहां महाविद्यालय प्रशासन के नाक के नीचे इस घटना को अंजाम दिया गया है।

3 मार्च को लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ जन विश्वास रैली तैयारी को लेकर बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले एमपी बाग गोला मोहल्ला ब्रांच कमेटी का विस्तारित बैठक आज गोला मोहल्ला माले नेता अमित कुमार बंटी(अधिवक्ता) के आवास पर संपन्न हुई। महागठबंधन के द्वारा आयोजित 3 मार्च को लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ जन विश्वास रैली गांधी मैदान पटना को सफल बनाने का आह्वान किया गया। सीपीआईएमएल के जन संवाद अभियान को सफल बनाने चर्चा हुई 25-02-24 दिन रविवार को सीपीआईएमएल गोला मोहल्ला एमपी बाग ब्रांच कमेटी का विस्तारित बैठक गोला मोहल्ला में आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता पार्षद प्रतिनिधि लालू कुमार ने किया संचालन अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी ने किया बैठक में मुख्य रूप से आगामी जन संवाद अभियान महागठबंधन के द्वारा आयोजित रैली पर चर्चा हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 फरवरी को 3:00 बजे आयोजित पैदल मार्च को सफल बनाना 1 मार्च को मसाल जुलूस को सफल बनाने रैली के सफलता के लिए प्रभात फेरी निकालना पर चर्चा हुई आगामी 3 मार्च को आयोजित रैली में सैकड़ो की संख्या में रैली में भाग लेने का निर्णय लिया गया बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमेटी के सदस्य अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी ने कहा की बिहार की जनता लड़ेगी तानाशाही हारेगी जनसंवाद अभियान 21 से शुरू होकर 27 फरवरी तक चल रहा है जिसमें माले के युवा विधायक सहित 23 दलित अति पिछड़ा माले नेता कार्यकताओं को भाजपाई साजिश के तहत आजीवन कारावास की सजा हो गई जबकि दलित अतिपिछड़ों गरीबों के हत्या करने वाले खुलेआम घूम रहे उनको बरी कर दिया गया हैं यह वंचित समुदाय के न्याय का संहार है भाजपा चाहे जितनी साजीशे से कर ले उसकी कॉर्पोरेटप्रशत दमनात्मक व सांप्रदायिक नीतियों के खिलाफ देश की व्यापक जनता उठ खड़ी हो रही है दिल्ली के बॉर्डर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी मान्यता के समर्थन में किसानों का एक बार फिर डेरा डाल दिया है शिक्षा रोजगार के सवाल पर छात्र नौजवान से लेकर ट्रक ड्राइवर स्क्रीन वर्कर सभी तब के मोदी सरकार के खिलाफत संघर्ष के मैदान में है आगामी 24 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देने का हम सब संकल्प ले बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में -अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी (अधिवक्ता)पार्षद प्रतिनिधि लालू कुमार बिट्टू गुप्ता बबलू सिंह तेज नारायण रजक सोनू सरदार धर्मेंद्र यादव बंटी गुप्ता साधु यादव संजय पाल राजेंद्र प्रसाद सिंनहा विकास गुप्ता कुंदन कुमार पटेल नंदकिशोर राम श्रीधर रौनियार गुप्ता सुनील कुमार चंद्रवंशी भनी यादव एकराम यादव उपस्थित थे- निवेदकअमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी जिला कमेटी सदस्य भाकपा माले भोजपुर अदि मौजूद रहे।

आरपीपीएस स्कूल में प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत लिखित परीक्षा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड स्थित आरपीपीएस स्कूल में रविवार को प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के लिए चयन किया जायेगा।

परीक्षा के दौरान 95% या 95% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को नामांकन, ट्रांसपोर्ट एवं शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा। वही 80% से 95% तक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं से नामांकन एवं शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा। 70% से 80% तक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन एवं शिक्षण शुल्क में 50% की छूट दी जाएगी। 40% से 70% अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन मुफ्त होगा। वैसे छात्र जिनके पिता या दादा भारतीय रक्षा सेना में कार्यरत हैं उनका नामांकन निःशुल्क होगा। प्रमाण पत्र के रूप का फोटो कॉपी संलग्न करना होगा। विद्यालय के डायरेक्टर रविकांत राय ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य है कि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को सशक्त सांस्कृतिक तत्वपूर्ण एवं मूल्यपरक शिक्षा, पर्यावरण के प्रति चेतना, साहसिक क्रियाओं एवं शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ श्रेष्ठ गुणवतायुक्त आधुनिक शिक्षा प्रदान करना तथा यह सुनिश्चित करना कि छात्र विभिन्न भाषाओं में तर्क संगत स्तर की दक्षता प्राप्त कर सके इसलिए हर वर्ष विद्यालय में इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में कुदरिय ने जोकहरी को चार एक से हराया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नेहरू युवा केंद्र भोजपुर के बड़हरा प्रखंड के मां गंगा युवा क्लब के द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कुदारिय खेल मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें फुटबॉल कबड्डी ,बालीबाल एथलीट में रीले रेस और 1600मीटर बालक वर्ग का दौड बालक वर्ग का गोला फेक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व के मनीष कुमार सिंह मां गंगा युवा क्लब सचिव सिन्हा ने किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद पांडे , विशिष्ट अतिथि जिला गंगा समिति नमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह,विशिष्ट ,संतोष कुमार तिवारी पूर्व पंचायत समिति नारागद पंचायत उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम खेल मंत्री भारत सरकार के द्वारा इसलिए आयोजित किया जाता है कि ग्रामीण स्तर पर युवाओं में खेल की भावना बड़े और खेल के फायदे उन तक पहुंचाया जाए। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हर एक युवा को खेल के मैदान से जुड़ना होगा । बड़हरा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की वर्तमान परिवेश में जिस तरह से युवा आधुनिकता के दौर में संकुचित होते जा रहे हैं और उनकी दूरियां खेल से बढ़ रही है उस समय नेहरू युवा केंद्र का यह प्रयास है कि हर गांव तक इस तरह के खेल के कार्यक्रमों को पहुंचाया जाए जो सराहनीय हैं । क्यू की आगे भी यहां से विजेता खिलाड़ी को जिला स्तर के खेल प्रतियोगितामें भाग लेने का अवसर प्रदान होगा। मिथलेश प्रधान ने कहा कि आज वर्तमान समय में हर युवाओं को अपने व्यक्तिगत जीवन से समय निकालकर खेल को देना चाहिए जिस प्रकार शिक्षा हमारे लिए जरूरी हैं उसी प्रकार खेल आज के खेल में गोला फेंक में प्रथम पुरस्कार सुजीत शर्मा द्वितीय में दुर्गेश ठाकुर , तृतीय रंजित कुमार और रिले रेस में जोकहरी टीम द्वितीय सिन्हा कुमारी, तृतीय पुरस्कार में कुदरिया ,फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में कुदरिया ने जोकहरी को चार एक से हराया। कल कबाड़ी का फाइल मुकाबला वि' कुदरिय और नकनमटोला के बिज खेला जाएगा । का संचालन मां गंगा युवा क्लब के अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने किया ।सफल बनाने में निरहुआ क्लब कुदरिया के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही । मौके पर नागा बाबा युवा क्लब के अध्यक्ष सनी सिंह सचिन कौशिक सिंह राहुल सिंह धनु सिंह कुंदन सिंह सिंह विक्की सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

इस वर्ष भी हिन्दू जागरण मंच आरा भोजपुर द्वारा निकाली जाएगी भव्य शिव बारात

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। हिंदू जागरण मंच द्वारा लगातार शिव बारात को लेकर बैठक आरंभ हो चुका है, इसी क्रम में कल बिंदटोली अस्तिथ सिद्धनाथ बाबा के मंदिर प्रांगण में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पिछले वर्ष के भाती इस वर्ष भी शिव बारात निकलने पर सहमति बनी एवं कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुआ तथा शिव बारात का रोड मार्ग तय हुआ कि भोले बाबा की बारात रामगढ़िया अस्तीथ गज्जु लाला शिव मंदिर से सज धज कर बैंड बजा के साथ आरंभ होगी जो की रामगढ़िया मोर से चेता साह मंदिर, अबर पुल, आरण्य देवी मोर, बड़ी चौक, गोपाली चौक, धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, टाउन थाना मोर, आर्य समाज मंदिर, नाला मोर, चोधरियाना, श्री राम चौक(सिंदीगेट), बिंद टोली होते हुए सिद्धनाथ बाबा के मंदिर में समाप्त होगी। बैठक में हिंदू जागरण के सभी पदाधिकारी एवं दाईतवान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चैनपुर विधानसभा में विभिन्न गांवों का पूर्व मंत्री सह चैनपुर विधायक ने किया दौरा

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। रविवार को चैनपुर विधानसभा में विभिन्न गांवों का अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के पूर्व मंत्री सह विधायक मोहम्मद जमा खान द्वारा कई गांव का दौरा किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि भ्रमण के दौरान चैनपुर प्रखंड के मेढ़ गांव निवासी रामगहन का आकस्मिक निधन हो गया था। जहां उनके पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस और हौसला बढ़ाते हुए आर्थिक मदद करने के लिए संतावना दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मैं इस कैमूर का बेटा हूं और मेरा पहली प्राथमिकता यहां के लोगों की समस्या को समाधान दिलाना है। जहां अपने विधानसभा में कई सड़के पुलिया एवं नहरो का भी कार्य करवाया जहां के किसान और ग्रामीणों को लाभ मिला है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान वैसे गांव में पहुंच गया जहां के ग्रामीणों की काफी समस्या और वहां तक सरकार की योजना नहीं पहुंच पा रही है। वैसे गांव में सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाकर वहां के लोगों को लाभ दिलाया जा सके जो मेरे तरफ से पूरी प्रयास किया जा रहा है। वहीं विभिन्न गांव में लोगों से मिलकर उनके समस्या को सुना और देखा गया है। उनके यहां लाभ पहुंचे सरकार तक उनकी बात पहुंचाने के लिए प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों को लाभ मिल सके। विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार भास्कर जिला प्रतिनिधि चंद्रशेखर गिरी दयाशंकर सिंह अर्जुन राम बाबर खान एवं कबीर खान के साथ कई ग्रामीण भी मौजूद रहे।

सड़क किनारे युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के सहजनी टोला के समीप सड़क किनारे एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव की शिनाख्त बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर के रहने वाले बीरेंद्र राम के पुत्र लखु राम के रुप में की गई है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंच शव के साथ सड़क जाम कर पुलिस के विरुद्ध हंगामा किया। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच परिजनों को समझा बुझाकर सड़क से जाम को हटवाते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। वही परिजनों ने हत्या कर शव फेंक देने की बात कही है। मृतक के परिजन महेंद्र ने बताया कि लखु राम एक ट्रक पर खलासी का कार्य करता था। कल शाम में युवक किसी के बुलाने पर गया था, फिर लौटा नहीं। जो रविवार को पुलिस द्वारा शव मिलने की जानकारी मिली है। शव मिलने की जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया दुर्घटना का लगता हैं।

उधार रुपए के लेन-देन मामलें में व्यक्ति को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के धनगाई रोड़ में एसडीओ आवास से महज कुछ ही दूरी पर ही एक व्यक्ति को गोली मार अपराधी फरार हो गए। शनिवार की शाम करीब 7 बजे घटित घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जिस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामलें की छानबीन में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि नगर परिषद,बिक्रमगंज के अहमद नगर वार्ड 11 के 27 वर्षीय निवासी आमिर कादिर खां जो धनगाई रोड़ से घर आ रहा था। इसी क्रम में हथियार से लैस पांच की संख्या में कुछ लोग उससे उधार पैसे की मांग करते हुए हथाबाई पर उतर गए। इसके बाबजूद जब बात नही बनी तो अपराधियो ने उसे गोली मार फरार हो निकले। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे जख्मी हालत में शहर के अनुमंडलीय अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया।

सांसद ने की सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

कराकाट(रोहतास): नगर पंचायत कराकाट (गोड़ारी) के नाद गांव में संत शिरोमणी रविदास जयंती के उपलक्ष्य में कराकाट लोकसभा सांसद महाबली सिह द्वारा संत रविदास मंदिर में पुजा अर्चना किया गया । उसके उपरांत सांसद के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया । जिसका संचालन नवल कुमार के द्वारा किया गया । उसके बाद मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं फुलमाला से भव्य स्वागत किया गया । फिर कुछ बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत पेश किया गया । साथ ही सांसद को रविदास जी के तैलचित्र को देकर सम्मानित किया गया ।

सांसद ने अपने संबोधन में संत रविदास की जीवनी को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने को कहा । उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा । तन मन से पुजा पाठ करने से हर जगह भगवान है ।मौके पर सांसद महाबली सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुर्यवंश सिंह कुशवाहा, अजीत सिंह (गोड़ारी भाजपा मंडल अध्यक्ष),नवीनगर सांसद प्रतिनिधि राजाबाबू, रविदास जयंती के अध्यक्ष शाहिल कुमार, सचिव अमृत लाल,उपाध्यक्ष विकास कुमार,कोषाध्यक्ष राजमणि, व्यवस्थापक नवल किशोर, लालबिहारी राम (पशू डॉक्टर), शिक्षक अनिल कुमार पासवान, बबन पासवान एंव नाद गांव के समस्त ग्रामीण लोग मौजूद थे ।

भाजपा नेताओं ने सुनी मन की बात

बिक्रमगंज(रोहतास)। रविवार को काराकाट विधानसभा अंतर्गत प्रखंड बिक्रमगंज के शक्ति केंद्र घुसियां खुर्द बूथ नंबर 98 एवं 99 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 110 वीं कड़ी सुनी गई । एवं काराकाट प्रखंड क्षेत्र में सत शरण पब्लिक स्कूल काराकाट में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनी गई ।प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह के नमो ड्रोन दीदी सुनीता तथा कल्याणी से बातचीत की तो सभी को अच्छा लगा । मन की बात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद बूथ कमेटी की बैठक की गई तथा 2 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री का आगमन औरंगाबाद के रतनुआ में 11 बजे दिन में होगी। बैठक में काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीन चंद्र साह, हिंदू क्रांति संघ रोहतास जिला अध्यक्ष मुन्ना पांडेय, भाजपा युवा नेता जोगी शंभू नाथ, काराकाट मंडल पूर्व अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, लाल बिहारी चौधरी ,रौशनी कुमारी , बबन महतो ,संगम कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे । आगामी चुनाव के मद्देनजर 3 महीने तक यह कार्यक्रम स्थापित रहेगा ।

सात दिवसीय उर्स मेले का पूर्व मंत्री करेंगे उद्घाटन आज

प्रात : किरण संवाददाता

दुर्गावती। यूपी बिहार बॉर्डर पर दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत खजुरा पड़ाव सरैंया गांव स्थित हजरत अंजान शहीद बाबा के उर्स पर आयोजित सात दिवसीय मेले का आज यानी सोमवार को पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जामा खान उद्घाटन करेंगे।इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।दरअसल हजरत अंजान शहीद बाबा का सालाना उर्स प्रत्येक वर्ष तीन मार्च को मनाया जाता है।उर्स के मौके पर बाबा के दरगाह पर सात दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है।

इस मेले का उद्घाटन आज 26 फरवरी को शाम 6:00 बजे पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जामा खान के द्वारा किया जाएगा।यह मेला 26 फरवरी से लगातार 3 मार्च तक चलता रहेगा।मेले में कई प्रकार के टॉप झूला, ब्रेक डांस झूला,क्रश झूला कोलंबस झूला,ड्रैगन सिलेबे झुला आदि लगे है।वहीं उर्स के दिन तीन मार्च को सुबह कुरआन ख्वानी, सायं चादर पोशी एवं रात्रि आठ बजे से अजमत आफताब वारसी बच्चा कौव्वाल अमरोहा यूपी तथा मोबीन साबरी कव्वाल वाराणसी यूपी के बीच कौव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। बताते चलें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत अंजान शहीद बाबा का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस अवसर पर यूपी बिहार के काफी संख्या मे जायरीन पहुंचते हैं तथा चादर पोशी में शामिल होकर मुल्क की तरक्की एवं खुशहाली के लिए दुआ करते है तथा रात्रि में कव्वाली का आनंद लेते हैं। तथा उर्स के मौके पर लगने वाले मेले में आकर लोग लुफ्त उठाते हैं।

जिला पार्षद विकास सिंह ने जूता कारखाना का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर: भभुआ अखलासपुर शहर बस स्टैंड के समीप चंदन जूता कारखाना का उद्घाटन जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने फीता जोड़कर उद्घाटन किया।

मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य विकास ने बताया कि भभुआ प्रखंड के कोरी गाँव के श्री भगवान राम का पुत्र चंदन कुमार जो बेरोजगार है अपनी रोजी-रोटी को चलाने के लिए जुते का कारखाना शुरू किया ।हालांकि सरकार की तरफ से अभी कोई राशि प्राप्त नहीं है ।लेकिन सरकार की चल रही तमाम तरह की योजनाएं से इनको को जोड़ा जाएगा इससे उनको व्यवसाय करने में उनका काफी सहूलियत मिलेगी ।युवा वर्ग चाहे जैसे भी सकारात्मक दिशा में चले उनको हर संभव मदद किया जाएगा ।बेरोजगार युवा व्यवसाय के लिए भी आ गया है सरकार के द्वारा चल रही तमाम उद्यमी योजना का लाभ उनको दिलवाया जाएगा ।वही मौके पर, गौतम खरवार, पीतांबर राम, किशोर सिंह, भगवान राम, नंदकिशोर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

11 हजार वोल्ट करंट के चपेट में आने से व्यक्ति झुलसा

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) भारत प्लस एथेनॉल कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति अजय कुमार सिंह ने पटना से बक्सर अपने कंपनी में जाने के क्रम में भोजपुर जिले के कारीसाथ के पास सड़क किनारे पूरी तरह से जलकर जख्मी हुए तड़पते युवक की जान बचाकर मानवता का मिशाल कायम किया है ।इस संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय सिंह अपने सुरक्षा गार्ड एवं ड्राइवर के साथ अपने निजी वाहन से पटना से बक्सर जा रहे थे कि आरा से 15 किमी लगभग बक्सर की तरफ कारीसाथ के पास रोड के किनारे एक व्यक्ति पूरी तरह जलकर जख्मी अवस्था में तड़पता हुआ दिखाई दिया। जो बिजली के 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आ गया था। जिसके कारण उसके पूरे शरीर में करंट लगने से जख्मी हो गया था सड़क किनारे ग्रामीणों के भीड़ लगे हुए थे। युवक जख्मी हालत में पड़ा हुआ था। जहां उसका कमर सहित अन्य हाथ पैर जलने के कारण खून निकल रहे थे ।जहां अजय सिंह ग्रामीणों व अपने निजी गार्डों के मदद से टेंपो रोकवाकर इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भेजा ।जहां युवक की जान बची। जबकि सीएमडी अजय सिंह ने बताया कि अगर हम सही समय पर गाड़ी को रोककर तड़पते युवक को नहीं उठाया। लेकिन ग्रामीणों की मदद से अस्पताल नहीं भेज युवक की जान अब बचती नजर आ रही है। वही एक तरफ अजय सिंह मानवता की मिशाल कायम किया।

लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

काराकाट (रोहतास)। काराकाट लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत काराकाट मंडल एवं गोडारी मंडल के प्रमुख कार्यकताओं का लाभार्थी संपर्क अभियान के लिए प्रशिक्षण प्रयोजनार्थ कार्यशाला का आयोजन सत शरण पब्लिक स्कूल काराकाट एवं गोडारी मण्डल कार्यालय में किया गया। प्रशिक्षण में कार्यकताओं को लाभार्थियों से संपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी का प्रणाम व राम राम बोलने के साथ लाभार्थियों के समक्ष विभिन्न विषयों को रखने का टिप्स दिया गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए 9 63 80 02024 पर मिस कॉल करने लाभार्थी के साथ सेल्फी फोटो खींचकर सरल ऐप पर लोड करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काराकाट लोक सभा लाभार्थी योजना संयोजक अश्वनी तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री ने 'शहीद स्मारक' का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा: केंद्रीय मंत्री (विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) आर.के. सिंह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में एनटीपीसी की सीएसआर नीति के तहत 'शहीद स्मारक' का उद्घाटन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरा की जनता को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, आप जैसे लाखों सैनिकों के माता-पिता की वीरता और समर्पण के कारण आज हमारी सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक है। आपने अपने साहस और समर्पण से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में जो परंपरा स्थापित की है, वह अतुलनीय है। देश पर संकट चाहे शत्रुओं के कारण आया हो या प्रकृति के कारण; हमारे सैनिकों ने हमेशा पहली मार झेली है। हमारे सैनिक सबसे पहले चुनौती स्वीकार करते हैं और इसका सबसे प्रभावी जवाब देते हैं। सिंह के मार्गदर्शन में एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक श्री सुदीप नाग ने देश की अखंडता की रक्षा करते हुए शहीद हुए शाहबाद क्षेत्र के 21 वीर सपूतों के परिजनों को शाल एवं नवनिर्मित शहीद स्मारक की प्रतिकृति देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, नया हिंदुस्तान, नया भारत आज नई रीति, नई नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह विश्व पटल पर मजबूती से अपनी भूमिका तय कर रहा है और इसमें बहुत बड़ा योगदान आरा के वीर सपूतों की वीरता, अनुशासन और समर्पण का है। हमारी सरकार सिर्फ वादे नहीं करती बल्कि उन्हें समय पर लागू भी करती है। हमने गांव के विकास कार्यों के अलावा आरा शहर में एनटीपीसी को चार विकास कार्य दिये थे, जिनमें समाहरणालय छठ घाट और शहीद स्मारक, जिसके उद्घाटन समारोह में हम सब बैठे हैं, पर आठ हाईमास्ट लाइटें समय पर पूरी हो गयीं. रमना मैदान के सौंदर्यीकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है और आज धरहरा नहर के सौंदर्यीकरण का काम भी शुरू कर दिया गया है. इससे साबित होता है कि मैंने आप सभी से विकसित आरा का जो सपना देखा था, वह तेजी से पूरा होने की ओर बढ़ रहा है और आगे भी होते रहेगा।

एनटीपीसी की सीएसआर नीति के तहत आरा के जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में 26 लाख रुपये की लागत से 'शहीद स्मारक' का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

उद्घाटन समारोह में मौजूद शहीदों के परिजनों ने कहा कि एक जवान देश के लिए शहीद होता है और जब उनकी याद में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो दिल खुश हो जाता है. जिस तरह हम अपने घरों में भगवान की पूजा करते हैं, उसी तरह शहीद जवानों की भी हर घर में पूजा होनी चाहिए। यह हमारे लिए बड़े गर्व एवं खुशी की बात है कि श्री सिंह ने शहीद स्मारक की हमारी मांग पूरी की। इसी समारोह में श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से धरहरा नहर के सौंदर्यीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया. एनटीपीसी द्वारा अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कुल 16.75 करोड़ रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

सोन नहर आधुनिकीकरण संघर्ष समिति की बैठक

करपी,अरवल।सोन नहर आधुनिकीकरण संघर्ष समिति के बैठक में माली राजवाहा एवं कोचहासा राजवाहा के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिये तेज आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। अगामी 28 फरवरी को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। सोन नदी के पानी का जो बिहार का हिस्सा है वो बिहार को दिया जाए। तथा हामिद नगर बांध से माली राजवाहा और कोचहासा राजवाहा को यथा शीघ्र जोड़ा जाय। बैठक के शुरुआत में आंदोलन में शहीद किसानो को श्रधांजलि भी दी गई। तथा उनके आंदोलन का समर्थन का प्रस्ताव भी पास किया गया। सभा के अध्यक्षता धमदेव यादव तथा मंच संचालन राकेश राही ने किया सभा में रामचंद्र यादव, मनोज शर्मा, चनेश्वर सिंह सहित दर्जनो किसान उपस्थित थे।

एटीएम लूटने का प्रयास करने वाले अपराधी को गया पुलिस ने किया गिरफ्तार

गया।गया पुलिस ने एटीएम लूटने की कोशिश करने वाले आधे दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार की है इनके पास से हथियार जिंदा कारतूस और कई मोबाइल फोन बरामद हुए हैं इसकी जानकारी देते हुए टीएसपी प्रेरणा कुमारी ने बताया कि विगत 25 जनवरी को जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के डांगरा बाजार में अवस्थित एटीएम को काटकर लूटने का प्रयास अपराधियों के द्वारा किया गया था इस पर स्थानीय मोहनपुर पुलिस स्टेशन में प्राथमिक की दर्ज की गई थी 123 थाना क्षेत्र के कोबारी जंगल से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था और उन्हीं के निशानदेही पर तीन अन्य अपराधियों भी गिरफ्तार किए गए उनके पास एक देसी कट्टा एक देशी पिस्तौल तथा कई राउंड जिंदा कारतूस मोबाइल फोन बरामद किए गए आगे बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का अपराधी इतिहास कंगाल जा रहा है इन अपराधी की गिरफ्तारी गया पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है।

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ जलभरी के साथ हुआ शुरू

कैमूर। जिले के मोहनिया प्रखंड भोखरी पंचायत के गौरा गांव में में स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज के दिव्य मंगलानुशासन के द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है रविवार को जलभरी के गौरा गांव से रथ के साथ श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज सहित काफी संख्या में महिला बच्चियों के द्वारा कलश लेकर रामगढ़ बाजार होते हुए अकोढी पूल दुर्गावती नदी से जलभरी कर यज्ञ स्थल पर पहुंची समस्त गौरा गांव और क्षेत्रीय ग्रामीण जनता द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।25 फरवरी से शुरू होकर महायज्ञ 2 मार्च को पूणाहूती के समाप्त होगा।

किंजर मुसहरी में ड्रोन से हुई छापेमारी

करपी, अरवल । उत्पाद विभाग अरवल की टीम ने रविवार को किंजर थाना के किंजर मांझी टोली में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ ड्रोन से छापामारी की गई जिसमें शराब से जुड़े धंधेवाज तो पकड़े नहीं जा सके लेकिन छापेमारी टीम को 5145 किलो जावा महुआ एवं 13 लीटर चूलाया हुआ शराब हाथ लगी .जिसे विनष्ट कर दिया गया. छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

3 मार्च को होगा नारायण सिंह नाटक का लोकार्पण

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में रियासत पवई निवासी प्रेम शंकर प्रेमी रचित अंग्रेजों के प्रथम शत्रु राजा नारायण सिंह नाटक का लोकार्पण 3 मार्च को किया जाएगा।इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी एवं संस्था के उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि समाहरणालय के समीप अवस्थित श्री कृष्ण सिंह स्मृति स्थल के प्रांगण में 3 मार्च को राजा नारायण सिंह नाटक का लोकार्पण किया जाएगा।

महायज्ञ स्थल से चोरों ने उड़ाया बाइक

करगहर (रोहतास) बड़की खराड़ी महायज्ञ परीसर से बाइक चोरों ने एक श्रद्धालु की बाइक चुरा फरार हो निकले। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सहुआर निवासी जितेंद्र पासवान बाइक खड़ा कर यज्ञ का प्रसाद लेने के लिए मंडप की ओर गए थे।इस बीच चोरों ने मौका देख बाइक चुरा कर फरार हो गए।जब वे प्रसाद लेकर बाइक के समीप आए तो उनकी बाइक गायब थी। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चला तब उन्होंने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी गई है।थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि घटना की जांच कर बाइक चोरों की जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

वेतनभोगी कर्मियों ने सेवा नियमितीकरण का किया माँग

प्रात: किरण संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। सिंचाई विभाग, कार्यपालक अभियंता कार्यालय, दाउदनगर के समक्ष विभाग से जुड़े मौसमी-दैनिक-वेतनभोगी कर्मियों ने अपनी सेवा की नियमितीकरण,विगत जून-2023 से लेकर अक्टूबर- 2023 तक के बकाए वेतन का भुगतान शीघ्र करने,सेवा का नियमितीकरण होने तक सालों भर काम देने, अभी तक विगत पांच माह के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हो पाने के लिए जिम्मेवार पदाधिकारियों तथा साथ हीं सादा मास्टर-रॉल पर मौसमी कर्मियों से जबरदस्ती दस्तखत करवाने वाले पदाधिकारियों पर जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने, इत्यादि अपनी 17- सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु एक व्यापक रणनीति तैयार करने हेतु आज दोपहर में उक्त कार्यालय के समक्ष एक आम-सभा की तथा अपनी मांगों के सन्दर्भ में जमकर नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए महासंघ (गोप गुट) के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि यह बेहद शर्म की बात है कि अत्यल्प दैनिक पारिश्रमिक पर कार्य करने वाले दाउदनगर के मौसमी कर्मियों का पांच महीने का पारिश्रमिक का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है जबकि इस सन्दर्भ में मौसमी कर्मी जिला पदाधिकारी समेत जिले के तमाम पदाधिकारियों से लिखित शिकायत कर चुके हैं। बैठक में उपस्थित कई मौसमी कर्मियों ने यह बताया कि दाउदनगर डिवीजन के अन्तर्गत कार्यरत सभी जेई ने अपने-अपने अधीनस्थ अनेक मौसमी-कर्मियों पर दबाव डालकर उनसे बा-जबरदस्ती सादे मास्टर रॉल पर दस्तखत करवा लिए हैं जिसके कारण वे काफी डरे हुए हैं। उन्हें भय है कि उन्हें अब पारिश्रमिक मिलेगा या नहीं अथवा मिलेगा भी तो कहीं काटकर तो नहीं मिलेगा ? इस सभा को संबोधित करते हुए महासंघ (गोप गुट), जिला शाखा औरंगाबाद के मुख्य संरक्षक कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि यदि सभी मौसमी कर्मी महासंघ के नेतृत्व में मजबूती के साथ एकताबद्ध होकर संघर्ष करते हैं तो आपकी सभी मांगें अवश्य पूरी होंगी; क्योंकि आपकी सभी मांगें जायज हैं सभा की अध्यक्षता दाऊदनगर सिंचाई प्रमंडलीय कमिटी के अध्यक्ष- रविन्द्र कुमार ने की ; जबकि संचालन सचिव अरविन्द कुमार ने किया। इनके अलावा इस बैठक में संघ के राज्याध्यक्ष जयराम सिंह तथा कोषाध्यक्ष रविशंकर कुमार, उपाध्यक्ष- छठन राम, पुनदेव यादव,प्रेमशंकर, छोटन बैठा,चंद्रमा सिंह,मुनेश्वर पासवान, रविन्द्र सिंह यादव,विजय चौधरी,सुदामा सिंह, ललन यादव, जयप्रकाश राम,बबन यादव, कमला प्रसाद,मेवालाल, हरिनंदन पासवान,जुगल सिंह,छोटन बैठा, महेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र पासवान,इत्यादि बड़ी संख्या में अन्य मौसमी कर्मी भी इस सभा में उपस्थित रहे । अन्त में आक्रोशित मौसमी कर्मियों ने अपनी मांगों से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए जिनमें एक प्रस्ताव यह भी पारित किया कि अब चुप नहीं रहा जाएगा तथा आगे सेवा की नियमितीकरण करने ; विगत जून- 2023 से लेकर अक्टूबर- 2023 तक के बकाए वेतन का भुगतान शीघ्र करने,सादे मास्टर रॉल पर जबरदस्ती दस्तखत करवाने वाले पदाधिकारियों पर यथोचित कानूनी कार्रवाई करवाने तथा अन्य सत्रह-सूत्री मांगों के समर्थन में अब बहुत जल्द जिला मुख्यालय पर जुझारू और धारावाहिक संघर्ष शुरू किया जाएगा जिसकी सारी जवाबदेही यहां के स्थानीय पदाधिकारियों की होगी।

पीएम मोदी की 110 वीं मन की बात को सुना

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। ज़िले के शहर के वार्ड नंबर सात रामराज नगर में भाजपा नेता अरविंद सिंह जी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 110 वीं मन की बात को सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इस मासिक कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपिसोड के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने तीन लोगों से फोन पर बात भी की और विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में उनके अनुभवों का जाना। पीएम मोदी ने प्राकृतिक खेती के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कैमिकल से हमारी धरती माँ को जो पीड़ा हो रही है उसे बचाने में मातृ संस्था का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह भाजपा नेता रघुनाथ राम, सत्येंद्र सिंह, दूना प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र सिंह, अमर उजाला, कमलेश राय, सरवन प्रजापति, अविनाश मिश्रा, आशीष मिश्रा, राहुल कुमार, मनीष कुमार संहिता अन्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम बहुत रोचक और प्रेरक होता है जिसका इंतजार हर देशवासी को रहता है। प्रधानमंत्री जी ने अगले 3 माह तक लोकसभा चुनाव में व्यस्तता के कारण मन की बात को स्थगित रखा है।

तेलपा पुलिस के नाक के नीचे चल रही थी मिनी गन फैक्ट्री

प्रात: किरण संवाददाता

स्थानीय पुलिस फेल,एसटीएफ को मिली सफलता

करपी,अरवल। शहर तेलपा ओपी क्षेत्र के राधेबिगहा गांव में मिली मिनी गन फैक्ट्री ने र शहरतेलपा पुलिस को आइना दिखाया है। लोग अचंभित हैं क्योंकि फैक्ट्री इतनी बड़ी थी कि सामान उठाने में बारह घंटे का समय लगा. ऐसा इसलिए न कि इस मिनी गन फैक्ट्री का इनपुट यहां से 560 किलोमीटर दूर बैठी बंगाल पुलिस को मिल गयी लेकिन मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित शहरतेलपा पुलिस इस मामले में फेल न हो गयी. ऐसे में शहरतेलपा पुलिस की कार्यशैली पर क्षेत्र में सवाल खड़े किये जा रहे हैं. मामा-भांजे के इस खेल से क्षेत्र के लोग आश्चर्यचकित हैं. मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन के मामले में बंगाल पुलिस ने इसकी सुराग पता लगाया तथा न इस मामले में बिहार एसटीएफ से संपर्क न कर इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक दो दी गयी. सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक ने रणनीति बनाकर इसका न उद्भेदन करवाया. मुर्गा फॉर्म में संचालित मिनी गन फैक्ट्री में मुंगेर जिले 10 कारीगर इस गांव में आकर दिन- रात पिस्तौल का जखीरा तैयार करतेरहे, लेकिन इसकी भनक नहीं लगी. ल मुख्य सरगना सेम्भुआ निवासी रोशन कुमार उर्फ लड्डु तथा राधेबिगहा गांव निवासी मुकेश पटेल उर्फ नागेंद्र कुमार सिंह जो दोनों रिश्ते में मामा-भांजा है, इनके द्वारा इस प्रकार सुनियोजित तरीके से यह कार्य करवाया जा रहा था कि किसी को इस कार्य की भनक नहीं लग पायी. सूत्रों की मानें तो बंगाल के कोलकाता में पिस्टल निर्माण में प्रयुक्त होने वाले समान सुगम तरीके से कम मूल्य पर उपलब्ध होते हैं. ऐसे में निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोलकाता से लाई जाती थी तथा बिक्री का धंधा भी चलता था. यहीं से बंगाल एसटीएफ को इनपुट मिली थी. बाइक के साथ बड़ी संख्या में निर्मित एवं अर्धनिर्मित पिस्तौल बरामद किये गये. हालांकि इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर काफी सतर्क हो गये हैं तथा सभी थानाध्यक्षों से इस बात नि की शपथ देने का आदेश जारी किया है स कि सभी थानाध्यक्ष यह शपथ पत्र दें कि गु मेरे क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री नहीं चल नि रही है. एसपी ने दावा किया है कि किसी प्र भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा तथा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों की जगह जेल में होगी।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनना तय : लोजपा (रा)

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सम्मानित पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकताओं के साथ बैठक जिला मुख्यालय के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वाचनालय भवन में की गई । इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद लोकसभा के चुनाव प्रभारी सह प्रदेश महासचिव रामाश्रय शर्मा उर्फ पुनदेव शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अरवल जिला के दोनों विधानसभा के सभी बूथों पर एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम चलाकर बूथ अभिकर्ता बनाने का काम इस माह तक सभी प्रखंड अध्यक्ष पूरा कर लें । उन्होंने कहा कि जहानाबाद लोकसभा का उम्मीदवार लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का ही होगा । बैठक के विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के वरिष्ठ नेता संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तैयारी में सभी कार्यकर्ता जोर - शोर लग जाय , आने वाला दिन लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का होगा । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है । इस बैठक मौके पर जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिव्या भारती , जिला संगठन विस्तारक अजय शर्मा , लोजपा रामविलास नेता रामाज्ञा यादव , आई0 टी0 सेल जिलाध्यक्ष लालबदन पासवान ,सभी प्रखंड अध्यक्ष , सभी पंचायत अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

बालू माफिया और लोगों बीच झड़प में तीन लोग घायल

प्रात: किरण संवाददाता

गया ।जिले के गया शहर की कोतवाली थाना क्षेत्र के वारिसनगर मोहल्ले में रविवार सुबह शब-ए-बरात की तैयारी को लेकर लोग साफ सफाई कर रहे थे। इसी बीच बालू माफिया और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई दोनों तरफ से जमकर पत्थर बाजी की गई, बालू माफिया के द्वारा कई राउंड फायरिंग भी की गई जिससे तीन ग्रामीणों को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई है आनंद-पणन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया इस घटना की सूचना पाते ही टीएसपी प्रेरणा कुमार टाउन एसपी पीएम साहू कोतवाली थाने की पुलिस पहुंची फल्गु नदी इलाके का जायजा भी लिया टीएसपी प्रेरणा कुमार ने पुलिस मामले की जांच में जुट गई है इस घटना की जानकारी लोगों के द्वारा बताया गया कि अवैध बालू घाट से खनन कर बालू मां भैया तेज रफ्तार वाहन से घनी आबादी वाले मोहल्ले से गुजरते हैं जिस पर लोग विरोध किया विरोध करने पर बालू माफिया के द्वारा दशरथ फैलाने के लिए फायरिंग की गई पुलिस को चुनौती देते हुए बालू माफिया द्वारा इन इलाकों में बालू का रास्ता बना दिया गया और पुलिस से बचने के लिए बालू लोड करने के बाद बहुत ही तेज रफ्तार में गुजरते हैं जिस घटना होने की आशंका भी लोगों में बनी रहती है जिसका विरोध स्थानीय ग्रामीण और वार्डो के लोगों के द्वारा किया गया था।

इस मौके पर पहुंचे सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि अवैध बालू लदे ट्रैक्टर गुजरने को लेकर झगडा हुआ और फायरिंग की घटना हुई है इन घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है इस मामले की जांच की जा रही है इस घटना में सम्मिलित अपराधियों को गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी तेज कर दी गई है कोई भी सांप्रदायिक घटना नहीं है बालू माफिया और ग्रामीणों के बीच झडप पर यह की घटना हुई थी।

डीएम ने नवनिर्मित जीविका भवन का किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

करपी, अरवल । प्रखंड क्षेत्र के किंजर पंचायत अंतर्गत नगला ग्राम में नवनिर्मित जीविका भवन का उद्घाटन अरवल जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने किया. नगला ग्राम स्थित नवनिर्मित जीविका भवन का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत कराया गया है ,जिसका प्राक्कलन 15 लाख 18 हजार 126 रूपया है. जिलाधिकारी महोदया को सर्वप्रथम बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों ने माला पहनाकर स्वागत किया .एवं इस अवसर पर स्वागत गीत गा कर जिलाधिकारी को स्वागत किया गया. जिलाधिकारी ने उपस्थित जीविका से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए इस मौके पर स्थानीय मुखिया रामदुलारी देवी करपी प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा पंचायत रोजगार सेवक अनील पासवान वार्ड सदस्य उप मुखिया जेई अप्पू चौधरी एई मनोज कुमार पीओ सुधांशु शेखर सिंह उपस्थित थे।

माली प्रीमियम लीग क्रिकेट मैच का किया गया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

वंशी अरवल।सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय रामगढ़ के खेल मैदान में माली प्रीमियम क्रिकेट टूनार्मेंट का उदघाटन लोजपा रामविलास के वरिष्ठ नेता संजय कुमार सिंह एवं लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । क्रिकेट टूनार्मेंट उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए संजय कुमार सिंह ने कहा कि खेल से समाज मे भाईचारे और आपसी सदभाव बढ़ता है ।

जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है । खेल के माध्यम से हमारी मानसिक , शारिरिक , मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है । खेल हमे नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान करता है । इस क्रिकेट टूनार्मेंट में 16 टीमें भाग ले रही है , जिसमे करवाँ बनाम गंगापुर के बीच क्रिकेट मैच खेला गया । क्रिकेट टूनार्मेंट समारोह की अध्यक्षता कमिटी के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने किया । इस मौके पर माली पंचायत के मुखिया ललन कुमार , सचिव आशीष राज , कोषाध्यक्ष सत्यम कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए ।

स्वदेशी क्राफ्ट मेले का किया उद्घाटन, विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध प्रोडक्ट्स के लगाए गए स्टॉल

प्रात: किरण संवाददाता

गया। शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में स्वदेशी क्राफ्ट मेला का उद्घाटन भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश गिरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. यह मेला 25 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगा.

इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज से स्वदेशी क्राफ्ट मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस मेले की सबसे खास बात यह है कि इसमें स्वदेशी वस्तुएं की बिक्री हो रही है। हम देश के लोगों से भी कहना चाहेंगे कि भारत में बनी वस्तुओं का ही उपयोग करें, क्योंकि यह शुद्ध रूप से स्वदेशी है ।शहर वासियों से भी कहना चाहेंगे कि अपने परिवार के साथ यहां आए और विभिन्न जिलों एवं राज्यों के प्रसिद्ध प्रोडक्ट्स को एक बार जरूर देखें। यहां विभिन्न प्रोडक्ट्स के साथ खाने-पीने एवं मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है ।वही स्वदेशी क्राफ्ट मेला के प्रबंधक मुकेश गिरी ने बताया कि बदलते मौसम एवं आने वाले होली एवं रमजान को ध्यान में रखते हुए विशेष छूट के साथ एक से एक महिलाओं एवं पुरुषो के जरूरत के कपड़े, चप्पल एवं सौंदर्य के स्वदेशी सामान उपलब्ध हैं. मेले में खान-पान का भी विशेष ध्यान रखा गया है. साथ ही मेला प्रांगण में बच्चो के लिए विशेष प्रकार के झूलो की भी व्यवस्था की गई है विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध वस्तुओं को स्टॉल के माध्यम से बिक्री के लिए रखा गया है।

महाबोध फाउंडेशन अनन्तया छात्रवृत्ति योजना मे छात्रों का चयन

प्रात: किरण संवाददाता

गया ।महाबोधि फाउंडेशन ने अपना 11वां वार्षिक अन्तय स्कॉलर फाइनलिस्ट सेन कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से बोधगया के पार्वती गंगा परिसर में आयोजित किया गया दोपहर 2:00 बजे तक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इन्व्हीर क्लब बोधगया की अध्यक्ष रेमा देवी थी अन्नतय छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत महाभारत फाउंडेशन वंचित लड़कियों को किताब वर्दी परिवहन ऑफिस को कवर करते हुए अकादमिक छात्रवृत्ति प्रदान करता है जो हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए अपने परिवार में पहली बार जाती है वर्ष 2024 28 के लिए विद्वानों के चयन की प्रक्रिया थी अक्टूबर 2023 में या शुरू हुआ था इसकी घोषणा सोशल मीडिया और गया के मध्य विद्यालय के प्रधान को पत्र के माध्यम से की गई है महाबोधि कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि नवंबर 2023 थी रोटरी क्लब के प्रति सदस्य एवं संरक्षक डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा इस वर्ष चयन कार्यक्रम के निदेशक थे ।छात्रवृत्ति के लिए बिहार के गया जिला के विभिन्न गांव से प्राप्त सभी आवेदने में से स्कूल अधिकारियों और महाबोधि अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच के दौरान 134 आवेदन सही पाएं गए हू टीम महाबोधि और इन्व्हीर क्लब ऑफ गया सिटी और बोधगया के सदस्यों ने गुरारु ,बोधगया और टेकरी में प्रारंभिक साक्षात्कार आयोजित किया है ।प्रारंभिक साक्षात्कार समितियां ने चयन के लिए 51 आवेदक को शॉर्ट लिस्ट किया गया है ।आज फाइनलिस्ट चयन कार्यक्रम में सभी शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवार उपस्थित थे और उन्हें मेहमानों और मीडिया से परिचय कराया गया है ।समिति द्वारा लिखित परीक्षा के साथ उनके आगे मूल्यांकन भी किया गया है ।समिति ने बाद में टिकरी बोधगया, गुरारू से संबंधित उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम सिफारिश की जिन्हें 2024 2028 के दौरान उनकी हाई स्कूल शिक्षा के चार वर्षो के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति मिलेगी अत्यंत विद्वानों के आने वाले समूह में शिक्षक डॉक्टर, बैंकर, पुलिस अधिकारी, और इंजीनियरिंग बनाने की इच्छुक छात्र हैं और अन्नत्या छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से महाबोधि फाउंडेशन द्वारा पहले से ही समर्थित 261 विद्वानों शामिल हो रहे हैं साथ इन्व्हीर क्लब भाग लेने वाले अन्य विशिष्ट अतिथि में सुषमा प्रसाद, उमेश रजक, प्र और संरक्षक डॉक्टर डीके वर्मा डॉक्टर पीके वर्मा डॉक्टर सुनीता वर्मा विनोद सिंह कवि भगत आयोजन के दौरान वर्तमान में पूर्व महाभारत विद्वान कविता कुमारी स्वीटी कुमारी सुमन कुमारी ममता कुमारी ने कार्यक्रम की व्यवस्था करने और विद्वानों के प्रबंधन और मार्गदर्शन में मदद की थी। इस मौके पर अब्दुल रहमानी द्वारा विद्वानों को कुर्ता पोशाक दान में दी गई है ।25 में विद्वानों को शामिल करने के साथ महाबोधि फाउंडेशन के अन्य छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत समर्थन प्राप्त करने वाले विद्वानों को कुल संख्या अब 286 हो गई है ।जिन 25 विद्वानों को 2020 में छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी ।वह अपनी हाई स्कूल शिक्षा और छात्रवृत्ति की 4 साल की अवधि मार्च में पूरी करेंगे। 224 अधिकांश छात्र अपना हाई स्कूल पूरा करने के बाद उच्च अध्ययन के लिए जा रहे हैं। महाबोध फाउंडेशन सभी दाताओं सेवक और गुरु को उनको बाबुल समर्थन के लिए और शिक्षकों को विद्वानों को पोषण और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त करता है महाभारत फाउंडेशन विनोद सिंह समिति अध्यक्ष पार्वती गंगा कंपलेक्स बोधगया को स्थान प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता है और आयोजनों के संचार में सभी आवश्यक सहयोग है।

अवैध रूप से संचालित तीन पटाका दुकानों को सील

गया। आज अनुमंडल पदाधिकारी सदर एव अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा संयुक्त रूप से अवैध रूप से संचालित तीन पटाका दुकानों को सील किया है। विष्णुपद थाना क्षेत्र के वैतरणी के समीप अवस्थित 3 पटाखा दुकान और फैन्सी पटाखा बहार दुकान, हावो पटाखा दुकान एव पटाखा हाउस दुकान को सील किया गया है। दुकान जांच के दौरान पटाका बिक्री एव भंडारण संबंधित लाइसेंस की मांग दुकानदार के करने के दौरान कोई लाइसेंस नही दिखाया गया। बिना लाइसेंस के दुकान संचालन एव भंडारण किया हुआ था। बिना लाइसेंस के शहरी क्षेत्र में पटाखा का दुकान को सील करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

वीडियो कांफ्रेंसिंग गवाही से वादों के त्वरित विचारण में आएगी तेजी

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि एक जुलाई 2024 से तीन नये अपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागु हो रही है। किसी वाद में विचारण में आईओ डाक्टर, गवाहों के इंतजार में वाद लम्बित नहीं रहेगा। उन्हें विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शीघ्रता से सम्बंधित अधिवक्ताओं के उपस्थित में गवाही न्यायालय द्वारा पुरी कर ली जाएगी।

केस डायरी, मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक रिपोर्ट, भी ओनलाइन, न्यायालय में एक तय सीमा के भीतर उपस्थित होगी। अधिवक्ता ने आगे बताया कि एक जुलाई से दर्ज प्राथमिकी में तीन साल के अंदर फैसला आ जाएंगे। सार्वजनिक सम्पत्ति के नुकसान पहुंचाना बहुत महंगा पड़ेगा। एक जुलाई से नाबालिग से सामुहिक दुष्कर्म और मॉब लांचिंग जैसे अपराध पर फांसी की सजा तक हो सकता है। अपराधी की सम्पत्ति ही नहीं उसकी आय भी कुर्की होगी।

अपराधी के भाग जाने पर भी कोर्ट में उसके विरुद्ध सुनवाई होती रहेगी। अब एस .एम. एस,ई मेल, डिजिटल रिकार्ड, का महत्व न्यायिक क्षेत्र में काफी बढ़ जाएगी क्योंकि इसका प्रयोग गवाही के रूप में खुब होगी। भड़काऊ भाषण में अब सजा तीन साल तक होगी।

फिगर प्रिंट और डी. एन. ए टेस्ट के लिए सभी जिलों में एक फोरेंसिक वैन उपलब्ध होगी। सबसे बड़ी बात है कि रेप केस से सम्बंधित न्युज न्यायालय के अनुमति के बिना नहीं छपेगी।

न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट तीन साल से अधिक सजा सुना सकते हैं और पचास हजार से अधिक जुमार्ना लगा सकते हैं। डिजीटलीकरण से बहुत से वादों की सुनवाई साल भर में भी पुरी हो सकती है। अंत में कहा कि प्रसिद्ध भादंवि धारा जैसे 302 हत्या के अपराध का था, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता की धारा 302 झपटमारी अपराध का है। हत्या के प्रयास पर धारा -307 था भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता में धारा-307 लुट के अपराध में लगेगा। एक जुलाई से मानहानि में धारा 354, छल में धारा 316, बलात्कार में धारा -64 और चोरी में धारा -301, दहेज मुत्यु में धारा -79, स्त्री लज्जा भंग में धारा -73 लगेगी।

संत रविदास महायज्ञ आयोजन को लेकर निकली कलश यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) स्थानीय महादलित टोला में आयोजित संत रविदास महायज्ञ आयोजन को लेकर रविवार को शोभायात्रा निकली। अवसर पर बक्सर जिला से गंगाजल लेकर डिभियां स्थित उच्च विद्यालय के प्रांगण में आए कांवरियों को महायज्ञ स्थल तक ले जाने के लिए सैकड़ो की संख्या में गाजे बाजे व वाहनों के साथ श्रद्धालु पहुंच शोभायात्रा का शुभारंभ किया। जिसके करीब दो किलोमीटर तक दूरी तय कर श्रद्धालु कलश यात्रा के साथ यज्ञ मंडप तक पहुंचे। जो महायज्ञ 4 मार्च से प्रारंभ होकर अगले दिन सोमवार को संपन्न होगी। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष व सदस्य मनोज कुमार राम, राजू कुमार राम, निर्मल कुमार राम, रमाशंकर निराला, यमुना राम,चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि महायज्ञ विभिन्न संतों के सानिध्य उनके मुखवाणी प्रवचन भी आयोजित होगी। साथ ही रविदास लीला कार्यक्रम का भक्त आनंद लेंगे। जिसके लिए पंजाब के रविदास लीला मंडली को बुलाया गया है। जबकि यज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं को रहने व प्रसाद स्वरूप भोजन की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर बसपा नेता उदय प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, दीपक रंजन वर्मा, सनोज कुमार, मंगल राम, आशुतोष रमन, गोपाल पांडेय, पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह आदि शामिल थे।

मानिकपुर एवं शहर तेलपा ओपी का मिला थाने का स्वीकृति

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। राज्य सरकार ने अरवल जिले के मानिकपुर ओपी एवं शहर तेलपा ओपी को थाने में अपग्रेड करने की स्वीकृति दी है। अब वहां अतिरिक्त जवानों व पुलिस ने अधिकारियों की तैनाती का रास्ता साफ । हो गया है। दोनों स्थानों पर अन्य व संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे। रे गया जिला एवं अरवल जिला के । सीमावर्ती क्षेत्र पर स्थित मानिकपुर ने ओपी एवं औरंगाबाद जिला एवं अरवल जिला के सीमावर्ती क्षेत्र पर - स्थित शहरतेलपा ओपी को थाना का दर्जा मिलने के बाद कानून-व्यवस्था को बहाल रखने में भी मदद मिलेगी। केस अनुसंधान और गश्ती वगैरह के कारण आम लोग बेहतर सुरक्षा महसूस कर सकेंगे। गौरतलब हो कि अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने, विधि व्यवस्था के संधारण एवं सुरक्षा हेतु दोनों ओपी को थाना के रूप में उत्क्रमित करने की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में दोनों ओपी अपने पैतृक थाना के अंतर्गत कार्य कर रहे है। जिसके कारण ओपी स्थाई एवं स्वतंत्र रूप से कार्य करने में असमर्थता होती है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 26 फरवरी, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

संत निरंकारी मंडल द्वारा चलाया गया सफाई अभियान

सदर मुंगेर। रविवार को संत निरंकारी मंडल दिल्ली 9 के आदेश अनुसार नमामि गंगे योजना के तहत संत निरंकारी सद्गुरु सुदीक्षा की अगुवाई में मुंगेर क्षेत्र के कई गंगा घाटों की सफाई अभियान चलाउ लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने का ज्ञान दिए। इस सफाई अभियान में इन घाटों की सफाई की गई जिसमें बबुआ घाट, कष्टहरणी घाट, सोझी घाट, शमशान घाट शामिल है।

सीता कुंड मेले में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

सदर मुंगेर। माघी पूर्णिमा के अवसर पर सदर प्रखंड अंतर्गत जिला मुख्यालय से लगभग 08 किलोमीटर दूरी पर चर्चित सीताकुंड मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उमड़ी परी। यह मेला बिहार का ऐतिहासिक मेला कहलाता है। इस मेले में आसपास के कई जिले से श्रद्धालु मां सीता के दर्शन करने हेतु आते हैं। मान्यता है कि यहां मां सीता की अग्नि परीक्षा भी हुई थी। जिससे यहां मां सीता का जो कुंड है वहां गर्म जल का कुंड है।

सात मार्च को जुबली बेल समीप हो रहे धरना प्रदर्शन की सफलता को लेकर की संघर्ष मोर्चा ने किया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा की बैठक शनिवार के दिन संपन्न हुआ। इस मीटिंग में आगामी 07 मार्च को जुबली वेल पर हो रहे धरना को सफल बनाने के लिए सभी का सुझाव लिया गया। वहीं तेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा की दौलतपुर कमेटी का गठन किया गया।इस बैठक की अध्यक्षता राजाराम तांती ने की। इस मौके पर विनय कुमार सुमन व नरेश सिंह यादव ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेल का निजीकरण किया जा रहा है। यहां मजदूरों की संख्या घट रही है । यहां वर्क लोड कम किया जा रहा है ठेका पर मजदूर काम करने को विवश है , इसीलिए जमालपुर व रेल को बचाने के लिए हमें आगे आना होगा और 07 तारीख को विशाल धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए तन मन से जिम्मेवारी निभानी होगी। इस मौके पर मोर्चा के संयोजक अशोक मंडल ने भी अपनी बात को रखते हुए कहा कि सरकार श्रमिकों के अधिकार छीन रही है । रेल जैसे सार्वजनिक संस्थाओं को बेचने की साजिश चल रही है रिक्त पदों पर मजदूरों की बहाली नहीं हो रही है ठेका पर 5000 रुपये में मजदूर को काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का पेंशन खत्म किया जा रहा है यानी कम पैसा देकर मजदूरों से काम लेना और उनका शोषण करना यही सरकारी नीति बन गई है साथ ही जमालपुर में रेल द्वारा 1915 से स्थापित स्कूल में भी पढ़ाई बिल्कुल खत्म हो गई है भवन फर्नीचर भी जर्जर हो गया है जिससे बड़े-बड़े ऑफिसर पैदा हुए उसकी स्थिति आज बहुत ही भयावह है मजदूरों को उचित समय पर इलाज की व्यवस्था नहीं है ना ही उत्कृष्ट हॉस्पिटल है तेरह सूत्री मांगों पर चर्चा करते हुए रविंद्र मंडल एवं संजीवन कुमार ने भी अपनी बातें रखी जिसमें सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल बनाने 175 टन का क्रेन बनाने का कार्य भार देने रेल विश्वविद्यालय स्थापित करने जमालपुर कारखाना को हाजीपुर जोन में शामिल करने 10000 श्रमिक आरआरबी आरआरसी से बहाल कर जमालपुर कारखाने को देने जैसे मुद्दे प्रमुख थे इस अवसर पर सकीचंद मंडल मुरारी कुमार शैलेंद्र कुमार अशोक रजक कैसर फैयाज राजकुमार मंडल धीरेंद्र प्रसाद सरवन कुमार कृष्ण कुमार मुरारी कुमार रमन कुमार कैलाश कुमार विक्रम कुमार रामविलास प्रसाद इंद्रदेव प्रसाद पटेल प्रसाद सिंह आदि कई दर्जन लोगों ने भाग लिया अंत में सभा के अध्यक्ष राजाराम तांती ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन के बाद मीटिंग की सफलता और 07 तारीख के धरना को सफल बनाने के लिए सबसे अपील करते हुए सभा के समाप्ति की घोषणा की।

ट्रेन का विलम्ब से चलने का सिलसिला लगातार जारी

फरक्का एक्सप्रेस 12 घंटे तो विक्रमशिला एक्सप्रेस 5 घंटे लेट

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

जमालपुर। मालदा टाउन दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस का एक्सटेंशन बठिंडा तक कर दिए जाने के बाद से इस ट्रेन का विलंब से चलने का सिलसिला लगातार जारी है बीच के दो-तीन दिनों को छोड़ दे तो यह ट्रेन लगातार अनिश्चित विलंब से चलकर जमालपुर पहुंच रही है इस सिलसिले में शनिवार को भी 13484 डाउन बठिंडा मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से लगभग 12 घंटे अनिश्चित विलंब से चलकर जमालपुर पहुंची जबकि 12368 डाउन आनंद विहार भागलपुर विक्रमशिला सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी लगभग 5 घंटे विलंब से चलकर जमालपुर आई। 13484 डाउन बठिंडा मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय मध्य रात्रि 12:59 बजे है परंतु यह ट्रेन शनिवार के अपरहण 12:22 बजे जमालपुर पहुंची इस ट्रेन के जनरल बोगी में यात्रा कर रहे सकलदेव प्रसाद और परमानंद प्रसाद ने बताया कि यह ट्रेन बठिंडा से ही लेट चली थी उन्होंने बताया कि इस ट्रेन को बठिंडा से संध्या 16:25 बजे रवाना होना था परंतु यह ट्रेन अपने रीशेड्यूल्ड टाइम पर मध्य रात्रि 12:23 बजे गंतव्य के लिए रवाना हुई बीच में यह ट्रेन लगातार लेट होते चली गई और यहां जमालपुर 12:22 बजे पहुंची इसी प्रकार 12368 डाउन आनंद विहार भागलपुर विक्रमशिला सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय प्रातः 6:45 बजे से लगभग 5 घंटे विलंब से चलकर पूर्वाह्न 11:37 बजे जमालपुर आई इसके अतिरिक्त 22406 डाउन आनंद विहार भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस भी लगभग 2 घंटे विलंब से जमालपुर पहुंची इस ट्रेन का जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय प्रातः 9:20 बजे है परंतु यह ट्रेन 11:10 बजे जमालपुर आई इसके अलावा 13236 डाउन दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस में शनिवार को अपने निर्धारित समय प्रातः 9:52 बजे के बजाय पूर्वाह्न 11:10 बजे जमालपुर आई दूसरी तरफ जमालपुर से भागलपुर जाने वाली 03406 डाउन डेमो स्पेशल पैसेंजर ट्रेन भी जमालपुर से अपने निर्धारित समय 10:48 बजे के बजाय 12-16 बजे गंतव्य के लिए रवाना हुई दूसरी तरफ जमालपुर से गया जाने वाली 03615 अप स्पेशल पैसेंजर ट्रेन भी जमालपुर से अपने निर्धारित समय प्रातः 8:20 बजे रवाना होने के बजाय पूर्वाह्न 10:05 बजे गंतव्य के लिए रवाना हो पाई। इस सिलसिले में 13334 डाउन पटना दुमका एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय प्रातः 9:40 बजे से लगभग 2 घंटे विलंब से चलकर 10:35 बजे जमालपुर पहुंची

आयुक्त ने प्रांजलि राज को स्नेहाशीष और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता वीर गाथा प्रोजेक्ट 3.0 सुपर- 100 की विजेता छात्रा प्रांजलि राज की उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धि पर प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर संजय कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में स्नेहाशीष और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। आयुक्त ने नोट्रेडैम अकादमी मुंगेर की छात्रा प्रांजलि राज का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रतियोगिता से जुड़े उपलब्धियों पर बातचीत की और डॉक्युमेंट्री वीडियो देखकर सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आयुक्त ने कहा कि प्रांजलि ने राष्ट्रीय वीरगाथा सुपर 100 की विजेता बनकर मुंगेर का नाम रौशन करने का काम की है जो न सिर्फ जिले और प्रमंडल का बल्कि देश भर में राज्य का नाम रोशन की है। बताते चलें कि मुंगेर की प्रांजलि राज ने विगत माह दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित तीनों सेनाओं के प्रमुख और विभाग के सचिव के उपस्थिति में डीआरडीओ ऑडिटोरियम दिल्ली में दस हजार की चेक राशि, मेडल, और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत और सम्मानित हुई थी। विशेष तौर बिहार भर के दस प्रतिभागियों में ग्रुप लीडर के रूप में सम्मानित होने का मौका प्रांजलि राज को ही मिला। साथ ही 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर परेड समारोह में आमंत्रित स्पेशल अतिथि के रूप शामिल होकर देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सहित परमवीर चक्क विजेता सूबेदार योगेन्द्र यादव वीर सेनाओं मिलने का मौका मिला। रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में देश के कुल 2 लाख 42 हजार 834 स्कूल के 1 करोड़ 36 लाख 87 हजार 561 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय स्तर पर 3891 प्रविष्टियों का चयन किया गया। इसके बाद नोट्रेडम अकादमी मुंगेर बिहार की प्रांजलि राज ने सुपर 100 में अपना स्थान दर्ज करा कर मुंगेर बिहार को गौरवान्वित किया है।

पॉलिटेक्निक कॉलेज मुंगेर में डीजल आपूर्ति के नाम पर लाखों रुपए का गोलमाल

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर नगर क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के कामकाजों पर बिहार पॉलिटेक्निक विभाग के उच्च अधिकारी काफी मेहरबान हैं । बिहार राज्यकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मुंगेर में सरकारी धन कोष से बड़े पैमाने पर जनरेटर में डीजल जलाए जाने के नाम पर लाखों रुपए का निकासी किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। हवेली खड़गपुर प्रखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार मंडल ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया है कि राज्यकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जनरेटर से बिजली की आपूर्ति को दिखाकर और पेट्रोल पंप से फर्जी विपत्र 10% की कमीशन पेट्रोल पंप के कर्मचारियों और मालिक को देकर वर्षों से डीजल के नाम पर सरकारी धन कोष से लाखों रुपए का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया की प्रतिमाह बिजली विपत्रों और डीजलों के विपत्रों की जांच अगर कराई जाएगी तो बिहार राज्य की पॉलिटेक्निक कॉलेज का डीजल आपूर्ति के नाम पर किए गए भुगतान का पता चल जाएगा। श्री मंडल ने आरोप लगाया है कि बिहार पॉलिटेक्निक विभाग के डायरेक्टर और विभाग के सचिव मुंगेर के हवेली खड़गपुर के रमनकाबाद स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज पर खास मेहरबान है। इसके बावजूद भी प्राचार्य पर जांच और विभागीय कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी कोष से फजीर्वाड़ा पत्रों के जरिए सरकारी राशि की लूट करने में विभाग के सचिव और डायरेक्टर का हाथ है अगर इनका हाथ नहीं है तो जांच और कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है श्री मंडल ने आरोप लगाया है कि बिजली की आपूर्ति में विगत दो-तीन वर्षों से विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई है फिर भी डीजल आपूर्ति के नाम पर लाखों की निकासी की गई है श्री मंडल ने पॉलिटेक्निक विभाग के सचिव और डायरेक्टर तथा प्राचार्य के चल अचल संपत्ति की जांच सरकार के निगरानी विभाग से कराने की मांग की है जिसके बाद घोटाले का पोल खुल जाएगी।

पशुओं में बांझपन व मुख रोग के इलाज को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। पशुओं में बांझपन एवं मुख रोग के इलाज व जागरूकता के उद्देश्य से रविवार को प्रखंड क्षेत्र के ददरी जाला पंचायत के भलुआ गांव में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर मांझी एवं ददरीजाला पंचायत के पैक्स अध्यक्ष शिव कुमार यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इंटास फार्मास्युटिकल्स के सौजन्य से आयोजित इस चिकित्सा शिविर में पशुपालकों को पशुओं के बाँझ पन एवं मुंह रोग के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्ति पशु शैली चिकित्सक डॉक्टर सुधीर कुमार के द्वारा 27 बाँझ पशुओं एवं 22 पशुओं के मुंह संबंधी बीमारियों का इलाज भी किया गया। कंपनी के द्वारा पशुपालकों को मुफ्त में दवा भी उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर कंपनी के रीजनल मैनेजर अशोक कुमार यादव, श्रीराम कुमार एवं नितेश कुमार शर्मा इत्यादि मौजूद थे।

जीवन को सफलता से सार्थकता की ओर ले जाती है शिक्षा: डॉ. देबज्योति

प्रात : किरण ब्यूरो

- सम्पूर्ण विकास लिए जरूरी है जीवन कौशल विकास हेतू शिक्षा- डॉ. देबज्योति

नवगछिया (भागलपुर)। जीवन कौशल शिक्षा विकास को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नगरपारा के विद्यालय प्रांगण में सभी छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा विकास के कई ज्ञान के गुड़ साझा किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य रोशन लाल ने आगंतुक मुख्य अतिथि डॉ. देबज्योति मुखर्जी के परिचय कराते हुए कहा कि जीवन कौशल का विकास व्यक्तिगत, पेशेवर और सामाजिक जीवन में चुनौतीपूर्ण स्थितियों में छात्रों के मानस को सशक्त करने के साधन हैं। जीवन कौशल के शिक्षा में लोकप्रिय प्रशिक्षक देबज्योति मुखर्जी साहब ने छात्रों के बीच अपनी जानकारी साझा करते हुए कहा कि अपने जीवन को और सरल एवं सहज बनाना ही जीवन कौशल का विकास है। जीवन कौशल के विकास में शिक्षा व्यक्ति को आत्मविश्वास, सहनशीलता, सहयोग और समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की क्षमता प्रदान करती है, वास्तव में ये जीवन को सफलता से सार्थकता की ओर ले जाती है। यह शिक्षा व्यक्ति के सामाजिक, नैतिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास को बेहतर करती है, ताकि वह अपनी दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना और समाधान कर सके, साथ ही संतुष्ट, स्वस्थ के साथ सफलतापूर्वक अपना जीवन बेहतर तरीके से जी सके। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता शिक्षक अजीत कुमार ने बच्चों से कहा कि जीवन कौशल के विकास में बेहतर शिक्षा से छात्र के अंदर उन कौशलों का विकास होता है जो उसे सफलतापूर्वक और सकारात्मक जीवन जीने में मदद करते हैं। वही प्रशिक्षक बच्चों को प्रयोगात्मक तरीकों से स्वप्न दिखाए एवं लक्ष्य प्राप्ति के रास्तों से रुबरु कराए। जिससे उनके जीवन मार्ग में सफलता प्राप्त कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर खुद को सफलता के मुकाम पर अग्रसर कर सकें। वही इस मौके पर आदर्श, अजय, संजीव, भावना, श्रेया आदि ने कई लक्ष्य आधारित प्रश्न पूछे जिसके यथोचित उत्तर से प्रशिक्षक ने बच्चों को संतुष्ट किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकोत्तर कर्मचारियों के साथ साथ छात्र छात्राओं के अलावा अन्य मौजूद थे।

भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: जिला जनसंपर्क विभाग

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला के संयुक्त निर्देशक एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नागेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला जिला प्रशासन भागलपुर द्वारा आम आदमियों के बीच सरकार की योजनाओं एवं प्रशासन के क्रियान्वयन योजनाओं से अवगत कराते रहने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर लगातार सरकार की सभी योजनाओं को जिला प्रशासन द्वारा की सभी बैठकों में होने वाली बातचीत एवं योजनाओं की जानकारी को लेकर अपने फेसबुक डिस्टिक एडमिनिस्ट्रेशन भागलपुर के साइड पर जिस पर तिरंगा का निशान लगा है। उस तरह के आइकॉन वाले फेसबुक यूजर के द्वारा प्रयोग किये जाने व पर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। वही उन्होंने सभी आम लोगों से भी अपील करते हुए कहा है कि जिले के सभी सरकारी पदाधिकारी व सभी स्थानीय राजनीतिक दलों व जनप्रतिनिधि के अलावा जीविका दीदी, विकास मित्र, किसान सलाहकार, सेविका सहायिका, आशा कार्यकर्ता के साथ साथ पुलिस जवान तथा आम आदमी इसका लाभ ले सकें, और संबंधित जानकारी हासिल कर सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि सोशल मीडिया साइड पर जारी पोस्ट पर खासतौर पर नजर रखी जा रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के आलोक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को मद्देनजर ध्यान में रखते हुए जो भी लोगों के द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट डालें जायेगे।

खंडपीठ स्थापना की मांग को ले अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता।

भागलपुर। विगत दिनों पूर्व से उच्च न्यायालय की खंडपीठ की मांग को ले अधिवक्ता संघ के बैनर तले आवाज बुलंद होती रही हैं, इसी कड़ी में एक बार फिर उच्च न्यायालय खंडपीठ की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन शुरूआत की है। ज्ञात हो कि सिविल कोर्ट में 16 जिलों को संयोजित किया हुआ है यह एक पुराना शहर होते हुए घनी आबादी वाला क्षेत्र भी है यहां के अधिवक्ताओं ने कई वर्षों से आम लोगों की न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भागलपुर परिक्षेत्र में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना किये जाने की अपनी मांगों को ले लगातार धरना दे हल्ला बोल प्रदर्शन करते चले आ रहे है, लेकिन सरकार स्तर पर उनकी मांगों पर तनिक भी ध्यान केंद्रित कर इस ओर कोई सार्थक पहल किये जाने की दिशा में कोई भी कार्रवाई नही की है जिससे उनकी मांग पूरी नहीं हो पा रही है। सरकार की उदासीनता को लेकर अधिवक्ता संघ के बैनर तले एक बार फिर उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना को लेकर दर्जनों अधिवक्ताओं ने एक दिवसीय धरना दे हल्ला बोल प्रदर्शन के साथ सरकार नीतियों के विरुद्ध विरोध किया है। वही इसके समर्थन में भागलपुर न्यायालय के जुड़े दर्जनों अधिवक्ता ने एक स्वर में आवाज बुलंद करते हुए कहा है कि भागलपुर में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना जल्द से जल्द होनी चाहिए। जिससे आम लोगों का न्याय व्यवस्था बनी रहे, लेकिन सरकार अपने राजनीतिक अतरंग खेल में आम जनता के मंसूबों को अपने पांव तले कुचलने के साथ दुर्व्यवहार की रणनीति बनाई हुई है। जिसका पूर्ण जोड़ विरोध करते हैं, अगर सरकार द्वारा कोई ठोस पहल शुरू नही किया गया तो सभी न्याय व्यवस्था के पालन की दिशा में आंदोलन और वृहित पैमाने पर विरोध प्रदर्शन जारी कर सड़क पर उतर आएगें। इस मौके पर संजीव कुमार, दीप प्रभात कुमार, सृष्टि नाथ झा, तस्लीम खान व विनय कुमार पोद्दार के अलावे जिला विधिक संघ के दर्जनों कार्यकर्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सूफी संतों की मजार पर पहली चादरपोशी कायस्थ परिवार चढ़ाते हैं : ग्रामीण

- मान्यताओं के मुताबिक मजर्सरीफ के प्रति लोगों की जुड़ी हैं हिन्दू धर्म की आस्था-ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

बसंत कुमार। नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के मिल्की गांव परिक्षेत्र स्थित दाता मांगन शाह रहमतुल्ला अलेह की शान निराली है, इनके रहमत का करिश्मा अब भी जारी है। उनके मजार पर एक छुट्टी मिट्टी से लोगों की सारी मुरादे पुरी होती है। इलाके में इन्हें पीर बाबा कह कर उनके प्रति आस्था के प्रतीक मन्नती मांग को दरगाह बताते हैं। जहां लोग उनकी इबादत में कई आरजू रखते हैं। लोगों की मान्यता है कि इस मजार पर सालाना उर्स के मौके पर हिन्दू धर्म के कायस्थ परिवार के घर से ही पहली इस मजार पर चादरपोशी की जाती है। वही इलाके के रहने वाले यहां के ग्रामीण बड़े बुजुर्गों के मुताबिक कहना है कि जब स्व. लालबहादुर मजूमदार को हत्या के मामले में कोलकाता हाईकोर्ट से उसे मौत के रूप में फंसी की सजा दे गई तब उक्त फांसी की सजा से अपनी रुहानी ताकतों से बचा लिया था। उनके निधन पर कानूनगो ने उन्हें मिट्टी दी थी और उनके सालाना उर्स पर पहली चादर पोशी हिन्दू कायस्थ परिवार के लोगों द्वारा किया जाता रहा है। यह सब उनकी इच्छा से हुआ था, इसके बाद से यह परंपरा चरितार्थ हो शुरू से चली आ रही है, जो अब तक जारी है। इस दरगाह पर हर साल अंतरराष्ट्रीय ख्याति भव्य मेला लगता आ रहा है। मसहूर सूफी संत पीर हजरात दाता मांगनशाह रहमतुल्ला अलेह का सालाना उर्स आगामी 27 फरवरी से शुरू होगा। इसकी तैयारी पुरी जोर शोर से कर ली गई है। मेला परिक्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए बेहतर ढंग से लाइटों व डेकोरेटिंग से सजाया गया है। मेले में हर तरह की सैकड़ो दुकानें भी सजाई जा रही है। दर्जनो प्रकार के झूले, ब्रेक डांस, तारामाची, नौका, बैलून आदि झूला लगाया जा रहा है। मेला प्रांगण के चारो ओर दर्जनो झूले आकर्षण का केंद्र बना हुआ दिख रहा है। वही कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उर्स इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उर्स की पहली चादरपोशी बिहपुर के कायस्थ टोला के उज्जवल कुमार दास सपरिवार आगामी 27 फरवरी की देर रात 12 बजकर 5 मिनट के समय में मजार पर पहुंच कर चादरपोशी करेंगे। इनके बाद दूसरी बिहपुर अंचलाधिकारी द्वारा बिहार सरकार की ओर से चादरपोशी की जाऐगी। इसके साथ ही कार्यक्रम का संचालन जारी रहेगा। इस मौके पर आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों का सहयोग से इस मजर्सरीफ के कार्यक्रम में सहयोग मिलता रहा है।

भीषण अग्नीकांड की घटना में दर्जनों आशियाना जलकर हुई राख

पीड़ितों की मदद के लिए जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच की भोजन की व्यवस्था

- पीड़ित परिवार के लोगों के बीच भोजन के पड़े लाले
- गांव के करीब 60 घर समेत ग्रामीणों का सारा समान जलकर राख की ढेर में हुआ तब्दील

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के अनुमंडल परिक्षेत्र के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत बैकंठपुर दुधैला पंचायत के वार्ड 7 कोदराभित्ता गांव इलाके में भीषण अग्नीकांड का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि ग्रामीणों की सुचना पर अग्नीकांड की घटना को लेकर स्थानीय नाथनगर व सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा घंटो मशक्कत बाद आग पर काबू पाने में सफल रही हैं। वही दूसरी तरफ इस भीषण अगलगी की सुचना मिलते ही पंचायत के मुखिया अरविंद मंडल, समाजसेवी अरूण मंडल, भागलपुर सांसद अजय कुमार मंडल व अन्य समाजसेवी घटनास्थल पहुंचे जहां अग्नीपीड़ीत परिवारो से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया, साथ ही सभी अग्निपीड़ितों को आवास योजना के तहत पक्का मकान निर्माण का आश्वासन दिया गया है। वही घटना से आहत हुए सभी अग्निकांड के पीड़ितों व उनके परिवार सदस्यों के लिए पका पकाया भोजन की व्यवस्था भी किया है। इस दौरान समाजसेवी अरूण मंडल ने अग्नीपीड़ीत परिवार के बीच चुड़ा, शक्कर, दालमोट, पानी का बोतल, आटा, चावल समेत अन्य सुखा राशन का वितरण किया है। वही भीषण अगलगी की घटना को लेकर के ग्रामीणों ने बताया कि संध्या में खाना बनाने के दौरान एक घर के चुल्हे से निकली चिंगारी ने गॉव के करीब 60-70 फूस एवं चदरा के घर को जलकर खाक हो गया है। इस घटना से क्षेत्र के किसानों के घर के अंदर रखे हुए खान पान के सामान के साथ साथ उनके भोजन के अनाज, कपड़ा, नगदी समेत सारा समान जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया है। वही इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक किसानों के बकरियों के झुलसने की बात कही जा रही है, वही लेकिन खबर लिखे जाने तक सभी ग्रामीण व पीड़ीत परिवार अपने-अपने घर की तलाशी के साथ अपने बच्चे की खोजबीन में लगे हुए थे। वही घटना को लेकर स्थानीय नारायणपुर के अंचलाधिकारी विशाल कुमार अग्रवाल ने बताया कि राजस्व कर्मचारी के द्वारा जॉचोपरांत पीड़ीत परिवार को राहत सामग्री व आर्थिक सहायता के रूप में सहयोग राशि के साथ-साथ भोजन के लिए सामुदायिक किचन व प्लास्टिक सीट का वितरण किया जाएगा। इस दौरान पूरे गांव इलाके के अफरा तफरी के माहौल के बीच ग्रामीणों के आशियाने की भारी छति से पूरा इलाका चीख पुकार के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन होता

दबंग परिवृत्ति के लोगों द्वारा दी गई जान से मारने की धमकी: पीड़ित

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। इन दिनों जिले भर में अपराधियों का अपराध सर चढ़ कर बोल रहा है। जगह जगह हत्या, लूट, छिनतई, रंगदारी मांग सहित अपराधियों के दर्जनों संगीन अपराधिक मामले सामने आते रहे हैं। इसी कड़ी में सुलतानगंज थाना क्षेत्र के अब्जूगंज इलाके से सामने आया है। जहां अपराधी परिवृत के लोगों ने दिनदहाड़े गांव के एक ग्रामीण परिवार के साथ अपनी दबंग परिवृति को लेकर सात लोगों ने एक साथ घर में घुसकर की मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों ने स्थानीय सुल्तानगंज थाना में पहुंच कर दबंगो के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। वही इस पूरे मामले की गम्भीरता को देखते हुए स्थानीय थाना की पुलिस टीम पूरे घटना मामले की छानबीन में जुट गई है।

मंदिर से चोरी की हुई कलश की बरामदगी के साथ अभियुक्त धराया: एसपी सिटी

प्रात : किरण संवाददाता।

भागलपुर। विगत 20 फरवरी की देर रात्रि नाथनगर थाना क्षेत्र के स्थानीय मंदिर प्रांगण से अज्ञात चोरों द्वारा पीतल बने कलश को चोरी किये जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में विषहरी पूजा समिति के अध्यक्ष द्वारा लिखित आवेदन के माध्यम से घटना से सम्बंधित नाथनगर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। वहीं घटना की जांच के साथ चोरी कलश की बरामदगी व अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा चोरी की घटना की जांच को लेकर तकनीकी अनुसंधान की मदद से विगत रात्रि रूपलाल मालाकार को चोरी की गई कलश के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वही मामले की जानकारी को लेकर एसपी सिटी के कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी मि राज ने खुलासा करते हुए कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त रूप लाल यादव एक बार शराब पीने के कांड में जेल भी जा चुका था, वहीं पुलिस ने छापेमारी के क्रम में पीतल से निर्मित दो तरह के सर्प कलस को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

जिले के 13 ओपी को अपग्रेड कर पूर्ण थाना का मिला दर्जा : एसपी सिटी

- जिले के दो अनुमंडल में अपर अनुमंडल अधिकारी की हुई नियुक्ति -एसपी सिटी
- दियारा क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए अश्व दल की हुई तैनाती
- नाव और ड्रोन कैमरे के माध्यम से पुलिस की गस्त ड्यूटी के साथ रहेगी पैनी नजर-एसपी सिटी

प्रात : किरण, संवाददाता

भागलपुर। जिला के 13 ओपी थाना को अपग्रेड करते हुए थाना का दर्जा दिया गया है, साथ ही जिले के दो अनुमंडल परिक्षेत्र में अपर अनुमंडल अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। वही थाना के बन जाने से आम जनों को काफी फायदा होगा, अब अपग्रेड थानों में भी एफआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। उक्त आशय की जानकारी एसपी सिटी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी मि राज ने बताते हुए कहा कि जिन 13 थानों को अपग्रेड किया गया है वैसे ओपी को पूर्ण थाना का दर्जा दिया गया है जिससे पुलिसिंग व्यवस्था में भी काफी सुविधा मिलेगी, साथ ही दो सीडीपीओ पद भी बहाल किए गए हैं, पहला भागलपुर सदर में क्षेत्र के लिए और दूसरा कहलगांव अनुमंडल में परिक्षेत्र के लिए नियुक्ति की गई है, इस सार्थक पहल किये जाने से अब पेंडिंग केस का भार कम हो जायेगा, और विधि व्यवस्था संधारण में भी सहूलियत मिलेगी साथ ही बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था के साथ साथ दियारा क्षेत्र पर विशेष नजर रहेगी, जिसके लिए विक्रमशिला पुल के नीचे भी अब क्षेत्र निगरानी हेतू पुलिस चौकी बनाई गई है जहां 24 घंटे पुलिस गस्त ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। वही दियारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से जो पुलिस कैंप बनाए गए हैं साथ ही एसटीएफ की कैंप भी बनाई गई है। वही ड्यूटी पर तैनात जवानों को मोटरसाइकिल मुहैया करा दिया जा रहा है, साथ ही जल्द उन्हें अश्वरोही की भी व्यवस्था करा दी जाएगी। अब क्षेत्र गतिविधियों पर निगरानी को लेकर घोड़े के साथ मौजूद जवानों की टीम और ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रहेगी। वही दियारा क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस गस्ती करते दिखेगी, साथ ही ड्रैगन लाइट से युक्त नाइट विजन कैमरा के माध्यम से दियारा इलाके में चल रही गतिविधियों पर भी निगरानी बनी रहेगी, साथ ही नदी तटवर्ती इलाके में अब पुलिस की विशेष टीम नाव से भी गस्त ड्यूटी पर मौजूद दिखेगी, ताकि दियारा क्षेत्र में शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण माहौल को लेकर ध्यान रखी जा सकें।

संक्षिप्त खबरें

मोटरसाइकिल और देसी शराब के साथ किया गिरफ्तार

सोनवर्षा/राज सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के काश नगर ओपी पुलिस ने एक व्यक्ति मिक्कू कुमार को ग्लैमर मोटरसाइकिल के साथ 55 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया उक्त बात काश नगर ओपी प्रभारी चन्द्रजीत प्रभाकर ने बताया कि एक व्यक्ति ग्राम सिनवाड़ा बुधमा ओपी थाना उदाकिशुनगंज को कोपा चौक से गिरफ्तार किया गया अग्रिम विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए सहरसा न्यायालय भेज दिया गया।

डीएसएस जिलाध्यक्ष ने लोगों के बीच किया कंबल वितरण

सहरसा। डीएसएस जिलाध्यक्ष सह राजद के वरिष्ठ नेता मिथिलेश कुमार मनोज ने बाबा भूतनाथ चौक डुमरैल स्थित अपने निज आवास पर सैकड़ों गरीब एवं जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया !इस मौके पर राजद नेता के साथ समाजसेवी आशा कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे। कंबल वितरण कार्यक्रम के मौके पर डीएसएस जिलाध्यक्ष सह राजद नेता मिथिलेश कुमार मनोज ने कहा कि 2008 के कुशहा त्रासदी से लेकर कोरोना काल एवं अन्य मुसीबत के हर मौके पर जरुरतमंद लोगों के बीच सामाजिक कार्य चलता रहा है और आगे भी जीवन प्रयन्त सामाजिक दायित्व निभाता रहूंगा।

टी 20 डीयुज क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ

प्रखंड के पानी टंकी मैदान आलमनगर मैं स्वर्गीय अमरेश्वर प्रसाद सिंह सोना बाबू मेमोरियल अंतर जिला ळ20 डीयूज क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि सर्वेश्वर प्रसाद सिंह वार्ड पार्षद सूरज कुमार पटेल पूर्व उप प्रमुख धर्मेंद्र कुमार मंडल स्थानीय ग्रामीण अशोक कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके बाद विधिवत उद्घाटन मैदान में पहुंचकर सर्वेश्वर प्रसाद सिंह ने पिता काटकर किया उद्घाटन समारोह में उपस्थित स्थानीय ग्रामीण के साथ खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सर्वेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है।

आलमनगर के जदयू विधायक सह बिहार विधान सभा के डिप्टी स्पीकर नरेंद्र नारायण का स्थानीय कार्यकर्ता समेत अधिकारियों ने किया स्वागत

- नरेंद्र नारायण यादव ने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री का जताया आभार, कहा आज उन्हीं की देन है जो पिछड़े इलाके में बह रही है विकास की गंगा

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा के आलमनगर जेडीयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव को बिहार विधान सभा स्पीकर बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ता समेत अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ और माला पहना कर किया भव्य स्वागत।

बता दें कि बिहार विधान सभा के डिप्टी स्पीकर बनने के बाद मधेपुरा स्थित अपने आलमनगर विधान सभा क्षेत्र पहुंचे नरेंद्र नारायण यादव जहां स्थानीय आम आवाम समेत पार्टी के कार्यकर्ताओ और स्थानीय अधिकारियों ने भी पुष्प गुच्छ और माला पहना कर नरेंद्र नारायण यादव का भव्य स्वागत किया साथ हीं कार्यकताओं ने जश्न भी मनाया।

इस दौरान आलमनगर जदयू विधायक सह बिहार विधान सभा के डिप्टी स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरे अविभावक तुल्य नीतीश कुमार डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के विचार धारा को मानने वाले व्यक्ति है तभी तो मैं हमेशा इनके साथ चट्टानी एकता की तरह खड़ा रहता हूं हर दुख तकलीफ में वे भी हमारे साथ खड़ा रहते हैं आज उन्हीं का देन है, जो हमारे पिछड़े इलाके में इतना विकास हुआ है । उन्होंने कहा कि आप याद किजिए वह बीते दिन जब आलमनगर क्षेत्र में चलने लायक सड़क और पुल पुलिया नहीं थी लोग किसी तरह भगवान भरोसे चचरी पुल के सहारे जान जोखिम में डालकर सफर करते थे लेकिन आज वही क्षेत्र है जहां बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार ने विकास की गंगा बहा दी चारो तरफ पक्की सड़क पुल पुलिया का जाल बिछ गया लोग चैन से हर जगहों का सफर आसानी से कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार खतरे में था उस विपत्ति की घड़ी में भी मैं अविभावक तुल्य नीतीश कुमार के साथ कड़ी से कड़ी मिलाकर खड़ा रहा और सरकार बच गई उन्हीं की देन है जो आज आपके विधायक को बिहार विधान सभा निर्विरोध डिप्टी स्पीकर बनाया गया मैं पुनः नीतीश कुमार का आभार प्रगट करता हूं।

सिमरी बख्तियारपुर में हुई युवक की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। बीते दिनों जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना पुलिस को सूचना मिली की सिटानाबाद, भरौली के महुआडीह बाँध स्थित श्यार सुन्दर सिंह के आम के बगीचा में अज्ञात युवक की लाश के बारे में सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलने के उपरांत थानाध्यक्ष सिमरी बख्तियारपुर तत्क्षण घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का जाँच कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया तथा इस संबंध में सिमरी बख्तियारपुर थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया। उक्त घटना के आलोक में पुलिस अधीक्षक सहरसा के निर्देशन में एस०आई०टी० का गठन किया गया। उक्त एस०आई०टी० एवं थानाध्यक्ष सिमरी बख्तियारपुर के द्वारा घटना का वैज्ञानिक अनुसंधान प्रारंभ किया गया तथा छापामारी कर उक्त कांड में संलिप्त अभियुक्त सौरभ पासवान को गिरफ्तार किया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर यह बात सामने आई की मृतक हिमांशु कुमार के द्वारा सौरव कुमार के उपर जानलेवा हमला किया था। उक्त हमला को लेकर पूर्व में बसनही थाना कांड स0-64/22 दिनांक-15.05.22 धारा-457/307/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 2 बसनही थाना कांड स०-65/22 दिनांक-15.05.22 धारा-224 भा०द०वि० दर्ज किया गया था। इसी पुरानी दुश्मनी के कारण हिमांशु कुमार से बदला लेने के लिए सौरव कुमार अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिया था। अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने हेतु छापेमारी की जा रही है ।गिरफतार अपराधकर्मी का नाम सौरव कुमार है ।

सौर बाजार के विभीषण को कर्म कौशल शिक्षा सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा

प्रातः किरण संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के चन्दौर पुर्वी पंचायत के विभीषण कुमार को उम्र 23 वर्ष पिता राजकुमार यादव सामाजिक कार्य हेतु कर्म कौशल सम्मान- 2024 से सम्मानित किया जाएगा । सिन्हा लाइब्रेरी मार्ग लोदीपुर पटना में 5 मार्च 2024 को यह सामान ग्रहण करेंगे ।इसके अंतर्गत उन्हें तीन लाख रुपये और सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा। बिहार राजभाषा सचिवालय द्वारा इसकी घोषणा कर दी गई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के हाथों यह सम्मान दिया जाएगा। ज्ञात हो कि विभीषण कुमार को इससे पूर्व 2018 में बिहार केसरी सम्मान से सम्मानित किया गया था तथा 2021 में बिहार शिक्षा रत्न एवं 2022 में प्रमंडल स्तरीय शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया है किसान परिवार में जन्मे श्री कुमार बचपन से ही पढ़ने लिखने के शौकीन रहे और यही कारण रहा कि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में गरीब एवं अशिक्षित छात्रों को पढ़ाई के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। हालांकि विभीषण के कार्य को देखकर रविवार को मां रुकमणी ग्रामीण विकास सेवा संस्थान कार्यालय गम्हरिया में संस्थापक ललन कुमार ने विभीषण को बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रबंध निदेशक अंजली कुमारी,शाखा प्रबंधक वन्दना कुमारी,पत्रकार अंबूज कुमार, नेहा कुमारी,खुशबू कुमारी,पुष्पा कुमारी समेत अन्य बालिका मौजूद थी।

युवा पत्रकार मंदीप कुमार की आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मधेपुरा नगर इकाई ने ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के छात्र एवं युवा पत्रकार मंदीप कुमार की आत्मा की शांति हेतु महाविद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि मंदीप एक होनहार छात्र थे। उनके निधन से महाविद्यालय को अपूर्णीय क्षति हुई है। परिषद् के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह विश्वविद्यालय प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि मंदीप ने कम ही समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में एक पहचान बनाई थी। उनके निधन से मधेपुरा शहर ने एक प्रतिभाशाली युवा को असमय खो दिया है। परिषद् के नगर अध्यक्ष सह विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि युवा ही हमारे समाज एवं राष्ट्र के भविष्य हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखना हम सबों की जिम्मेदारी है। माता- पिता एवं शिक्षक की यह जिम्मेदारी है कि वे युवाओं से निरंतर संवाद करते रहें और उन्हें मानसिक संबल दें। सीनेटर रंजन यादव ने कहा कि मंदीप एक चर्चित टीवी पत्रकार एवं फोटोग्राफर थे। उनमें आगे बढ़ाने का जूनून था। कार्यक्रम के अंत में सबों ने दो मिनट का मौन मंदीप की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर परिषद् के नगर उपाध्यक्ष सह मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव, जिला प्रमुख दिलीप कुमार दिल, विभाग संयोजक सौरव कुमार यादव, जिला संयोजक नवनीत सम्राट, नगर मंत्री अंकित आनंद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमोद आनंद, नीतीश यादव, जिला संगठन मंत्री सुमित कुमार यादव, मौसम कुमार, अभिषेक, अजय, सुधांशु, देवाशीष, शुभम, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

सोनवर्षा कचहरी थाना में शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

कहरा/सहरसा । सोनबरसा कचहरी थाना परिसर में रविवार को शब-ए-बारात पर्व शांतिपूर्वक मानाये जाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष पुष्पम भारती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सदस्यों से थानाध्यक्ष ने पर्व को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली तथा लोगों से आपसी सद्भाव बनाते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा क्षेत्र में हर पर्व आपसी सद्भाव बनकर ही मनाया जाता है फिर भी नई पीढ़ी के कुछ लोगों को लेकर चौकशी जरूरी है ।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अन्य पर्व की तरह इस पर्व को भी शांतिपूर्वक तरीके से मनाए जाने को लेकर आश्वासन दिया ।बैठक में अफताब आलम उर्फ बबलू,मौलाना फैयाज अहमद,मो. अनवर,श्याम यादव,मो. मुन्ना,जुनैद अंसारी,मो.तासो,मो.कैलू मियां,सव्वो मियां,मो.इदो,विशेश्वर कुमार,दीपनारायण साह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व कुलपति की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मधेपुरा नगर इकाई ने बीएनएमयू के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) राम बदन यादव की आत्मा की शांति हेतु ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि प्रो. रामबदन यादव एक अत्यंत ही ईमानदार प्रशासक थे। उनके विचार एवं कार्य हमारे लिए एक आदर्श की तरह है। परिषद् के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह विश्वविद्यालय प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि प्रो. रामबदन यादव रसायनशास्त्र के बड़े विद्वान थे।

वे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष रहे थे। तदुपरांत उन्होंने 17 अक्टूबर, 1992 से 15 दिसंबर, 1994 तक बीएनएमयू के तीसरे कुलपति के रूप में कार्य किया। परिषद् के नगर अध्यक्ष सह विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि प्रो. रामबदन यादव विज्ञान के विद्यार्थी एवं शिक्षक थे। इसके बावजूद उनका धर्म, दर्शन एवं आध्यात्म से गहरा लगाव था। परिषद् के नगर उपाध्यक्ष सह मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि प्रो. रामबदन यादव के निधन से मिथिला एवं कोसी क्षेत्र ने एक बड़े शिक्षाविद् को खो दिया है। सीनेटर रंजन यादव ने कहा कि प्रो. रामबदन यादव आज सशरीर हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सबों ने दो मिनट का मौन रखकर प्रो. रामबदन यादव की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर जिला प्रमुख दिलीप कुमार दिल, विभाग संयोजक सौरव कुमार यादव, जिला संयोजक नवनीत सम्राट, नगर मंत्री अंकित आनंद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमोद आनंद, नीतीश यादव, जिला संगठन मंत्री सुमित कुमार यादव, मौसम कुमार, अभिषेक, अजय, सुधांशु, देवाशीष, शुभम, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

महावीर कैंसर संस्थान की रिसर्च टीम शिविर में की लोगों की जांच

प्रातः किरण जिला संवाददाता

मधेपुराः महावीर कैंसर संस्थान की रिसर्च टीम ने रविवार को सदर प्रखंड के बालम गढ़िया पंचायत के श्रीपुर गांव में विशेष चिकित्सा जांच शिविर लगाया। इस शिविर में लोगों को चिकित्सकों के द्वारा जांच कर उपचार किया गया। शिविर के आयोजन को लेकर डा.अरुण कुमार ने बताया कि कोसी क्षेत्र महावीर कैंसर संस्थान की रिसर्च टीम सात दिनों से कैंप का आयोजन कर लोगों का इलाज कर मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद परियोजना के माध्यम से विशेष रूप से मां और बच्चे में रोग अध्ययन की जांच कर रही है। जांच में टीम रक्तचाप स्तर, ग्लूकोज स्तर और मां के दूध, बाल और नाखून के नमूनों का विश्लेषण कर रही है। आर्सेनिक सामग्री का अध्ययन महावीर कैंसर संस्थान की प्रयोगशाला में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीम मधेपुरा जिले में भी कैंसर मरीजों की खोज कर रही है। श्रीपुर गांव में कैंप को सफल बनाने में बालम गढ़िया के पैक्स अध्यक्ष इंदुभूषण कुमार, अरविंद कुमार, अजीत कुमार, सुनील कुमार, पांडव कुमार और सौरव कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

रामखेलावन झरी लाल महाविद्यालय खुरहान में विधायक सह उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण का किया स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा रामखेलावन झरीलाल महाविद्यालय खुरहान में स्थानीय विधायक सह बिहार बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव का अभिनंदन समारोह आयोजित कर उन्हें माला पहनाकर अभिनंदन किया एवं लोगों ने बधाई दी इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने पद्म परमेश्वर एवं कबीर साहेब की वाणी उद्धत करते हुए कहा कि इस पद की पुर्ण जिम्मेदारी को पुर्णरुप से निर्वहन करने की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री एवं पार्टी ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है उन्होंने कहा कि राजनीति में ईमानदारी सच्चाई एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ साथ जनता के कार्यो को सही ढंग से करना ही उनकी प्राथमिकता होगी इस दौरान विरेन्द्र कुमार सिंह, प्रभाकर सिंह, शिवशंकर सिंह, प्रभात कुमार सिंह आर के जे एल खुरहान,सुनीता सिंह आरकेजेएल डिग्री कॉलेज खुरहान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह संजय कुमार सिंह संतोष कुमार सिंह राजीव सिंह सुरेश सिंह, रमन सिंह सहित सेकड़ो लोग उपस्थित थे

श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भक्त हो गए भाव-विभोर

प्रातः किरण संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा। सातवें दिन शनिवार को राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर कंचनपुर कचरा में उत्तर प्रदेश से पधारे निशि दीदी ने वामन अवतार, श्री राम कथा व कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। इस दौरान जीवंत झांकियां के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो व जय कन्हैया लाल की... उद्घोष से गूंज उठा। भगवान श्री कृष्ण के समय सभी श्रोता घूमने एवं नाचने लगे। सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने भक्तों की भीड़ उमड़ रही।वामन अवतार की कथा में बताया कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मंगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि का मन नापा तो दुसरे में पूरी दृष्टि यानी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आई, तो राजा बलि भी मुक हो गए। तब उनकी बारी आगे आई और राजा बलि को अपना तन भगवान को अर्पित कर देने की बात कही।इस तरह राजा बलि तन,मन धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। श्री राम कथा का वर्णन करते हुए मनुष्य को उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्री राम चरित्र मानस के दोहों व चोपाईयों का संक्षेप्त में वर्णन करते हुए उसका सार बताया। कथावाचक निशि दीदी ने जय हो यशोदा के लाला गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुमधूर भजन गायन के बीच भगवान के कृष्ण रूप में जन्म लेने का उद्देश्य बताया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि साहेब कुमार व पूर्व समिती प्रतिनिधी बबलू कुमार साह ने बताया कि 9 दिवसीय महा विष्णु यज्ञ में हम सभी ग्रामीण लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा हैं। प्रत्येक दिन कथा सुनने को लेकर हजारों श्रद्धालुओं की भीड लगी रहती है। किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हों जिसको लेकर दर्जनों कार्यकर्ता यज्ञ स्थल पर घूमते रहते हैं।

जन सुराज पदयात्रा पहुंची सहरसा, ढोल-नगाड़ों के बीच सोनबरसा में प्रशांत किशोर का स्वागत

सहरसा के सभी प्रखंडों से आए लोगों ने लगाए जन सुराज जिंदाबाद के नारे

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। जन सुराज अभियान के तहत बिहार की पदयात्रा पर निकले प्रशांत किशोर रविवार को खगड़िया से होते हुए सहरसा जिले में प्रवेश किया। इस दौरान कई जगहों पर फूलों की माला, अंगवस्त्र पहनाकर लोगों ने उनका स्वागत किया। प्रशांत किशोर की पदयात्रा में बैंड, ढोल-नगाड़ों के साथ कई जगहों पर आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। जन सुराज पदयात्रा का स्वागत करने के लिए जिले के 10 प्रखंड से काफी संख्या में लोग आए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं की भीड़ भी देखने को मिली। जिले में प्रशांत किशोर ने लगभग 6 किलोमीटर तक पदयात्रा की। जन सुराज पदयात्रा के क्रम में 15वें जिला सहरसा पहुँचे प्रशांत किशोरः- प्रशांत किशोर बीते 17 महीनों से बिहार में पदयात्रा कर रहे हैं। 2 अक्टूबर 2022 को प्रशांत किशोर ने पश्चिमी चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से जन सुराज पदयात्रा की शुरूआत की थी। पश्चिम चंपारण से शुरू हुई पदयात्रा शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया से होते हुए सहरसा पहुंची है। आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर जिले के सभी प्रखंडों में पदयात्रा के माध्यम से जाएंगे। 5.8 किलोमीटर तक की पदयात्राः- प्रशांत किशोर ने पदयात्रा की शुरूआत देहद खेल मैदान से कर सोनबरसा महाराजा हाई स्कूल के मैदान तक पहुंचे। देहद से सोनबरसा बाजार, बजरंगबली मंदिर होते हुए देहद चिमनी के पास जनसंवाद किया, इस दौरान लोगों ने फूल माला पहनाकर इनका स्वागत किया।

बनमा ईटहरी ओपी भवन निर्माण में लोकल बालू एवं गिट्टी से किया जा रहा है निर्माण कार्य

प्रातः किरण संवाददाता

बनमा ईटहरी/सहरसा। प्रखंड को मिले नए भवन निर्माण में संवेदक के द्वारा प्राक्कलन को ताक पर रखकर बृहद पैमाने पर घटिया गिट्टी और बालू का उपयोग किया जा रहा है। जो भवन निर्माण के गुणवत्ता का धोतक है। भवन के मजबूती को लेकर करीब पौने पांच करोड़ की राशि से जी-2 भवन का निर्माण बसंत कुमार कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें प्राक्कलन के विपरीत काले गिट्टी के जगह उजले व सफेद रंग के गिट्टी, लाल बालू क्यउल के जगह लोकल लाल बालू का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। जो भवन के मजबूती के लिए उपयोगी नहीं है। इस तरह के घटिया भवन निर्माण से भवन काफी कमजोर साबित होगा। जानकारी अनुसार बनमा गांव स्थित 27 नवम्बर को तत्कालीन आरक्षी अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने भूमी पूजन कर भवन निर्माण कार्य शुरू किया गया था जो 11 महिने में निर्माण किया जाना था। करीब चार महिने बीतने के बाद भवन निर्माण कार्य कछुए की चाल में किया जा रहा है। घीमे गति से निर्माण कार्य चलने से साफ अंदाज लगाया जा सकता है कि सीमित समय में कार्य पूर्ण होना संभव नहीं बताया जा रहा है। इस संबंध में योजना के कार्यकारी ठिकेदार मुकेश कुमार झा ने बताया कि गिट्टी और बालू बदल दिया गया है। गुणवत्ता को देखते हुए कार्य किया जा रहा है।

जन विश्वास यात्रा को लेकर भाकपा की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं महागठबंधन के नेता, पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा में अपनी भागीदारी को लेकर भाकपा ने की बैठक ' आज यहां खोपैती में भाकपा अंचल मंत्री एवं पूर्व मुखिया काड बालकिशोर यादव की अध्यक्षता में आयोजित भाकपा अंचल परिषद की बैठक में 27 फरवरी को जन विश्वास यात्रा के तहत तेजस्वी जी के मधेपुरा आगमन एवं 3 मार्च को गांधी मैदान, पटना में आयोजित जन विश्वास महारैली में भागीदारी हेतु विस्तृत योजनाएं बनाई गई एवं पार्टी नेताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई ' बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि 17 महीने में बिहार के अंदर महागठबंधन सरकार द्वारा की गई काम ,17 साल के काम पर भाड़ी है उन्होंने कहा कि बिहार में सामाजिक न्याय एवं धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाली जनता के साथ-साथ लोहिया और कपूर्री के विरासत को नीतीश कुमार ने दिया धोखा ' उन्होंने कहा कि आज देश से संकट में है भारतीय संविधान और लोकतंत्र खतरे में है ,हमारी अभिव्यक्ति की आजादी एवं गंगा जमुनी तहजीब को कुचला जा रहा है, केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को कौड़ी के दाम बेचा जा रहा है भाकपा नेता प्रभाकर ने कहा कि दलितो, अकलियतों एवं महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार एवं बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी लोगों का जीना दुभर कर दिया है ' उन्होंने देश बचाने के लिए, लोकतंत्र बचाने के लिए , आरक्षण बचाने के लिए और सत्ता से मनुवादी भाजपा सरकार को हटाने के लिए जन विश्वास यात्रा एवं तीन मार्च को पटना में आयोजित जन विश्वास महारैली मैं लाखों लाख की संख्या में भाग लेने का आह्वान किया ' भाकपा के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आजाद भारत का सबसे निकम्मी सरकार है ' उन्होंने कहा पुनः एक बार धर्म के नाम पर देश को बांटने और तोड़ने की साजिश चल रही है ' उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से देश तबाह और बर्बाद हो रहा है ,भाजपा को हराए बिना देश को बचना संभव नहीं ' भाकपा के वरीय नेता कुंदन यादव, रमेश कुमार शर्मा, प्रोड ललन मंडल, मोङ्क जहांगीर , पूर्व मुखिया कृत्यानंद रजक एवं पूर्व सरपंच माणिकांत यादव ने कहा कि धोखा देने वाले को 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता जबाब देगी ' नेताओं ने कहा कि रैली को सफल बनाएंगे,भाजपा को हराएंगे और देश को बचाएंगे ' बैठक में चंद्रदेव मंडल, सचिदा मंडल, सुरेंद्र साह, अनंत यादव, सूरज सादा, मुकेश सादा, रोहित सादा, हरिबोल सादा, चुनाय सादा,इंदल मल्लिक, ममता देवी, गुंजन देवी, ननकी देवी, सविता देवी आदि बड़ी संख्यां में भाकपा कार्यकर्ता शामिल थे' भाकपा नेताओं ने 27 फरवरी के तेजस्वी जी के जन विश्वास यात्रा एवं 03 मार्च को पटना रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया ।

सक्षमता परीक्षा के विरोध में नियोजित शिक्षक अपना एडमिट कार्ड जलाएंगे

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। बिहार शिक्षक एकता मंच के आह्वान पर जिला संयोजक निरंजन कुमार की अध्यक्षता में रविवार को सुपरमार्केट परिसर में जिला के सैकड़ो शिक्षकों ने 26 फरवरी 2024 को होनेवाले सक्षमता परीक्षा का विरोध करते हुए अपना-अपना एडमिट कार्ड जलाकर प्रदर्शन किया। मंच के सदस्यों ने कहा कि बगैर परीक्षा और बिना किसी शर्त के बिहार के चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा और ऐक्षिक स्थानांतरण अविलंब दिया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। अन्यथा की स्थिति में महाआंदोलन किया जाएगा और सभी विधायकों का घेराव भी किया जाएगा। अपनी मांगों के समर्थन में सभी नियोजित शिक्षक एकजुट और आक्रोशित दिखे। वहीं मंच के अपर मुख्य सचिव के ङ्कके ङ्क पाठक द्वारा शिक्षकों से बदतमीजी, गाली गलौज और आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव और उन्हें अविलंब हटाने की मांग की। प्रदर्शन में रौशन सिंह धोनी, कुमारी नूतन सिंह, राजीव कुमार रंजन, सुनील पासवान,अनिल कुमार, सरफराज अहमद,हिमांशु शेखर झा,अमरेंद्र कुमार, हरेराम कुमार, अरविंद कुमार,दिलीप कुमार,प्रेमलता कुमारी,सचेंद्र पासवान,अभिनंदन,सरोज कुमार, राकेश रौशन, उमाकांत कुमार, मोहम्मद मोबिन अख्तर,सुधांशु कुमार,विकास कुमार,दिलीप पासवान, संगीता कुमारी,पंकज कुमार, ओम प्रकाश, यशवंत कुमार,सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

जेईई (मेन) 2024 सेशन1 के परिणाम में लहराया

सागर। आकाश बायजूस ने सागर से अपने 9 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 95 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। वहीं 25 स्टूडेंट्स ने 90 से अधिक परसेंटाइल हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में वेंदांत असाती ने 98.53 परसेंटाइल के साथ टॉप स्कोरर रहे। वहीं रिषिता जैन ने 97.87, अरिन ने 97.34, पार्थ जैन ने 97.27, गगन रावत ने 97.09,आर्यन दुबे ने 97.04, यशी जैन ने 95.72, प्रशांत कुमार ने 95.09 व अन्य छात्रों ने 90 और उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरुआत हुई.विश्व स्तर पर सबसे चुनौतीपूर्ण प्रवेश परीक्षा के रूप में प्रसिद्ध, चुनौतीपूर्ण आईआईटी जेईई को जीतने की आकांक्षा के साथ आकाश के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लेते हुए, छात्रों ने मौलिक अवधारणाओं को समझने और एक अनुशासित अध्ययन को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण के लिए शीर्ष प्रतिशत केलिए अपनी चढ़ाई का श्रेय दिया। आभार व्यक्त करते हुए, उन्होंने टिप्पणी की, हम दोनों पहलुओं में सहायता करने के लिए आकाश के आभारी हैं। कोचिंग संस्थान की व्यापक सामग्री के बिना, थोड़े समय सीमा के भीतर कई विषयों की अवधारणाओं में महारत हासिल करने की संभावना नहीं होगी।

केरल में पादरी को कार से टक्कर मारी, 27 गिरफ्तार

कोट्टायम। कोट्टायम के एक चर्च के समीप शुक्रवार दोपहर एक पादरी को स्कूली छात्रों ने मोटरसाइकिल और कार से टक्कर मार दी। पुलिस ने इस घटना को लेकर शनिवार को 10 नाबालिगों समेत 27 को हिरासत में ले लिया। घायल पादरी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति स्थिर बताई गई है। एराट्टुपेट्टा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक विदाई पार्टी के बाद 12वीं कक्षा के छात्र शुक्रवार दोपहर पूंजार सेंट मैरी के फोराने चर्च फोटो लेने पहुंचे थे। सभी वहां अपने-अपने वाहनों से पहुंचे और कार से बहुत तेज आवाज निकाली। पादरी ने इस पर आपत्ति व्यक्त की और चर्च में प्रार्थना में खलल पड़ने की बात बताते हुए छात्रों को वहां से जाने को कहा। जब छात्रों ने उनकी बात नहीं मानी तो पादरी ने चर्च का दरवाजा बंद करने का प्रयास किया। दरवाजा बंद किए जाते देख छात्र अपने वाहन लेकर बाहर भागने लगे जिस क्रम में पादरी को टक्कर मार दी। हिरासत में लिए गए 10 नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा।

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर लगाया आरोप

जालना एजेंसी। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। अंतरवाली सरती गांव में मीडिया से कहा कि वह रविवार को अपने अगले कदम के बारे में बताएंगे। उन्होंने समुदाय के लोगों से एकत्र होने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनके प्रयासों को विफल करने के लिए चाल चल रही है। उन्होंने कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों पर अधिसूचना को कानून में बदलने में देरी पर सवाल उठाया। जरांगे ने राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस के इशारे पर मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने का भी आरोप लगाया।

आप ने केजरीवाल और आतिशी की पैठ वाली सीटें अपने पास रखीं, समझें दिल्ली का पूरा चुनावी गणित

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस साथ आ गए हैं। सीटों के इस बंटवारे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री आतिशी की पैठ वाली सीटें आप ने अपने पास रखी हैं। दोनों पार्टियों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। हालांकि, यह राह आसान नहीं दिखती क्योंकि 2019 के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा को कुल जितने वोट मिले, वह आप और कांग्रेस को कुल मिले वोटों से 16.3 फीसदी ज्यादा है। वहीं, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को साथ लाना भी दोनों दलों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं।

गठबंधन के तहत दिल्ली में कांग्रेस को उत्तर-पूर्वी, चांदनी चौक और उत्तरी-पश्चिमी सीट मिली हैं। कांग्रेस को तीन में से दो सीटों में मुस्लिम बाहुल्य सीट का ख्याल रखा गया है। आंकड़े बताते हैं कि यह वोट बैंक 2019 के लोकसभा, 2020 के विधानसभा और फिर 2022 के एमसीडी चुनाव में कांग्रेस के साथ जुड़ा रहा। उत्तर-पूर्वी लोकसभा सीट पर

मुस्तफाबाद, सीलमपुर, बाबरपुर मुस्लिम बाहुल्य विधानसभा सीटे हैं।

इस संसदीय सीट पर 22 फीसदी और चांदनी चौक में 16 फीसदी से अधिक मुस्लिम वोटर हैं। सूत्रों की मानें तो उत्तर-पश्चिमी सीट को कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कहने पर लिया है। कांग्रेस को पहले पूर्वी दिल्ली सीट मिल रही थी। आप की चार सीटों पर मजबूत दावेदारी = आम आदमी पार्टी ने जो चार सीटें ली हैं, उसके पीछे अलग-अलग कारण है। नई दिल्ली संसदीय सीट पर खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का विधानसभा क्षेत्र है। दिल्ली सरकार के दो मंत्री भी इसी लोकसभा में आते हैं। इसी तरह दक्षिणी दिल्ली में कांग्रेस के पास कोई मजबूत नेता नहीं था तो आप ने यह सीट अपने पास रखी। आतिशी दक्षिणी दिल्ली कोटे से मंत्री भी हैं। इसके अलावा पूर्वी दिल्ली आप के पास है। यहां पर मनीष सिसोदिया का विधानसभा क्षेत्र के अलावा कोंडली, त्रिलोकपुरी जैसी आरक्षित सीटें भी हैं, जहां पर पार्टी मजबूत स्थिति में है।

दिल्ली में आप का कांग्रेस के साथ यह दूसरा गठबंधन है। पहला गठबंधन 2013 में हुआ था, जब आप ने कांग्रेस विधायकों के समर्थन से दिल्ली में सरकार बनाई। गठबंधन ज्यादा दिन नहीं चला और सरकार 49 दिनों में ही गिर गई। वर्ष 2019 में फिर दोनों दलों ने लोकसभा चुनाव में साथ आने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उसका नुकसान उन्हें लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ा। भाजपा को उस समय वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव की तुलना में 10 फीसदी अधिक मत मिले। आप तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बीते चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा का बेस वोट बैंक औसतन 35 फीसदी से ज्यादा रहा है। वर्ष 2022 का नगर निगम चुनाव में हारने के बाद भी पार्टी को 39 फीसदी वोट मिले, जो कि आम आदमी पार्टी से महज तीन फीसदी कम है। इसी तरह दो विधानसभा चुनाव 2015 और 2020 में भी भाजपा का 32.3 और 38.5 फीसदी वोट शेयर रहा। विधानसभा और नगर निगम के इतर लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत में हमेशा 8 से 10 फीसदी का इजाफा हुआ है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सामने एक बड़ी चुनौती कार्यकर्ताओं को साथ लाना है। राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक कहते हैं कि हमारा कार्यकर्ता देशहित में चुनाव लड़ने को तैयार है। हमें पूरी उम्मीद है कि हम मिलकर एक दूसरे की मदद करेंगे और चुनाव जीतेंगे। पार्टी नेता भले ही राजनीतिक परिस्थिति में साथ आने का हवाला दे रहे, लेकिन जमीन पर खासतौर से बूथ स्तर यह आसान नहीं होगा। वह भी तब जबकि आम आदमी पार्टी के विधायक ही उन सीटों से लोकसभा टिकट मांग रहे, जिसमें दो सीटें कांग्रेस के खाते में चली गई हैं।

फिल्म अभिनेता मनोज राजपूत पर कसा पुलिस का शिकंजा, शादी का झांसा दे कर रहा था लड़की से रेप!

दुर्ग, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में अपनी करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर पिछले 13 साल से कथित तौर पर रेप करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के एक अभिनेता को गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत के आधार पर शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। अब इस मामले में गिरफ्तार के बाद जांच की जा रही है। मनोज को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने 22 फरवरी की रात को पुराने भिलाई शहर के राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि राजपूत उसके साथ शादी करने का झांसा देकर 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला ने राजपूत पर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जब राजपूत ने पीड़िता से शादी करने से इंकार किया तब उसने पुलिस में शिकायत की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 377 और 506 तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया, क्योंकि जब वह नाबालिग थी तब से उसका कथित तौर पर शोषण किया जा रहा था। राजपूत को शुक्रवार को दुर्ग शहर में उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया गया और एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि यह कानून 2011 में लागू नहीं किया गया था।

लहसुन की रखवाली के लिए बंदूकधारी गार्ड, सीसीटीवी कैमरे

उज्जैन, एजेंसी। अब तक आपने आभूषणों की दुकानों पर या बैंक के बंदूकधारी गार्डों को रखवाली करते हुए देखा होगा। लेकिन क्या खेत में ऐसा नजारा देखा है। आपको भले ही ये सवाल थोड़ा अटपटा लगे लेकिन मध्य प्रदेश में कुछ ऐसा ही हो रहा है। वजह है यहां आसमान छू रहे लहसुन के दाम। प्रदेश में लहसुन की कीमत इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि अब किसानों को खेतों में इनकी रखवाली के लिए बंदूकधारी गार्ड और सीसीटीवी कैमरे लगाने पड़ रहे हैं।

कई किसानों ने दावा किया है कि प्रदेश में लहसुन की कीमतें रिटेल मार्केट में 400 रुपये किलो पार पहुंच गई हैं, जबकि थोक बाजारों में दर 30,000 रुपये से 35,000 रुपये प्रति क्विंटल के बीच है।

जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर, उज्जैन के चिंतामन रोड पर मंगरोला गांव में, सुरक्षा गार्ड और बंदूकधारी किसानों को फसल से भरे खेतों में घूमते देखा गया है। कई संपन्न किसानों ने सीसीटीवी लगाए हैं और मॉनिटर पर अपने खेतों की निगरानी कर रहे हैं। किसान भरत सिंह बैस ने बताया कि चोर कई किसानों की उपज ले गए हैं। इसलिए अब वह अपनी 13 बीगा जमीन की रखवाली कर रहे हैं जिस पर उन्होंने लहसुन बोया है।

बैस ने कहा, पिछले दो सालों से लहसुन की खेती में हमें भारी नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि, इस साल भाग्य हमारे साथ है। किसानों को फसल का 200 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा है. हमारी लहसुन की फसल अगले 15 दिनों में पक जाएगी इसलिए हम इस तरह से अपने खेत की रखवाली कर रहे हैं।

एकेएस कंपनी चलाने वाले भोपाल स्थित सब्जी व्यापारी मोहम्मद सलीम ने कहा उन्होंने कभी लहसुन की कीमतें इस स्तर तक पहुंचते नहीं देखीं। थोक बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाले लहसुन की कीमत 200 रुपये प्रति किलोग्राम है। सलीम ने कहा, पूरे मप्र में थोक कीमतों में हर रोज उतार-चढ़ाव हो रहा है।

जोधपुर में प्रोफेसर पर 38 छात्राओं ने सेक्सुल हरेसमेंट का आरोप लगाया, सस्पेंड

जोधपुर, एजेंसी। राजस्थान के जोधपुर में मनीराम बांगड़ मेमोरियल इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी में आर्किटेक्चर डिपार्टमेंट के एचओडी प्रोफेसर पुलकित गुप्ता पर छात्राओं ने सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। इस दौरान कॉलेज की 38 छात्राओं ने कुलपति को शिकायत दी है। शिकायत पर कुलपति अजय कुमार शर्मा ने आरोपी प्रोफेसर सस्पेंड कर दिया है। आरोपी प्रोफेसर का एक पुराना कथित चैट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान जांच कमेटी को बयान देने आई छात्राओं को प्रोफेसर ने धमकाया। आर्किटेक्चर विभाग के प्रोफेसर पुलकित गुप्ता पर एक छात्रा ने 5 दिन पहले छेड़छाड़ करने और सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाते हुए एक चिट्ठी लिखकर शिकायत की थी। इसमें छात्रा ने बताया कि प्रोफेसर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। इस मामले की जानकारी पर यूनिवर्सिटी ने जांच कमेटी गठित की। इस बीच यूनिवर्सिटी की 38 छात्राओं ने कुलपति को प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत की। जिस पर जांच कमेटी गठित कर दी गई हैं। प्रोफेसर पुलकित गुप्ता पहले भी विवादों में रह चुके हैं। इसको लेकर एक छात्रा के साथ उनका व्हाट्सएप चैट सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रोफेसर ने छात्रा को घर बुलाने, डांस फ्लोर पर आकर डांस करने सहित अभद्र मैसेज किया। इसको अलावा 2015 बैच की छात्रों ने भी प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत की है। प्रोफेसर पुलकित गुप्ता के खिलाफ छात्राओं की शिकायत पर यूनिवर्सिटी ने जांच कमेटी गठित की।

केरल के राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों की सूची राज्य सरकार को लौटाई, चुने गए प्रत्याशियों के बारे में मांगा स्पष्टीकरण

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बीच रिश्तों में खटास की एक और बानगी सामने आई है। राज्यपाल ने तीन सूचना आयुक्तों के नामों की एक सूची शनिवार को राज्य सरकार को लौटा दी। राज्यपाल ने चुने गए प्रत्याशियों के बारे में और स्पष्टीकरण मांगा है।

राज्यपाल ने सरकार की भेजी गई सूची लौटाई

मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में पूर्व कानून सचिव वी. हरि नायर के नाम को आरिफ मोहम्मद पहले ही स्वीकृति दे चुके हैं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय बचाओ अभियान समिति (एसयूसीसी) की शिकायत पर सरकार की भेजी सूची लौटाई। समिति ने सूचना आयुक्त के पद के लिए चुने गए तीन प्रत्याशियों की सूची में गंभीर विसंगतियों की तरफ संकेत किया था।

एसयूसीसी के अध्यक्ष ने ये बताया

एसयूसीसी के अध्यक्ष आरएस शशिकुमार ने बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। योग्यता की जगह राजनीतिक दलों के दावों को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों का चयन किया गया है। एक को माकपा, दूसरे को भाकपा और तीसरे को केरल कांग्रेस (एम) का समर्थन प्राप्त है।

साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में ट्रंप ने हेली को हराया

चार्ल्सटन (साउथ कैरोलाइना)। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के दावेदार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को उनके गृह राज्य साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में शनिवार को हरा दिया। साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली (52) ने प्राइमरी में हार मिलने के बाद पांच मार्च को ह्यसुपर ट्यूजडेह्व (महामंगलवार) को होने वाले चुनाव में ट्रंप का मजबूती से मुकाबला करने का संकल्प लिया। पांच मार्च को देशभर के 21 राज्यों में रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव होंगे। ह्यसुपर ट्यूजडेह्व अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते हैं। लगभग 90 प्रतिशत मतों की गिनती के बाद, हेली को 39.4 प्रतिशत वोट मिले, जबकि ट्रंप को 59.9 प्रतिशत मत मिले यानी दोनों नेताओं के मतों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। इस जीत के साथ ही ट्रंप ने लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन उम्मीदवार चुने जाने की अपनी संभावना को और प्रबल बना दिया है। ट्रंप इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा के प्राइमरी चुनाव भी जीत चुके हैं लेकिन साउथ कैरोलाइना की जीत ट्रंप के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि हेली दो बार यहां की गवर्नर रह चुकी हैं। इस जीत के साथ ही ट्रंप को सभी 29 ह्यडेलिगेटह्व (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिल गया। सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि शेष 21 ह्यडेलिगेटह्व का समर्थन कांग्रेशनल जिला परिणामों के आधार पर मिलेगा।

इजराइल-हमास युद्ध: 10 मार्च से पहले युद्धविराम व बंधकों की अदला-बदली की संभावना

तेल अवीव। मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और शिन बेट के निदेशक रोनेन बार के नेतृत्व में इजराइल का प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, कतर और मिस्र के अधिकारियों के साथ पेरिस और काहिरा में मैराथन वार्ता के बाद यरूशलेम वापस आ गया है। इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, मोसाद प्रमुख ने इजराइली युद्ध मंत्रिमंडल के सदस्यों को अनौपचारिक रूप से जानकारी दी है और कहा है कि 10 मार्च को रमजान माह शुरू होने से पहले युद्धविराम की संभावना है। इजराइल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, हमास इजराइल द्वारा रखे गए सभी सुझावों पर लगभग सहमत हो गया है, इसमें सभी बंधकों को रिहा करना भी शामिल है, जिसमें मारे गए लोगों के शव भी शामिल हैं। इजराइल ने मध्यस्थों को यह भी सूचित किया है कि यदि समझौता नहीं हुआ, तो प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में इजराइली सैनिकों के जमीनी हमले को तेज कर देंगे, जहां महिलाओं और बच्चों की एक बड़ी आबादी रहती है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इजराइली पक्ष उत्तरी गाजा से विस्थापित फिलिस्तीनियों के पुनर्वास के लिए भी सहमत हो गया है। इजरायली पक्ष का नेतृत्व डेविड बार्निया और रोनेन बार ने किया। कतर के प्रधान मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी, केंद्रीय खुफिया एजेंसी के प्रमुख विलियम बर्न्स और मिस्र के खुफिया प्रमुख अब्बास कामेल भी वार्ता में शामिल थे।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129